




# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-240 ▶ मुंबई, शनिवार, 29 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4



जीत की तलाश में गुजरात और मुंबई
पेज 11




# म्यांमार-बैंकॉक में भूकंप से तबाही

## 144 की मौत, 730 घायल

**बैंकॉक।** म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को लगे भूकंप के तेज झटकों के बाद भारी तबाही हुई। इस शक्तिशाली भूकंप में इमारतों, पुल और बांध को नुकसान हुआ है। दो सबसे अधिक प्रभावित शहरों से विचलित करने वाला मंजर सामने आया है। रिक्टर स्केल पर 7.7 तीव्रता के इस भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। म्यांमार में एक आधिकारिक बयान के तौर पर म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख ने मरने वाले लोगों की संख्या बताई। कम से कम 144 लोग मारे गए और 730 अन्य घायल हुए हैं। वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा, 'मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।'



### इंडियन एंबेसी रख रहा नजर

इंडियन एंबेसी ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर लिखा कि बैंकॉक और थाइलैंड के अन्य हिस्सों में आए शक्तिशाली भूकंप के झटकों के बाद दूतावास थाई अधिकारियों के साथ समन्वय में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। अभी तक किसी भी भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

### 90 साल पुराना पुल ध्वस्त

- म्यांमार में आए तेज भूकंप में अंग्रेजों के समय में निर्मित 90 साल से अधिक पुराना और एतिहासिक ब्रिज गिर गया है। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इस गिरे हुए पुल का वीडियो शेयर किया है। 1934 में अंग्रेजों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक स्थल पुराना सागाइंग पुल (अवा पुल) टूटा दिखाई दे रहा है और कई इमारतें भी क्षतिग्रस्त हैं।

### आपातकाल का दोनों देशों में किया ऐलान

### बैंकॉक में ट्रेन सर्विस सस्पेंड, एयरपोर्ट बंद

### हेल्पलाइन नंबर जारी

किसी भी आपात स्थिति में थाइलैंड में भारतीय नागरिकों को आपातकालीन नंबर +66 618819218 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। बैंकॉक में भारतीय दूतावास और चियांग माई में वाणिज्य दूतावास के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

### शासक जुंटा ने मांगी अंतरराष्ट्रीय सहायता

### बैंकॉक में भी महसूस हुए भूकंप के झटके

### मोदी ने भूकंप पर जताई चिंता

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को म्यांमार और थाइलैंड में भीषण भूकंप के कारण उत्पन्न स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस घड़ी में भारत दोनों देशों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

### हरसंभव मदद का ऐलान

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'म्यांमार और थाइलैंड में भूकंप के मद्देनजर पैदा हुई स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।'

### भारतीय अधिकारियों को निर्देश

- पीएम मोदी ने कहा कि इस संबंध में भारतीय अधिकारियों को तैयार रहने के लिए कहा गया है। विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाइलैंड की सरकारों के संपर्क में रहने को भी कहा गया है।

### स्टैंडबाय पर ग्लोबमास्टर विमान

- भारतीय वायुसेना का C-17 ग्लोबमास्टर विमान बैंकॉक और म्यांमार के लिए स्टैंडबाय पर रखा गया है। दोनों देशों के भूकंप पीड़ितों की सहायता के लिए उपकरण और टीम ले जाने के लिए अंतिम आदेश का इंतजार कर रहा है।

केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा

# महंगाई भत्ते में दो फीसदी की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते व महंगाई राहत (डीए व डीआर) में 2% की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को इसका एलान किया। इस संशोधन के साथ डीए और डीआर 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा। इससे कर्मचारियों के वेतन और रिटायर्ड कर्मचारियों के पेंशन में वृद्धि होगी। पिछली बार डीए में वृद्धि जुलाई 2024 में हुई थी, जब इसे 50% से बढ़ाकर 53% किया गया था। डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपए होगा। सरकार के इस फैसले से करीब 1.15 करोड़ केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। कैबिनेट के फैसले का एलान करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अतिरिक्त डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 1 जनवरी 2025 से लागू होगा और सरकार इस मद में अतिरिक्त 7716 करोड़ रुपए खर्च करेगी। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 महीने के औसत में वृद्धि के आधार पर डीए की दर तय की जाती है।

## मोदी कल नागपुर आएंगे

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर की यात्रा पर रहेंगे। पीएम यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार के स्मारक पर जाएंगे और माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के विस्तारित भवन की आधारशिला रखेंगे। महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, पीएम 30 मार्च को सुबह 9.30 बजे यहां पहुंचेंगे।



# गुजरात : स्कूल में 40 बच्चों ने काटे अपने हाथ



**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में 40 छात्रों के हाथ काटने की घटना से हड़कंप मच गया है। यह पूरी घटना मूंजियासर गांव में घटी है। सभी बच्चों ने एक साथ इस तरह अपने हाथ क्यों काटे? यह एक पहेली बन गई है। इस घटना से कई सवाल उठ रहे हैं। सरपंच ने एक साथ 40 छात्रों द्वारा हाथ काटने की घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी है। अब इस पूरे घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच कराई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए धारी के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जयवीर गढ़वी ने स्कूल का दौरा किया। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और बच्चों से पूछताछ कर घटना का सच उजागर किया। पुलिस जांच में सामने आया कि यह घटना किसी ऑनलाइन वीडियो गेम की लत से नहीं बल्कि 'ट्रूथ एंड डेयर' खेल के कारण हुई। शिक्षा और बाल संरक्षण विभाग मामले की जांच कर रहा है और बच्चों को काउंसलिंग दी जा रही है। पुलिस भी ऑनलाइन गेमिंग के एंगल से मामले की जांच कर रही है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से बच्चों के परिजन चिंतित हैं। राजपुर प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के हाथों पर भी कट के निशान देखे गए हैं। एक परिवार ने पूरे मामले की सूचना जिला शिक्षा विभाग को दी है। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर पूरे मामले की गहन जांच शुरू की गई है। शिक्षा विभाग और बाल संरक्षण विभाग द्वारा बच्चों की काउंसलिंग की गई है।

- ऑनलाइन गेमिंग की जताई आशंका
- पुलिस कई एंगल से कर रही पड़ताल
- डीसा के प्राथमिक विद्यालय की घटना

### ऑनलाइन गेमिंग पर शक


डीपीओ ने कहा है कि खेल खेलने के बहाने छात्र अपने हाथ काट रहे हैं। डीपीओ ने बताया कि बच्चों को मोबाइल फोन, ऑनलाइन गेम और हिंसक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी गई है। इस एंगल से पुलिस जांच में जुट गई है। डीसा रूलर पुलिस भी ऑनलाइन गेमिंग के संदेह में जांच कर रही है।

जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की एफआईआर की याचिका

- जस्टिस वर्मा के खिलाफ चल रही आंतरिक जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर नोटों का ढेर मिलने के मामले में दाखिल एफआईआर दर्ज करने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के वकील मैथ्यू नेदुम्पारा की याचिका पर जस्टिस अभय एस. ओक और जस्टिस उज्जल भुईयां की बेंच ने सुनवाई से इंकार करते हुए याचिका का निपटारा कर दिया। इस याचिका में मांग की गई थी कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर कैश मिलने के मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।



### रिपोर्ट के बाद सीजेआई लेंगे फैसला

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ओक ने कहा है कि इस पूरे मामले में इन हाउस इन्क्वायरी चल रही है। उसकी रिपोर्ट के बाद सीजेआई फैसला लेंगे। जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की जनहित याचिका समय से पहले ही दायर की गई है, क्योंकि आंतरिक जांच चल रही है। अगर आंतरिक जांच में उन्हें दोषी पाया जाता है तो सीजेआई के पास एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने या सरकार को उन्हें हटाने की सिफारिश करने का विकल्प होगा।

### जांच में दखल का कोई आधार नहीं



वकील मैथ्यू नेदुम्पारा ने सवाल किया कि आम आदमी सवाल पूछ रहा है कि जब पैसा मिला तो एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जांच प्रगति पर है। आज इसमें दखल देने का कोई आधार नहीं है। अभी आंतरिक जांच चल रही है। रिपोर्ट के बाद कई विकल्प हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि इस स्टेज पर ऐसी मांग पर विचार नहीं किया जा सकता।

# वडनगर में मिले नर कंकाल



**वडनगर।** गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में योग मुद्रा में मिले कंकाल का डीएनए टेस्ट किया गया। साल 2019 में 1000 साल पुराना कंकाल मिला था। वडनगर से उचित मुद्रा में नर कंकाल की खोपड़ी भी मिली थी। इन दोनों का लखनऊ के बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान में डीएनए टेस्ट कराया गया। लखनऊ के डाक्टर नीरज राय ने डीएनए टेस्ट किया है। दांत और कान की हड्डी से डीएनए टेस्ट के सैंपल लिए गए। डीएनए टेस्ट में अनोखा रहस्य सामने आया है। दूसरी खोपड़ी भी मिली, जाक 2000 साल पुरानी निकली है।

### खुदाई में बुद्ध से जुड़े अवशेष

गुजरात के वडनगर में हाल ही में एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोज हुई है, जहां खुदाई के दौरान एक नर कंकाल मिला। जो योग मुद्रा में बैठा हुआ प्रतीत होता है। खुदाई में बुद्ध से जुड़े अवशेष भी मिले हैं, जिसमें दो कमरे और चार दीवारें शामिल हैं। दीवारें एक मीटर चौड़ी और दो मीटर ऊंची हैं, जो उस समय की मजबूत संरचना का संकेत देती हैं। इस नर कंकाल की खासियत यह है कि यह योग मुद्रा में है, जो बुद्ध की ध्यान अवस्था से मिलती-जुलती है। कुछ पुरातत्वविद इसे योग मुद्रा में ली गई समाधि मान रहे हैं, जो प्राचीन भारत में योग और ध्यान की गहरी परंपरा को दर्शाता है।

# काठमांडू में राजशाही समर्थकों का उत्पात

**काठमांडू।** नेपाल के काठमांडू में शुक्रवार को राजशाही समर्थकों ने एक घर में आग लगा दी। उन्होंने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ने की कोशिश भी की, जिसके बाद नेपाल पुलिस ने समर्थकों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारों का भी इस्तेमाल किया। सीपीएन-माओवादी केंद्र के नेता पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने राजतंत्रवादी ताकतों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि वे नेपाली लोगों और राजनीतिक दलों के उदारवादी रवैये को कमजोरी न समझें। उन्होंने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को भी सलाह दी कि वे अपनी पिछली गलतियों को न दोहराएं। शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान तिनकुने इलाके में स्थिति तब बेकाबू हो गई।

# मुंबई में ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़

**मुंबई।** मुंबई में एनसीबी ने एक घर से 50 करोड़ रुपए का प्रतिबंधित पदार्थ जब्त करने के बाद महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में ड्रग्स (मेफेड्रोन) निर्माण की गुप्त प्रयोगशाला का पर्दाफाश किया है। इस पदार्थ के निर्माता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से मादक पदार्थ के एक आपूर्तिकर्ता के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत डीआरआई द्वारा पहले भी दो मामले दर्ज किए गए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह जमानत पर जेल से बाहर था और मेफेड्रोन बनाने वाले गिरोह में शामिल था। विशेष सूचना के आधार पर एनसीबी ने शनिवार को मुंबई के भांडुप इलाके में एक घर से दो लोगों को गिरफ्तार कर 46.8 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की।

यूएन की रिपोर्ट में खुलासा

# मुस्लिम देशों में बढ़ गए बाल विवाह

**जिनेवा।** मिडिल ईस्ट और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के प्रयासों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में कुवैत ने शादी की न्यूनतम उम्र को 18 साल कर दिया, बावजूद इसके इन देशों में यह समस्या और गहरी होती जा रही है। कुवैत में 2024 में 1145 नाबालिग शादियां दर्ज की गईं, जिनमें 1079 लड़कियां और 66 लड़के शामिल थे। इराक में हाल ही में पारित कानूनों ने धार्मिक अदालतों को शक्ति दी है कि वे नौ साल की उम्र की लड़कियों की शादी को मंजूरी दे सकते हैं। यमन, इराक, सीरिया, सूडान और गाजा पट्टी में आर्थिक संकट और सुरक्षा चिंताओं के कारण परिवार अपनी बेटियों की जल्दी शादी कर रहे हैं। गाजा में हाल के संघर्षों के बाद बाल विवाह की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। ऑक्सफॉम और यूनिसेफ के अनुसार15 से 19 साल की शादीशुदा लड़कियों में से 70% किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार होती हैं। कम उम्र में गर्भधारण से जटिलताओं और मातृ मृत्यु दर बढ़ जाती है। इसके अलावा, शादी के बाद लड़कियों की शिक्षा बाधित हो जाती है, जिससे उनके जीवन में आर्थिक और सामाजिक अवसर सीमित हो जाते हैं।



- 40 मिलियन लड़कियां 18 से कम उम्र में शादीशुदा
- यमन, इराक, सीरिया, सूडान, गाजा में गंभीर समस्या

## न्यूज BRIEF

### कैबिनेट की बिहार को सौगात

**नई दिल्ली।** कैबिनेट ने बिहार की कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने को भी मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को मार्च 2029 तक पूरा करने के लिए बिहार को 3652.56 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता को भी मंजूरी दे दी है।

### पादरी बजिंदर सिंह दोषी करार

**मोहाली।** मोहाली जिला न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में पादरी बजिंदर सिंह को लगभग आठ साल पुराने बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया है। इस मामले में कोर्ट एक अप्रेल को अपना फैसला सुनाएगी। इस बीच कोर्ट के फैसले के बाद पुलिस ने आरोपी पादरी बजिंदर सिंह को न्यायिक हिरासत में ले लिया है।




### असम : डिब्रूगढ़ से हटा अफस्पा

**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ जिले से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम यानी 'अफस्पा' को हटा लिया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता सरमा ने बताया है कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से डिब्रूगढ़ से अशांत क्षेत्र का टैग हटाने का अनुरोध किया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।










# अप्रेल से मध्य रेलवे की 332 विशेष ट्रेन सेवा

## ▶▶ ग्रीष्मकालीन छुट्टियां शुरू और यात्रियों की बढ़ती संख्या

## ▶▶ अप्रेल से जुलाई तक चलेंगी मध्य रेलवे की ट्रेन सेवाएं

**मुंबई।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियां शुरू होने और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, मध्य रेल ने यात्रियों की अतिरिक्त मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई-नागपुर/कर्माली/तिरुवनंतपुरम, पुणे-नागपुर और दौंड-कलबुरगि के बीच 332 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। विवरण इस प्रकार है।

**1. सीएसएमटी-नागपुर-सीएसएमटी द्वि-साप्ताहिक विशेष (50 सेवा)**

ट्रेन संख्या 02139 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 06 अप्रेल से 29 जून तक प्रत्येक मंगलवार और रविवार को सीएसएमटी से 00.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 15.30 बजे नागपुर पहुँचेगी। (25 सेवाएं) ट्रेन संख्या 02140 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 06 अप्रेल से 29 जून तक प्रत्येक मंगलवार और रविवार को 20.00 बजे नागपुर से रवाना होगी और अगले दिन 13.30 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी (25 सेवाएं)

**2. सीएसएमटी-करमाली-सीएसएमटी साप्ताहिक विशेष (18 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01151 साप्ताहिक विशेष 10 अप्रेल से 05 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 00.20 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और उसी दिन 13.30 बजे करमाली पहुंचेगी (9 सेवाएं)। ट्रेन संख्या 01152 साप्ताहिक विशेष 10 अप्रेलसे 05 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 14.15 बजे करमाली से रवाना होगी और अगले दिन 03.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी (9 सेवाएं)।

**3. एलटीटी- करमाली-एलटीटी साप्ताहिक विशेष (18 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01129 साप्ताहिक विशेष 10 अप्रेल से पांच जून तक प्रत्येक गुरुवार को एलटीटी से 22.15 बजे रवाना होगी और अगले दिन 12.00 बजे करमाली पहुंचेगी (9 सेवाएं)। ट्रेन संख्या 01130 साप्ताहिक विशेष 11 अप्रेल से 06 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को 14.30 बजे करमाली से रवाना होगी और अगले दिन चार मई बजे एलटीटी पहुंचेगी (9 सेवाएं)।

**4.एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ -एलटीटी साप्ताहिक विशेष -(18 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01063 साप्ताहिक विशेष 03 अप्रेल से 29 मई तक प्रत्येक गुरुवार को 16.00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और अगले दिन 22.45 बजे तिरुवनंतपुरम नॉर्थ पहुंचेगी। (9 सेवाएं)। ट्रेन संख्या 01064 साप्ताहिक विशेष 05 अप्रेल से 31 मई तक प्रत्येक शनिवार को 16.20 बजे तिरुवनंतपुरम नॉर्थ से रवाना होगी और तीसरे दिन 00.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। (9 सेवाएं)। मई

**5. पुणे-नागपुर-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी विशेष (24 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01469 एसी साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष 08अप्रेलसे 24जून तक प्रत्येक मंगलवार को 15.50 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 06.30 बजे नागपुर पहुंचेगी (12 सेवाएं)। ट्रेन संख्या 01470 एसी साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष 09 अप्रेल से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को 08.00 बजे नागपुर से रवाना होगी और उसी दिन 23.30 बजे पुणे पहुंचेगी (12 सेवाएं)।

**6. पुणे-नागपुर-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (24 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01467 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष 09 अप्रेल से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को 15.50 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 06.30 बजे नागपुर पहुंचेगी (12 सेवाएं)। ट्रेन संख्या 01468 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष 10 अप्रेल से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 08.00 बजे नागपुर से रवाना होगी और उसी दिन 23.30 बजे पुणे पहुंचेगी (12 सेवाएं)।

**7) दौंड-कलबुरगि अनारक्षित विशेष - सप्ताह में 5 दिन (128 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01421 अनारक्षित विशेष 05 अप्रेल से 02 जुलाई तक सप्ताह में 5 दिन (गुरुवार और रविवार को छोड़कर) दौंड से सुबह 05.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 11.20 बजे कलबुरगि पहुंचेगी। (64 सेवाएं)। ट्रेन संख्या 01422 अनारक्षित विशेष 05 अप्रेल से 02 जुलाई तक सप्ताह में 5 दिन (गुरुवार और रविवार को छोड़कर) कलबुरगि से दोपहर 16.10 बजे रवाना होगी और उसी दिन 22.20 बजे दौंड पहुंचेगी। (64 सेवाएं)

**8) दौंड-कलबुरगि अनारक्षित विशेष-द्वि-साप्ताहिक (52 सेवा)**

ट्रेन संख्या 01425 अनारक्षित विशेष 03 अप्रेल से 29 जून तक प्रत्येक गुरुवार और रविवार को 05.00 बजे दौंड से रवाना होगी और उसी दिन 11.20 बजे कलबुरगि पहुंचेगी। (26 सेवाएं)। ट्रेन संख्या 01426 अनारक्षित विशेष 03 अप्रेल से 29 जून तक प्रत्येक गुरुवार और रविवार को 20.30 बजे कलबुरगि से रवाना होगी और अगले दिन 02.30 बजे दौंड पहुंचेगी। (26 सेवाएं)।




आईपीएल प्रशंसकों को पश्चिम रेलवे का तोहफा!

# वानखेड़े नॉर्थ एफओबी दर्शकों के लिए खुला





**▶▶ 6.30 मीटर चौड़ाई के 48 मीटर लंबा ब्रिज**

**▶▶ एफओबी की लागत 6.50 करोड़**

**▶▶ रेलवे सात को सौंपेगी एमसीए को**

**▶▶ एफओबी का निर्माण आठ माह में पूरा**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने वानखेड़े नॉर्थ फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण कर उसे सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया है, जिससे प्रसिद्ध वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैचों से पहले क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा सुनिश्चित हो गई है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से आवश्यक धनराशि प्राप्त करने के बाद एफओबी का पुनर्निर्माण केवल आठ महीनों में पूरा किया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, नवनिर्मित एफओबी अब दो सीढ़ियों के साथ चालू है। एक पूर्व दिशा में उत्तरमुखी और दूसरी पश्चिम दिशा में उत्तरमुखी। इससे पैदल यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। खासकर आगामी आईपीएल मैचों के दौरान। 6.30 मीटर चौड़ाई के 48 मीटर लंबे एफओबी का पुनर्निर्माण 6.50 करोड़ की लागत से किया गया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व और पश्चिम दिशा की दो अन्य सीढ़ियाँ (दक्षिण की ओर) सात अप्रेल तक एमसीए को सौंप दी जाएंगी। सुरक्षा और दृश्यता बढ़ाने के लिए एमसीए द्वारा प्रकाश व्यवस्था और निगरानी कैमरे लगाए गए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई द्वारा किए गए संरक्षा ऑडिट के बाद जून 2020 में मूल एफओबी को बंद कर दिया गया था। इस महत्वपूर्ण पैदल यात्री संपर्क को बहाल करने की आवश्यकता को समझते हुए, पश्चिम रेलवे ने इसे पूरा करने के लिए समर्पित प्रयासों के साथ पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू की। पश्चिम रेलवे समय पर बुनियादी ढांचे में सुधार के माध्यम से यात्री संरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस एफओबी के फिर से खुलने से क्रिकेट प्रेमियों और यात्रियों को समान रूप से लाभ मिलने की उम्मीद है।

# आज रात से बंद रहेगा पीआरएस

**मुंबई।** मुंबई पीआरएस डिस्क डीफ्रेग्मेंटेशन कार्य के लिए 29 मार्च को 23.45 बजे से 30 मार्च को 03.45 बजे तक बंद रहेगा। उक्त शटडाउन के कारण, उपरोक्त अवधि के दौरान निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। विवरण इस प्रकार है। यात्री आरक्षण प्रणाली,कोचिंग रिफंड, चार्टिंग गतिविधियां, ट्रेन फायरिंग, आईवीआरएस, वर्तमान आरक्षण (करेंट रेज़र्वैशन),चार्ट डिस्प्ले,टच स्क्रीन, रिफंड काउंटर और कोचिंग रिफंड टर्मिनल। हालाँकि, मौजूदा रिफंड नियमों के अनुसार रिफंड के लिए टीडीआर जारी किया जाएगा। मुंबई पीआरएस ट्रेनों के लिए इंटरनेट बुकिंग उपर्युक्त अवधि के दौरान उपलब्ध नहीं होगी।

# परिवर्तित मार्ग से चलेगी रोहिल्ला सुपरफास्ट ट्रेन

**जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में इंजिनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिये जाने के कारण पश्चिम रेलवे भावनगर मंडल की ट्रेन नंबर 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस 31 मई को परिवर्तित मार्ग से होकर चलेगी। भावनगर डीविजन के सीनियर डीसीएम माशूक अहमद के अनुसार ट्रेन नंबर 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-रेवाड़ी की बजाय परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रिंगस-रेवाड़ी होकर चलेगी।

उल्लेखनीय है कि यात्रियों की सुविधा हेतु मार्ग परिवर्तन के दौरान 31 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट के लिए नारनौल, नीम का थाना, श्री माधोपुर एवं रिंगस जं. स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 02/2025 दिनांक 25.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मंडल सामग्री प्रबन्धक, उ.म.रे., प्रयागराज** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

**विवरण:** ड्राइवर सीट की पूरी असेंबली सी.एल.डब्ल्यू ड्राइंग नंबर 1211-01.131-001 या नवीनतम के अनुसार सीट पूर्ण संयोजन, हैवी ड्यूटी मैकेनिकल सस्पेंशन, ऊंचाई समायोजन, वजन समायोजन, रिक्लाइनिंग बैक सपोर्ट, फ्रंट और बैक सीट समायोजन, 3-फेज लोकोमोटिव (डब्ल्यूएपी-7/डब्ल्यूएजी-9) के लिए उपर्युक्त 360 डिग्री रोटेशन सुविधा के साथ।

| निविदा संख्या | मात्रा | ई.म.डी. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 19246734A | 242 नग | ₹2,83,140/- | 24.04.2025 |

**नोटः-** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित/फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट http://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

543/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** JHS-N-GSU-03-25 **दिनांक:** 25.03.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य सिगनल व दूरसंचार अभियंता (गति शक्ति यूनिट) उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** इ आई अल्टरेशन वर्क इन कनेक्शन विथ प्रोविजन आफ एडिशनल लूप लाइन एट सांक गुड्स शेड एंड भिंड गुड्स शेड इन झाँसी डिवीज़न ऑफ़ एनसीआर

**कार्य लागत लगभग:** ₹ 18461211.00 | **धरोहर राशि:** ₹ 242300.00

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil | **निविदा खुलने की तिथि: 17.04.2025 Time 15:00**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 17.04.2025** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** **(JHANSI DIVISION-GATI SHAKTI, NORTH CENTRAL RLY)** पर देखें।

539/25 (A)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग चर्चगेट, मुंबई-400020**

**जेम निविदा संख्या :** GEM/2025/B/6095069

**निविदा समाप्ति तिथि :** 11.04.2025, समय— 11:00 बजे

**शीर्षक:** मैनपावर आउटसोर्सिंग सेवाएँ— निर्धारित पारिश्रमिक

निविदा और निविदा दस्तावेजों का विवरण, GeM वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध है ।

यदि कोई शुद्धिपत्र हो तो उसे केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई निविदा सूचना संख्या: झांसी/एच/एस 2/एल.पी./मेड/स्टोर/2024-25/2** **दिनांक : 24.03.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर मध्य रेलवे/झांसी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2017/H/4/1/**LOCAL PURCHASE** (E-3236402), दिनांक 31.07.2023 के अनुसार, मंडल रेलवे अस्पताल झांसी के लिए दैनिक स्थानीय खरीद के लिए दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं और उपभोग्य सामग्रियों की खुदरा आपूर्ति के लिए पैनल/पंजीकरण के लिए पात्र फर्मों से आवेदन आमंत्रित करते हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निम्न लिखित निर्धारित कार्यों के लिए ई-निविदाए निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **14.04.2025** को समय प्रातः **10:30** तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आईआरईपीएस पर ई-टेंडर के माध्यम से होगी।

**निविदा संख्या :** जेएचएस-2024-रिटेल-एल पी 10 (JHS-2024-RETAIL-LP10)

**कार्य का नाम :** मण्डल रेल चिकित्सालय झांसी में दिन प्रतिदिन के आधार पर औषधियों, सर्जिकल सामग्री, लैब रीजेंट एवं एक्स रे फिल्म इत्यादि की आपूर्ती हेतु

**अनुमानित राशि :** 2 करोड़ 52 लाख 90 हजार (1 करोड़ 26 लाख 45 हजार प्रति वर्ष)

**कार्य समापन की अवधि :** 24 माह

**निविदा बंद की तिथि :** 14.04.2025 को समय प्रातः 10.30

**नोटः 1:** उपरोक्त सभी ई-निविदाए का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) दिनांक **25.03.2025** से वेबसाईट **www.ireps.com** पर टेन्डर खुलने की तिथि **14.04.2025** को समय प्रातः **10:30** तक उपलब्ध है। **2:** उपरोक्त निविदा मे ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप मे बिड स्वीकार नहीं की जाएगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों/बिडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आईटी अधिनियम 2000 के तहत सीसीए द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाईट पर खुद को पंजीकृत कराना आवश्यक है। **3:** निविदा की दरें केवल वित्तीय दर प्रष्ट (**financial Rate page**) पर तथा डिजिटल हस्ताक्षरित ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म अथवा लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जाएगा। **4:** संलग्न किए जाने वाले सभी प्रपत्र निविदा कर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **5:** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेल वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in.** और **http://www.tenders.gov.in.** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **6:** ई-निविदा हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर की राशि ई-भुगतान/नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जाएगी। **7:** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए IREPS वेबसाईट की हेल्प लाइन से संपर्क किया जा सकता है। **8:** ऑनलाइन निविदा, निविदादाताओ द्वारा निविदा खुलने के तिथि **14.04.2025** को समय प्रातः **10:30** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **9:** फर्म इंडेंटेड वस्तुओं की आपूर्ति क्रेडिट आधार पर करेगी। **10:** सभी दस्तावेज़ मालिक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित/सत्यापित होने चाहिए।

545/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



मुख्य कार्यालय, विरार
विरार (पुर्व)
ता. वसई जि. पालघर - 401 305

दुरध्वनी : 0250 - 2525101/02/03/04/05/06
फॅक्स : 0250 - 2525107
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./शअ/572/2025
दिनांक 28/03/2025

**जाहिर ई - निविदा सुचना क्र . 53 करीता मुदतवाढ**

वसई विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील सार्व . बांधकाम विभागाने दि . 21/03/2025 रोजी 5 कामांची ई - निविदा सुचना ( ( https://Mahatenders.gov.in ) या अधिकृत संकेतस्थळावर जा.क्र.वविशम / बांध / शअ / 517 / 24-25 दि . 19 / 03 / 2025 अन्वये प्रसिध्द करुन दि . 21/03/2025 ते दि . 28/03/2025 रोजी दु . 3.00 वाजेपर्यत ऑनलाईन मागविण्यात आल्या होत्या . सदर 5 कामांकरीता खालील प्रमाणे मुदतवाढ देण्यात येत आहे .

मुदतवाढीचा तपशील खालीलप्रमाणे .

1. ऑनलाईन ई - निवदा स्विकृतीची अंतीम दिनांक : - दि .02 / 04 / 2025 दु . 3.00 वाजेपर्यत
2. ऑनलाईन ई- निविदा उघडण्याची दिनांक : - दि . 04/04/2025 दु . 3.00 वाजेपर्यत

सही/-
(प्रदीप पाचंगे)
प्र. शहर अभियंता
वसई-विरार शहर महानगरपालिका



## कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद

नगरपरिषद दुबे रुग्णालय ईमारत, पहिला मजला, आदर्श विद्यामंदिर रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व) कुळगांव, पिन-421503, ता. अंबरनाथ जि. ठाणे. ईमेल :- coud.kulgaonbadlapur@maharashtra.gov.in. वेबसाईट :- http://kbmc.gov.in

जा.क्र. कुबनप/मिळकत विभाग/162/2024-25 दि. 28/03/2025

**ई - निविदा सुचना 02 / 2024-25**

कुळगाव बदलापूर नगरपरिषद मालकीचा स.नं. 15 हि . स . 1 वरील आरक्षण क्र . 24 ( राऊत आर्केट ) मधील 16 वाणिज्य गाळे आणि ऑफिस , मौजे कात्रप भाडेपट्ट्याने देणे कामी पात्र व्यक्ती , व्यावसायिक , एजन्सी , संस्था यांचेकडून शासकीय बोली रकमेवर जास्तीत जास्त रक्कमेची जाहिर ई निविदा मागविण्यात येत आहे . सदर ई- निविदा सूचना नगरपरिषदेच्या नोटीस बोर्डावर व www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि . 01/04/2025 सकाळी 11:00 ते दि . 16/04/2025 दुपारी 2:00 पर्यत राहील . दि . 17/04/2025 रोजी सायंकाळी 4:00 वाजता अथवा अन्य सोईच्या दिवशी सदर ई निविदा उघडण्यात येईल . प्राप्त निविदांपैकी कोणातीही एक निविदा स्वीकारण्याचा अथवा कारणाशिवाय सर्व निविदा नाकारण्याचा तसेच नियम व अटी - शर्ती मध्ये बदल करण्याचा अधिकार मुख्याधिकारी , कुळगाव बदलापूर नगर परिषद यांनी राखून ठेवला आहे . तसेच लिलावाच्या संबधित अधिक माहिती आणि अटीशर्ती बावत माहिती करीता मिळकत विभागात तसेच www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
मुख्याधिकारी
कुळगांव बदलापुर नगरपरिषद
कुळगांव


# मध्य रेलवे : मेगा ब्लॉक कल



**मुंबई।** मध्य रेल, मुंबई मंडल अपने उपनगरीय खंडों पर 30 मार्च को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार है। ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक। मुलुंड से सुबह 10.43 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो/सेमी फास्ट सेवाएं मुलुंड और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो ठाणे, कलवा, मुंब्रा, दिवा और डोंबिवली स्टेशनों पर रुकेंगी और निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 10.36 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप स्लो/सेमी फास्ट सेवाएं कल्याण और मुलुंड स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो डोंबिवली, दिवा, मुंब्रा, कलवा और ठाणे स्टेशनों पर रुकेंगी और मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर फिर से डायवर्ट की जाएंगी और अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से पहुंचेंगी।

ठाणे लोकल डाउन स्लो लाइन पर चलेंगी

सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान/पहुंचने वाली सभी अप और डाउन स्लो सेवाएं निर्धारित समय से 10 मिनट देरी से पहुंचेंगी/प्रस्थान करेंगी। *कुर्ला और वाशी स्टेशनों के बीच अप और डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक* सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.34 बजे से दोपहर 3.36 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए प्रस्थान करने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं और पनवेल/बेलापुर/वाशी से सुबह 10.16 बजे से दोपहर 3.47 बजे तक सीएसएमटी मुंबई की ओर जाने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई-कुर्ला और पनवेल-वाशी सेक्शन पर विशेष उपनगरीय ट्रेनें चलेंगी। हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच यात्रा करने की अनुमति है।

डीआरएम कार्यालय अहमदाबाद

# वार्षिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय अहमदाबाद में 27 और 28 मार्च को वार्षिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करना और उन्हें आवश्यक परामर्श तथा चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना था। इसके साथ ही, क्षय रोग (टीबी) पर एक शैक्षिक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों को इस गंभीर बीमारी के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में 175 रेल कर्मचारियों की विस्तृत जांच की गई। डाक्टर ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह और अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस शिविर में उच्च रक्तचाप के आठ एवं मधुमेह के तीन नए केस रजिस्टर किए गए तथा 15 रेलकर्मियों की ईसीजी की गई। इस दौरान विशेष रूप से मधुमेह एवं हृदय संबंधी रोगों से बचाव के लिए सही खानपान, नियमित व्यायाम और दवाओं के सही उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा, कर्मचारियों को आवश्यक दवाइयों और भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के सुझाव भी प्रदान किए गए। यह स्वास्थ्य जांच शिविर सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी (एडीएमओ) डा. अर्थ और हेल्थ यूनिट अहमदाबाद के कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।


## पुणे महानगरपालिका

निविदा प्रकिया कक्ष पथ विभाग
निविदा जाहिरात-नविन कामे

जाहिरात क्र. 2/1715 दि. 28.03.2025

विक्री कालावधी दिनांक : 01-04-2025 09:00 सकाळी ते 15-04-2025 02:30 दुपारी पर्यंत

स्वीकृती दिनांक :- 01-04-2025 09:00 सकाळी ते 15-04-2025 02:30 दुपारी पर्यंत तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक : 16-04-2025 03:00 दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किमंत रु. | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम रु | बयाणा रक्कम रु | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC / ROAD/2024/424 | पथ | वारजे येथील वारजे स्मशानभूमी ते डुक्करखिंड दरम्यान नॅशनल हायवेच्या अखत्यारीत असलेले वारजे चर्च ते कावेरी हॉटेल पर्यंत 200 मी.व सुवर्णा हॉटेल ते नवग्रह हनुमान मंदिर चौकापर्यंत 450 मी . लांबीची सुमारे 6 मी . सर्विस रस्ते पूर्ण मंदीने विकसित करणे . | रु 11979/- | रु 35151243/- | 175756/- | 12 | पियुष बोंडे 8380008572 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरून फक्त ऑनलाईन पद्धतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पधतीने मागविण्यात येत आहेत.

(ब) निविदा प्रक्रियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.

क.) ऑनलाईन निविदा प्रकिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न.पा. येथे मिळेल.

ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) / 32 दिनाक 22/04/2016 नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./ आर.टी.जी.एस./एन.एफ.टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

सही/-
Hritik Ganpat Talape
टेंडर लिपिक
पथ
पुणे महानगरपालिका

सही/-
Lalit Madhukar Bendre
कार्यकारी अभियंता
पथ
पुणे महानगरपालिका


# वसई-विरार मनपा क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर खराबी से जलापूर्ति बाधित

### प्रतिदिन हो रही 200 मिलीयन लीटर जल आपूर्ति

**विरार।** वसई-विरार शहर मनपा को सुर्या चरण-1 एवं 3 इस योजना से 200 मिलीयन लीटर प्रतिदिन जल आपूर्ति हो रही है, तथा 15 नंवबर 2023 से मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की सुर्या 403 मि.ली. जलापूर्ति योजना से 140 मि.ली. प्रतिदिन जल आपूर्ति प्राप्त हो रही है। एमएमआरडीए की जलापूर्ति योजना में कवडास पंपिंग स्टेशन और सुर्या नगर जलशुद्धिकरण केंद्र (कासा विक्रमगड) को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) द्वारा विद्युत आपूर्ति की जाती है। मंगलवार, 25 मार्च को सायं छह बजे इस योजना को विद्युत आपूर्ति करने वाला ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने के कारण योजना की विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित हो गई है। परिणामस्वरूप एमएमआरडीए के माध्यम से सुर्या बांध से होने वाली 140 मि.ली. जल आपूर्ति पूर्णतः बंद हो गई है। एमएमआरडीए द्वारा सूचित किया गया है कि इस योजना की विद्युत आपूर्ति सुचारु होने के लिए अनुमानित 3 से 4 दिनों का समय लग सकता है। साथ ही इस दौरान इस योजना से जल आपूर्ति पूरी तरह से बंद ही रहेगी। उक्त ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत/बदलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मनपा की सुर्या बांध की नई एवं पुरानी योजना से प्राप्त कुल 200 मि.ली. जल आपूर्ति सुचारु रूप से चालू है, अतः मनपा क्षेत्र को होने वाली जल आपूर्ति अपर्याप्त एवं कम दबाव वाली होगी, इसलिए नागरिकों से अपील की जाती है कि वे उपलब्ध जल का संयमपूर्वक उपयोग करें और मनपा को सहयोग प्रदान करें।

नागपुर हिंसा

# पुलिस के खौफ से 'बांग्लादेशी' फरार

▶▶ मुंबई में एक बांग्लादेशी गिरफ्तार
▶▶ महाराष्ट्र में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद से शहर में छिपकर रह रहे अवैध बांग्लादेशियों में पुलिसिया कार्रवाई का खौफ छाया हुआ है। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए नागपुर से कई अवैध बांग्लादेशी फरार हो गए हैं। एक नागपुर से पुणे के रास्ते मुंबई पहुंचे एक बांग्लादेशी को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है और उसके नागपुर कनेक्शन की जांच की जा रही है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने भी बताया है कि नागपुर में छिपे कई अवैध बांग्लादेशी शहर से निकलकर अलग-अलग जगहों की तरफ निकल गए हैं।



### ▶▶ पहचान छिपा रह रहे शहर में

क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया है कि नागपुर में हुई हिंसा के बाद शहर में छिपकर रहने वाले कई बांग्लादेशी वहां से निकालकर अलग-अलग रास्तों पर गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के अलावा भी कई बांग्लादेशी अपनी पहचान छिपाकर नागपुर में रह रहे हैं, और इसकी जांच की जा रही है।

### ▶▶ लगातार पकड़े जा रहे अवैध बांग्लादेशी

असम से लेकर दिल्ली तक, और यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक अवैध बांग्लादेशी लगातार पकड़े जा रहे हैं। असम में तो अवैध बांग्लादेशी सुरक्षाबलों के हत्थे लगातार चढ़ रहे हैं। वहीं, दिल्ली में हाल ही में पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 8 बांग्लादेशी नागरिकों और उनके भारतीय साथियों को गिरफ्तार किया है।

### एक अवैध बांग्लादेशी दादर में गिरफ्तार

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में दादर से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि क्या वह 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा में शामिल था। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि 29 साल के अजीजुल निजानुल रहमान नाम के शख्स को क्राइम ब्रांच की यूनिट 2 ने बुधवार को हिरासत में लिया और बाद में उसे 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।


### फर्जी दस्तावेजों के सहारे बनवाया आधार

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि वह हिंसा के समय नागपुर में था। उन्होंने बताया कि रहमान नागपुर के हसनबाग का रहने वाला है और हाल ही में दादर आया था। अधिकारी ने बताया कि दिहाड़ी मजदूर रहमान ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड प्राप्त करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा, हम जांच के तहत उसके मोबाइल फोन टावर लोकेशन का विश्लेषण कर रहे हैं। हमने उसकी गिरफ्तारी के बारे में नागपुर में अपने समकक्षों के साथ भी जानकारी साझा की है।'

# मुंबा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र 30 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री मुंबादेवी मंदिर विशवस्त निधि के संयोजन मे मुंबादेवी मंदिर मे चैत्र नवरात्र उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 450 साल से अधिक प्राचीन मंदिर मे आठ दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। साथ ही विश्व कल्याण के लिए श्री नवचंडी महायज्ञ किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक हेमंत जाधव के अनुसार भक्तो की संभावित भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धांलुओं को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाए गए है और जमीन पर कालीन बिछाये गए है। श्री मुंबादेवी व्यापारी एसोसिएशन के महामंत्री ओमप्रकाश मिश्र एवं उनकी टीम, स्थानीय पुलिस और दो सौ स्वयं सेवक सुरक्षा संभालेंगे। गुढ़ी पाड़वा-चैत्र नवरात्र उत्सव की शुरुआत 30 मार्च रविवार सुबह 9.20 बजे घट स्थापना के साथ होंगी। बुधवार दो अप्रेल को पंचमी दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा जबकि राम नवमी पर रविवार 6 अप्रेल को सुबह 10.30 बजे से नव चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति प्रारम्भ होंगी। अनुष्ठानों की इस कड़ी मे 10 अप्रेल को महावीर जयंती मनाई जाएगी। जबकि चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जयंती मनाई जाएगी और मासिक नवचंडी यज्ञ किया जाएगा।



सम्मान समारोह दुबई में संपन्न

# किशन माली को 'वरणी रत्न' सम्मान

सुरेश राजपुरोहित/ टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** देश की मशहूर मोबाइल ऐसेसरीज ब्रांड वरणी का सम्मान समारोह 'वरणी रत्न' दुबई में इंटरकॉन्टिनेन्टल होटल में संपन्न हुआ. इस अवसर पर समारोह में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी एवं समाजसेविका अमृता फडणवीस, फैशन डिजाइनर रुमादेवी, डा.रशिद अलामेरी,अहमद जैद ने भाग लेकर समारोह की शोभा बढ़ाई. इस अवसर पर वरणी ब्रांड के फाउंडर एवं डायरेक्टर किशन माली ने पधारे हुए सभी अतिथियों का सम्मान सत्कार किया. अमृता फडणवीस एवं रुमादेवी ने वरणी ब्रांड के प्रोडक्ट की बेस्ट क्वॉलिटी एवं बेहतर टीम वर्क की खूब सराहना की और कहा कि जीवन हो या व्यापार सभी को साथ में लेकर चलना और समय के साथ बदलना ही हमें सफल बनाता है. वरणी ब्रांड के डायरेक्टर किशन माली ने कहा कि हमारा एक ही विजन है कि हम देश के व्यापारी भाइयों और ग्राहकों की सेवा कर सके। व्यापार करना अपने आप में सबसे बड़ी सेवा है। हम मानते है कि हमारे साथ जुड़े हुए सभी लोग हमारा परिवार है हम व्यापार के जरिए देश की सेवा करते रहेंगे।



सम्मान समारोह में वरणी ब्रांड के कुछ और नए मोबाइल ऐसेसरीज प्रोडक्ट की सीरीज भी लॉन्च की गई. पिछले कई वर्षों से वरणी ब्रांड के साथ जुड़े हुए युवाओं का सम्मान किया गया उनको वरणी रत्न से सम्मानित किया गया. उपस्थित सभी वरणी ब्रांड से जुड़े व्यापारी बंधु, ग्राहक, कंपनी मेम्बरों ने समारोह में उपस्थित होकर खूब प्रसन्नता व्यक्त की. समारोह के समापन के अवसर पर वरणी ब्रांड की ओर से सभी अतिथियों और साथ निभाने वाले सहयोगी बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।



# भारत जैन महामंडल के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल का किया अभिनंदन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत जैन महामंडल के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.सी. डांगी के नेतृत्व में 28 मार्च को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भेंट की। इस अवसर पर भारत जैन मंडल ने राज्यपाल को राजस्थानी साफा, शॉल, माला तथा मोमेंटो से सम्मानित कर अभिनंदन किया। उन्हें मंडल से प्रसारित 'जैन जगत' पत्रिकाएं भेंट की। उन्हें श्रमण भगवान महावीर स्वामी जनम कल्याणक महोत्सव कार्यक्रम तथा मंडल के इतिहास की विस्तार से जानकारी दी गई। राज्यपाल ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर महामंडल के कोषाध्यक्ष मनोहर पारख, मंत्री पंकज झामर एवं आशीष डांगी उपस्थित थे। मंडल के संयुक्त महामंत्री अनिल खिंवसरा किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके।

राजस्थान विकास मंच महाराष्ट्र

# राजस्थान दिवस समारोह कल

- प्रतिभाएं होंगी सम्मानित
- राजस्थान दिवस की तैयारियां पूरी

दिनेश चन्द्र रावल/जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** महाराष्ट्र की पुण्य नगरी ठाणे में म्हारो रंगीलो राजस्थान की छटा बिखेरता वीरता की गाथा और जौहर की याद दिलाता राजस्थान दिवस 30 मार्च को एक महोत्सव के रूप में मनाने जा रहा है। राजस्थान विकास मंच इस कार्यक्रम की पूरी रूप रेखा व तैयारियां अंतिम चरण तक पूरी हो चुकी है। राजस्थानी समाज तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई थी जिसमें मीडिया को जानकारी देते हुए राजस्थान विकास मंच के अध्यक्ष कपूर रामावत ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इस आयोजन में विभिन्न प्रतिभाओं को राजस्थान विकास मंच के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। जैसे इस कार्यक्रम में राजस्थान के गौरव प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान देने वाले आईएएस अधिकारी भूषण गगरानी, इंदुरानी जाखड़ , निधि चौधरी सत्यनारायण चौधरी एवं राष्ट्रपति के द्वारा वीरता पुरस्कार प्राप्त आर. नितिन को सम्मानित किया जाएगा एवं सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले शांतिलाल पोखरना (प्रबंध निदेशक रेमंड कंपनी)थाने महाराष्ट्र मुंबई हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक गौतम भंसाली समाजसेवक मनोज जैन प्रबंधक टिप टॉप होटल राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री सम्मानित अली मोहम्मद एवं गनी मोहम्मद, सीए जसराम चौधरी देवीलाल पुरोहित, सरिता राठौर अंजना कोठारी कलाकार पिया चौहान रामानुज भट्टर कुमारी यशी मेहता एवं राकेश जैन को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजित राजस्थान दिवस समारोह 30 मार्च की तैयारी के पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान विकास मंच के द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में सर्व राजस्थानी समाज 36 कॉम को आमंत्रित किया गया है और इस कार्यक्रम को सभी राजस्थानी समाज के साथ मिलकर बहुत ही भव्य और विशाल रूप से मनाने का आह्वान किया है। इस बार राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक संगीत के साथ कार्यक्रम पेश किया जाएगा। 30 मार्च को शाम 5:00 बजे से यह कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। राजस्थान विकास मंच के द्वारा शानदार आयोजन किया जा रहा है।



# सुड़ा परगना राजपुरोहित समाज का स्नेहमिलन 6 को

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** सुड़ा परगना राजपुरोहित समाज का हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली स्नेह मिलन समारोह काशीमीरा स्थित श्रीं खेतेश्वर आश्रम मे मनाया जाएगा। स्नेह मिलन समारोह को लेकर तैयारिया जोर शोर से चल रही है। यह स्नेह मिलन समारोह 6 अप्रेल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है. जिसमे सुड़ा परगना के कई समाज बंधु उपस्थित रहेंगे। स्नेह मिलन मे सुबह से ही पुरुषो के साथ महिलाए व बच्चे भी भाग लेते है जो पुरे दिन भजन कीर्तन व राजस्थानी गैर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस स्नेह मिलन सम्मेलन के लाभार्थी श्रीमती ओटीदेवी धर्मपत्नी स्वःकपुराजी राजपुरोहित, मामावली परिवार है। सुड़ा परगना राजपुरोहित के सम्मेलन मे पूना,सूरत, अहमदाबाद, वापी समेत महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से समाज बंधु भाग लेंगे। सम्मेलन के लाभार्थी इंद्रजीत पुरोहित मामावली ने बताया की इस विशेष अवसर पर हमारे सुड़ा परगना राजपुरोहित समाज के सात गांव जिसमे मामावली, धानता,वेलांगरी,सिलोईया,सिन्दरथ,सरतरा व पाडीव के समाज बंधु भाग लेते है।



# हिंदू नववर्ष स्वागत महोत्सव गोदा तट पर साकार

**नासिक।** हिंदू नववर्ष स्वागत महोत्सव के निमित्त पर गोदातट पर बीस हजार वर्गफीट की महारंगोली सौ महिलाओं के योगदान से साकार की गई है। इस महारंगोली के माध्यम से पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को दर्शाया गया है, जिसके माध्यम से उनके जीवन का कर्तृत्व, नेतृत्व और दातृत्व को उनके त्रिशताब्दी जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में रेखांकित किया गया है। हिंदू समाज की एकता और अस्मिता के लिए उन्होंने भारत के 41 विभिन्न स्थानों पर अनेक मठ, मंदिर, घाट, धर्मशालाएं, कुएं आदि लगभग 2000 निर्माण कार्य किए, जिससे प्रजाहित की रक्षा हुई। इसका चित्रण इस रंगोली में किया गया है। सुराज्य और प्रजाहित की रक्षा के लिए किए गए कृषि विषयक और आर्थिक नियोजन का भी चित्रण इस महारंगोली में किया गया है। इस रंगोली का पहला बिंदु रखने हेतु नानासाहेब होलकर, जो अहिल्यादेवी के आठवें वंशज हैं, उपस्थित थे। इसी अवसर पर महिला कीर्तनकार प्रेरणा बेले ने पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर का चरित्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवाजीराव बोंदार्डे, चंद्रशेखर जोशी, राजेश दरगोडे, आरती गरुड, सुजाता कापुरे, निलेश देशपांडे उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मयुरी शुक्ल ने किया। उक्त कार्यक्रम नासिक मनपा और नववर्ष स्वागत समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कर्मभूमि में जन्मभूमि की महक

# 'गुज राज युवा संघ' का भव्य होली उत्सव

**मुंबई/अहमदाबाद।** प्रवासी राजस्थानी समाज द्वारा गठित 'गुज राज युवा संघ' हर साल होली पर्व पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता हैं, जिसमें हजारों लोग उमड़ते हैं। संघ के संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक भरत राजपुरोहित मंडवाड़ा बताते हैं कि उन्होंने कर्मभूमि गुजरात और जन्मभूमि राजस्थान को मिलाकर संघ का नाम 'गुज राज' रखा हैं। उनका उद्देश्य हैं कि प्रवासी राजस्थानी समाज, जो विभिन्न व्यवसायों और नौकरियों के सिलसिले में वर्षों से अहमदाबाद व आसपास के क्षेत्रों में बसा हुआ हैं, एक साथ मिलकर अपनी संस्कृति और त्योहारों को हर्षोल्लास से मनाते हैं। 'होली के रंग, राजस्थान दिवस के संग' रविवार की शाम मेवाड़ा ग्रीन पार्टी प्लॉट पर इस विराट होली स्नेहमिलन आयोजन में पुरुष पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा-धोती-पोती-पहने, हाथ में ढिढौलिया लेकर मशहूर गैर नृत्य करेंगे। ढोल व चंग की थाप पर फाग के लोक गीतों की गूंज हर ओर सुनाई देगी। वहीं, महिलाएं ओढ़नी-घाघरा पहनकर पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत करती हैं, जिससे मानो पूरा वातावरण राजस्थान की खुशबू से भर जाता हैं। आयोजकों का कहना हैं कि यह कार्यक्रम उन्हें जन्मभूमि से भले ही दूर रखता हो, लेकिन मन से नहीं। संघ संस्थापक राजपुरोहित के अनुसार, मारवाड़ व मेवाड़ समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोग रोजगार की तलाश में अहमदाबाद आते हैं और यहीं बस जाते हैं। कुछ परिवार राजस्थान में समय-समय पर आना-जाना कर लेते हैं, मगर कई ऐसे भी हैं जो पारिवारिक रूप से पूरी तरह यहीं रच-बस गए हैं। ऐसे में होली, दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर अपने मूल राज्य की याद उन्हें अक्सर सताती हैं। यही कारण हैं कि 'गुजराज युवा संघ' ने एक ऐसा मंच तैयार किया हैं जहां सभी प्रवासी राजस्थानी इकट्ठा होकर सांस्कृतिक त्योहार मनाते हैं। इससे नई पीढ़ी भी अपनी विरासत से जुड़ी रहती हैं और साथ ही गुजरात के स्थानीय समाज को राजस्थानी संस्कृति का परिचय मिलता हैं। भरत राजपुरोहित कहते हैं कि जन्मभूमि से दूर रहकर भी अपनी संस्कृति को जिंदा रखना उनकी प्राथमिकता हैं। ईमानदारी से व्यवसाय और नौकरी में आगे बढ़ रहे प्रवासी राजस्थानी आज अपने कर्मभूमि के साथ गहरा रिश्ता बनाते हुए, अपनी परंपरा को भी जीवंत बनाए हुए हैं।



# अंतर्नाद ने नववर्ष स्वागत समारोह का शुभारंभ

**नासिक।** नासिक महानगरपालिका और नववर्ष स्वागत यात्रा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्नाद यह भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य और गायन का भव्य कार्यक्रम नासिक मनपा की आयुक्त मनीषा खत्री, प्रसिद्ध चित्रकार प्रमोद कांबळे और अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल के कुलसचिव विश्वास जाधव की उपस्थिति में गोदावरी के तट पर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रमुख अतिथियों ने कला प्रेमी युवा पीढ़ी की सराहना की और अंतर्नाद कार्यक्रम को नासिक नगरी का गौरव बताया। इस अवसर पर अशोका बिल्डकॉन के अशोक कटारिया भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रास्ताविक स्वप्निल माशालकर ने किया, आभार प्रदर्शन तृषाली पाठक ने किया और नेहा देशपांडे ने कार्यक्रम का संचालन किया। मंच पर गुणगौरव न्यास के अध्यक्ष प्रफुल्लजी संचेती, नववर्ष स्वागत समिति के अध्यक्ष शिवाजी बोंदार्डे, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस सांगीतिक कार्यक्रम में नासिक नगरी के लगभग 71 गुरुकुल और उनके गुरु शामिल हुए, और लगभग बारह सौ विद्यार्थी कलाकार वादन हेतु उपस्थित रहे। सभी कलाकारों ने कई उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया।



प्रमुख अतिथियों ने की कला प्रेमी युवा पीढ़ी की सराहना

# एक शाम वरिष्ठ नागरिकों-अनाथ बच्चों के नाम

**भायंदर।** सक्षम फाउंडेशन द्वारा अनाथ बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए एक चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सक्षम फाउंडेशन द्वारा 29 मार्च को शाम पांच बजे से लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया है। समिति अग्रवाल के अनुसार इस चैरिटी कार्यक्रम में मशहूर म्यूजिकल शो सारेगामापा के 11 बार विजेता रहे अभिजीत घोषाल अपनी टीम के साथ कार्यक्रम करने वाले है। सुमित अग्रवाल के अनुसार सक्षम फाउंडेशन जरूरतमंद लोगों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से कार्य करता है जिसमे समाजसेवियों का साथ उन्हें मिलता है। सक्षम फाउंडेशन अनाथ बच्चों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करता है साथ ही बुजुर्गों की सेवा का कोई मौका नहीं छोड़ता है।




# नासिक मनपा के रिटायर कर्मियों का सेवापूर्ति सत्कार समारोह संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नासिक।** नासिक मनपा के विभिन्न संवर्गों और विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो निर्धारित आयु के अनुसार मार्च 2025 माह में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनके सम्मान में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सेवापूर्ति सत्कार समारोह 28 मार्च को सायंकाल साढ़े 5 बजे मनपा मुख्यालय, राजीव गांधी भवन में संपन्न हुआ। नासिक मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक की ओर से उप आयुक्त (कर) अजीत निकत ने उप अभियंता मोहम्मद एजाज काज़ी, वरिष्ठ लिपिक महेंद्र परदेशी, कनिष्ठ लिपिक सुनील खरे, वाहनचालक विजयानंद स्वामी, बिगारी श्रावण शिराल, लेखराज चव्हाण, रविंद्र जगताप, प्रविण पवार, छाया पाटील, हेमंत मोरे, सिंधुताई इप्पर, स.कामगार बशीरखान पठान, मुदलीधर लांडे तथा अन्य स्वैच्छिक सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों का स्मृतिचिह्न, शाल, श्रीफल वृक्षरोपण देकर सेवापूर्ति सत्कार किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवापूर्ति विदाई देने के लिए मनपा के उप आयुक्त अजीत निकत, जनसंपर्क अधिकारी योगेश कमोद, विभागीय अधिकारी मदन हरिश्चंद्र, राजाराम जाधव, योगेश अडभाई, गोकुल आवारे सहित नितीन बागुल, इफ्तेखार शेख, विरु कामे, साहिल बोडके आदि उपस्थित थे।



## विशेष सूचना

**जागरूक टाइम्स** अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- **9930850102** पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# जैसलमेर-बाड़मेर में टू-लेन हाइवे की घोषणा




▶▶ 1237 .71 करोड़ रुपए की स्वीकृति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है। ये सड़कें भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में बनेंगीं।**

## नितिन गडकरी का ट्वीट



■ नितिन गडकरी ने ट्वीट करके लिखा, "राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत/चौड़ा करने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के म्याजलार-जैसलमेर खंड और मुनाबाव-तनोट के सुंदरा-म्याजलर-अंबासिंह की ढाणी रोड भाग से पक्की सड़क के साथ दो-लेन का मजबूत और चौड़ीकरण करने के लिए 1237.71 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। प्रस्तावित संरेखण राष्ट्रीय राजमार्ग-25 और राष्ट्रीय राजमार्ग-68 के साथ संपर्क स्थापित करेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग-70 से भी जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क में और वृद्धि होगी। गडकरी ने कहा, 'यह परियोजना महत्वपूर्ण रणनीतिक महत्व रखती है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित है, जो हमारे सुरक्षा कर्मियों की सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से पहुंचने की क्षमता को बहुत बढ़ाएगी। यह परियोजना सड़क लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुरी रेत के टीलों से भी होकर गुजरेगी और इससे मार्ग के किनारे स्थित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा, तथा क्षेत्र के समग्र विकास और संपर्क में योगदान मिलेगा। गौरतलब है कि जैसलमेर-बाड़मेर बॉर्डर एरिया में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण हुआ है। इसमें डेजर्ट नेशनल पार्क की वजह से कई जगह दिक्कत आ रही थी। हाल ही में डेजर्ट नेशनल पार्क की NOC मिलने के बाद कई जगह बाकी रही सड़क का निर्माण अब पूरा होगा। इसके तहत शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है।

### सांसद ने जताया आभार

इस ऐलान के बाद जैसलमेर-बाड़मेर से सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने नितिन गडकरी का आभार जताते हुए ट्वीट कर लिखा, "माननीय मंत्री नितिन गडकरी जी का बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में सीमांत थारवासियों को इस स्वीकृति की सौगात देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार।' गौरतलब है कि यह परियोजना सड़क लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुहड़ी के रेत के टीलों से भी होकर गुजरेगी और इससे मार्ग के किनारे स्थित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा, साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास और संपर्क में योगदान मिलेगा।

### डीएनपी एरिया की वजह से दिक्कत

जैसलमेर-बाड़मेर बॉर्डर एरिया में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण हुआ है। इसमें डेजर्ट नेशनल पार्क की वजह से विभाग की NOC नहीं मिल रही थी। इस वजह से कई जगह दिक्कत आ रही थी। हाल ही में डेजर्ट नेशनल पार्क की NOC मिलने के बाद कई जगह बाकी रही सड़क का निर्माण अब पूरा होगा। इसके तहत शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है। जिसमें भारत माला सड़क परियोजना का ये हिस्सा भी शामिल है। संसदीय क्षेत्र के क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग पर मेरे भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुलाकात के दौरान अवगत कराने पर सीमांत संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर और जैसलमेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 की कुल लंबाई है।

## जैसलमेर में लाखों की लूट

■ सांखला के हरबूजी मंदिर में चोरी, लोगों में आक्रोश

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र के सांखला गांव स्थित हरबूजी मंदिर में चोरों ने लाखों रुपयों की चोरी को अंजाम दिया। यहां मंदिर में रखी छह क्विंटल की भारी तिजोरी को काटकर उसमें से चंदे का लाखों रुपया लेकर चोरी हो गया। सांखला गांव निवासी जगन्नाथ सिंह ने बताया की मंदिर में छह क्विंटल लोहे की तिजोरी रखी हुई थी। जिसको देर रात चोरों ने खोलना चाहा। मगर तिजोरी चोरों से नहीं खुलने के कारण चोरों ने तिजोरी को लोहे की धारदार व नुकीली चीज से काट कर उसमें रखा पैसा लेकर फरार हो गए है। मंदिर में रखी तिजोरी को साल में दो बार खोला जाता है। तिजोरी को माघ महीने में वह भाद्रपद महीने में खोला जाता है। जनवरी में तिजोरी को खोला था, उसमें लगभग चार लाख के करीब रूपए निकले थे।

## फाइनेंसरों से परेशान युवक ने की आत्महत्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक युवक ने ब्याज पर रुपए लेकर सवारी टैंपो की मरम्मत करवाई, लेकिन जब ब्याज की रकम चुका नहीं पाया तो सूदखोर वसूली के लिए घर आने लगे। इससे युवक ने बंद पड़ी फैक्ट्री में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना बाड़मेर रीको थाना इलाके उतरलाई रोड कलजी के पालिया में बंद पड़ी फैक्ट्री में बीती रात की है। पुलिस ने शुक्रवार को परिजनों की रिपोर्ट पर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है।



रीको थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया- बलदेव नगर निवासी वीर सिंह (38) पुत्र हड़वंत सिंह ने गुरुवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे उतरलाई रोड पर कलजी के पालिया के पास बंद फैक्ट्री में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात में हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पास में दो-तीन डायरियां मिली है। जिसमें फाइनेंस के रुपयों के लेन- देन का ब्योरा मिला है। चचेरा भाई बोला- आरोपियों ने घर आकर धमकी दी थी। मृतक के चचेरे भाई पंकज सिंह पुत्र सवाई सिंह ने बताया- फाइनेंस करने वाले लक्ष्मण सिंह निवास लक्ष्मी नगर, जालम सिंह, कानसिंह महाबार, भैराराम काफी समय से वीर सिंह को प्रताड़ित कर रहे थे। दो दिन पहले उन्होंने घर पर आकर धमकियां दी थी। उस समय वीर सिंह घर पर नहीं था। उसके परिवार को वीर सिंह को मारने की धमकियां दी गई। इससे आहत होकर वीर सिंह ने फांसी का फंदा लगा लिया है। मृतक टैंपो ड्राइवर था और सवारियों को लाने-ले जाने का काम करता था। इसके टैंपो से डायरियां बरामद हुई है, जिसमें लेन- देन का हिसाब लिखा है। थानाधिकारी बोले- रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रहे है रीको थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया- शुक्रवार को परिजनों ने रुपए फाइनेंस करने वाले तीन-चार जनों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। उनकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि कितने रुपए का लेन-देन है। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा टीम की मोहनगढ़ कस्बे में दबिश

▶▶ आठ फूड प्रोडक्ट के सैंपल जुटाए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जैसलमेर की खाद्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को मोहनगढ़ कस्बे में मिलावटी सामान बिकने के शक में कई दुकानों पर दबिश दी। इस दौरान करीब आठ फूड प्रोडक्ट के सैंपल लिए व एक्सपायर हो चुके फूड प्रोडक्ट को मौके पर ही नष्ट करने की कार्रवाई की। जिले के फूड सेफ्टी ऑफिसर किशनाराम कड़वासरा के नेतृत्व में त्योहारी सीजन को देखते हुए कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने भगर, साबूदाना, सूजी, नमक और मिठाई की दुकान से कलाकंद सहित कुल आठ सैंपल जांच के लिए सीज किए।

### ▶▶ जिले में चल रहा विशेष अभियान

इस मौके पर फूड सेफ्टी ऑफिसर किशनाराम कड़वासरा ने बताया- आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे एवं जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डा. राजेंद्र कुमार पालीवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशनाराम कड़वासरा द्वारा टीम के साथ आगामी नवरात्रा के त्योहार के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहनगढ़ में निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान मोहनगढ़ में विभिन्न किराना दुकान पर 12 किलो भगर, सात किलो दलिया, पांच किलो मसाला आदि अवधिपार सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशनाराम कड़वासरा ने बताया की किराना दुकानों से भगर, साबूदाना, सूजी, नमक के नमूने और मिठाई की दुकान से कलाकंद सहित कुल आठ सैंपल लिए गए। इन सैंपल को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, जोधपुर भिजवाया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## जसोल के राणी भटियाणी मंदिर पहुंचे गजसिंह

■ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की पूजा, विकास कार्यों की सराहना की



**बालोतरा।** जोधपुर के पूर्व राजघराने के गजसिंह द्वितीय ने तिलवाड़ा स्थित श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रूपादे संस्थान के अधीनस्थ श्री रावल मल्लीनाथ मंदिर, थान मल्लीनाथ में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। अश्व पालकों को प्रोत्साहित करने और मेले के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पृथ्वीसिंह कोलू द्वारा संपूर्ण अश्व प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ अश्व के लिए प्रथम विजेता हंसदेव को एक किलोग्राम चांदी, द्वितीय विजेता दिलजीत को आधा किलोग्राम चांदी और तृतीय विजेता भरत केशरी को पाव किलोग्राम चांदी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

### ▶▶ भोजनशाला का अवलोकन और सामाजिक सरोकार

मंदिर दर्शन के बाद गजसिंह द्वितीय ने महंत गणेशपुरी महाराज के सान्निध्य में श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल द्वारा मेलार्थियों के लिए निःशुल्क संचालित 'जसोलधाम भोजनशाला' का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल द्वारा किए जा रहे समाजहित के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पशु मेले में भोजन, जल, अश्व प्रतियोगिता के लिए डोम एरिना और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जो सेवाएं दी जा रही हैं, वे प्रशंसनीय हैं। साथ ही उन्होंने विलुप्त हो रही श्री मल्लीनाथ पशु मेले की परंपराओं को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व प्रतियोगिता

अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व संस्था, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा श्री गजसिंह द्वितीय की अध्यक्षता में आयोजित अश्व प्रतियोगिता में देशभर के अश्व एवं अश्व पालकों ने भाग लिया। सिद्धार्थ सिंह रोहिट, आनंद सिंह देसू, कुंवर अमित विक्रम सिंह जोजावर, कुंवर धनंजय सिंह विजयपुर, ठाकुर घनश्याम सिंह पाटौदी, डाक्टर नरेंद्र मेड़तिया, डॉक्टर परीक्षित पुरोहित निर्णायक पैनल में शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं की घोषणा की। विजेताओं को नकद राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र भेंट किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5,000, 3,000, 2,000 एवं 1,000 रुपए की नकद राशि के साथ ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बेस्ट अश्व शो प्रतियोगिता हेतु आयरिश ट्रॉफी विजेता हंसदेव (मालिक मेघराज सिंह) को 11,000 रुपए, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## राजस्थान दिवस पर कलेक्ट्रेट में विशेष आयोजन

**बालोतरा।** बाड़मेर जिला कलेक्टर कार्यालय में राजस्थान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्व अपील अधिकारी नवदीप कुमार और अतिरिक्त जिला कलक्टर डा. गुंजन शर्मा के नेतृत्व में सभी कार्मिकों ने शपथ ली। कार्मिकों ने राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान करने का संकल्प लिया। उन्होंने राज्य को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिज्ञा की। शपथ में महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा का वादा किया गया। कार्मिकों ने राज्य की विरासत के संरक्षण के साथ विकास को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। राज्य के विकास में निरंतर योगदान और नवाचार के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## पचपदरा में बाइक चोर गिरफ्तार



**बालोतरा।** पचपदरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घर के अंदर खड़ी बाइक चुरा की थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। थानाधिकारी अमराराम खोखर ने बताया कि बालकराम ने 23 मार्च को बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि रात में उसने घर के अंदर बाइक खड़ी कर दी थी। सुबह जब वो उठा तो उसे बाइक गायब मिली। उसने आस-पास काफी तलाश की, लेकिन नहीं मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थानाधिकारी अमराराम खोखर के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने गुड़ानाल निवासी श्रवण पुत्र वंसाराम भील को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 901 | 915 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 254 | 258 |
| जिंक स्लैब | 273 | 278 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 183 |
| टिन स्लैब | 3150 | 3074 |
| निकल | 1430 | 1408 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 856 | 868 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 847 | 856 |
| कॉपर आर्मेचर | 838 | 840 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 772 | 780 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 555 | 560 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 600 | 605 |
| एल्युमिनियम | 202 | 204 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 2779 | -2350 |
| टिन | 36314 | -55 |
| लीड | 2010 | -275 |
| जिंक | 2849 | -3175 |
| एल्युमिनियम | 2560 | -3525 |
| निकल | 16181 | -996 |

# व्यापार जगत

## 5800 के पार जा सकते एचएएल के शेयर !

▶▶ एक महीने में 38% उछला शेयर का दाम



**मुंबई।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री की कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को तीन पर्सेंट से अधिक चढ़कर 4294 रुपए पर पहुंच गए हैं। पिछले 10 ट्रेडिंग सेशंस में से नौ में महारत्न कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। पिछले एक महीने में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों में 38 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। एचएएल के शेयर इस साल मार्च में निफ्टी पीएसई इंडेक्स में बेस्ट परफर्मिंग स्टॉक रहा है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि डिफेंस कंपनी के शेयरों में और तेजी आ सकती है और इसके शेयर 5800 रुपए के पार जा सकते हैं।

### 5814 रुपए तक का टारगेट

महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कवरेज करने वाले 16 एनालिस्ट्स में से 15 ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। केवल एक एनालिस्ट ने कंपनी के शेयरों को सेल रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ULJK फाइनेंशियल सर्विसेज ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों के लिए 5814 रुपए का टारगेट दिया है। वहीं, ब्रोकरेज हाउस निर्मल बंग ने डिफेंस कंपनी के शेयरों के लिए 5509 रुपए का टारगेट दिया है। फिलिप सिक्योरिटीज ने कंपनी के शेयरों के लिए 5500 रुपए और मॉर्गन स्टैनली ने 5292 रुपए का टारगेट दिया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों के लिए 5000 रुपए का टारगेट दिया है।

### पांच साल में 1500% से ज्यादा चढ़े

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 1500 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। डिफेंस कंपनी के शेयर 27 मार्च 2020 को 262.58 रुपए पर थे। एचएएल के शेयर 28 मार्च को 4294 रुपए पर पहुंच गए हैं। पिछले चार साल में महारत्न कंपनी के शेयरों में 750 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले तीन साल में एचएएल के शेयर 450 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। दो साल में एचएएल के शेयरों में 210 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5675 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3045.95 रुपए है।

तीन महीने में 15 रिकॉर्ड

## 12 महीने में भारत की इकॉनमी से दोगुना मार्केट कैप

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत गुरुवार को पहली बार 3100 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई। पिछले 12 महीने में इसका मार्केट कैप सात ट्रिलियन डॉलर बढ़ा है जो भारत की जीडीपी से करीब दोगुना है। इसका मार्केट कैप 21 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है जो चीन की इकॉनमी से ज्यादा है। सोने की कीमत इस साल के पहले तीन महीने में ही 15 बार अपना रेकॉर्ड तोड़ चुकी है। ग्लोबल इकॉनमी में अनिश्चितता बढ़ने से सोने की कीमत बढ़ी है। दुनिया के दो सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देशों अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ता जा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑटो आयात पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है जिससे सोने की चमक बढ़ गई है। जानकारों का मानना है कि सोने की कीमतें अभी और बढ़ेंगी। MCX में चार अप्रेल की डिलीवरी वाला सोना दोपहर 2.30 बजे 372 रुपए यानी करीब 0.42 फीसदी तेजी के साथ 88,756 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। दिन के कारोबार में यह 89,060 रुपए तक गया। तीन अक्तूबर की डिलीवरी वाला सोना 91,372 रुपए तक गया। सोने की कीमत में इस साल अब तक लगभग 16 प्रतिशत की तेजी आई है। इसकी मुख्य वजह भारत, चीन, पोलैंड और तुर्की जैसे देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की भारी खरीदारी और भू-राजनीतिक तथा आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश की तलाश है।



## गिरावट के साथ बंद बाजार सेंसेक्स 191 अंक लुढ़का



**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुआ है। 30 संवेदी सूचकांक वाला सेंसेक्स 191.51 अंक या फिर 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 72.60 अंक या फिर 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,519.35 पर बंद हुआ है। बता दें, सेंसेक्स का इंट्रा-डे हाई 77,766.70 और निफ्टी का इंट्रा-डे हाई 23,649.20 अंक रहा है। सेंसेक्स की टॉप 30 कंपनियों में से 20 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुआ है। इंडसइंड बैंक के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, एनटीपीसी, टाइटन के शेयरों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ कोटक बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर जैसे 10 कंपनियों के शेयर बढ़त बनाने में सफल रहे हैं। बीएसई में 206 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। वहीं, 344 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। निफ्टी में 98 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। वहीं, 132 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है।

## क्या फिर ब्याज दरों में कटौती करेगा आरबीआई!

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक नौ अप्रेल को लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है और इस साल अगस्त में एक और छोटी कटौती की संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो यह आरबीआई के इतिहास का सबसे छोटा रेट कट साइकल होगा। यह जानकारी रॉयटर्स के एक सर्वे में सामने आई है, जिसमें अर्थशास्त्रियों से राय ली गई थी। बता दें रेपो रेट कट से आम आदमी को सीधे तौर पर लोन की सुविधा सस्ती मिलती है, ईएमआई कम होती है और अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास से रोजगार व आय के अवसर बढ़ते हैं। हालांकि, बचत पर रिटर्न कम होने जैसे नुकसान भी हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक नौ अप्रेल को लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है और इस साल अगस्त में एक और छोटी कटौती की संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो यह आरबीआई के इतिहास का सबसे छोटा रेट कट साइकल होगा। यह जानकारी रॉयटर्स के एक सर्वे में सामने आई है, जिसमें अर्थशास्त्रियों से राय ली गई थी। बता दें रेपो रेट कट से आम आदमी को सीधे तौर पर लोन की सुविधा सस्ती मिलती है, ईएमआई कम होती है और अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास से रोजगार व आय के अवसर बढ़ते हैं। हालांकि, बचत पर रिटर्न कम होने जैसे नुकसान भी हो सकते हैं। रॉयटर्स पोल के मुताबिक 54 में से 60 अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आरबीआई सात-नौ अप्रेल की एमपीसी की बैठक में रेपो रेट 25 बेसिस पॉइंट (0.25%) घटाकर 6% कर देगा। एक अर्थशास्त्री को लगता है कि 50 बेसिस पॉइंट (0.5%) की बड़ी कटौती हो सकती है। वहीं, पांच अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अभी कोई बदलाव नहीं होगा। इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि FY26 में कुल 75 बेसिस पॉइंट (0.75%) की कटौती हो सकती है। बैंकों ने पहले ही लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए 64,000 करोड़ सिस्टम में डाले हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इसका असर अर्थव्यवस्था पर पूरी तरह दिखने में कुछ महीने लगेंगे। यस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंद्रनील के मुताबिक, "अगर रेट कट का फायदा पूरी इकोनॉमी तक पहुंचाना है, तो बैंकिंग सेक्टर में लिक्विडिटी सकारात्मक होनी चाहिए।"



## उठापटक के बीच उछला फोर्स मोटर्स का स्टॉक

▶▶ तीन साल में दिया 720% रिटर्न

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच फोर्स मोटर्स के शेयरों में आज जबरदस्त उछाल आया। कंपनी के शेयर 7.5% बढ़कर 9,444.85 रुपए पर पहुंच गए। कंपनी को सोने का एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इस कारण उसके शेयरों में तेजी आई है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 22% की बढ़त हुई है। इस दौरान कंपनी ने अपने सेक्टर से 17% बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले तीन साल में कंपनी ने 720% का ज़बरदस्त रिटर्न दिया है। Trendlyne के अनुसार, फोर्स मोटर्स ने एक साल के रिटर्न में निफ्टी, सेंसेक्स, सेक्टर और इंडस्ट्री को भी पीछे छोड़ दिया है। कंपनी ने बताया कि उसे सुरक्षा बलों को 2,978 फोर्स गुरखा लाइट व्हीकल्स सप्लाई करने का ऑर्डर मिला है। कंपनी अलग-अलग तरह की जनरल सर्विस गाड़ियां बनाती हैं। फोर्स मोटर्स कई साल से रक्षा क्षेत्र को अपनी गुरखा LSV सप्लाई कर रही है। ये गाड़ियां बहुत मजबूत होती हैं और दुर्गम इलाकों में चलने में सक्षम हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि इन्हें जरूरत के हिसाब से बदला जा सकता है। फोर्स इंडिया का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 10,272.65 रुपए है जो उसने पिछले साल 29 अप्रैल को छुआ था।

## आप का राशिफल 29 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक 3 6 8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक 3 5 7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक 1 3 5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक 2 6 9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-6-8-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक 4 7 9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

राजस्थान दिवस

# साप्ताहिक महोत्सव में मिली 10 हजार करोड़ की सौगात

▶▶ सुशासन एवं ई-गवर्नेंस राज्य सरकार की प्राथमिकता : गर्ग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में साप्ताहिक महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा से राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से वर्चुअल जुड़े। जिला स्तरीय सुशासन समारोह जालोर क्लब में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने सुशासन के जरिये प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

आयोजन में सीएम शर्मा द्वारा डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण के आदेश, नए जिलों में डीएमएफटी के गठन के आदेश, राजस्थान सर्कुलर इकॉनॉमी इन्सेन्टिव स्कीम के दिशा-निर्देश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के दिशा-निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना एवं अन्नपूर्णा भण्डार के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही प्रत्येक जिले की पंचगौरव बुकलेट भी जारी की। विशेष रूप से मुख्यमंत्री शर्मा पत्रकारों की हेल्थ कवरेज योजना (आरजेएचएस) का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा सब रजिस्ट्रार कार्यालय का समय सप्ताह में 2 दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक करने के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही राजस्थान सम्पर्क 2.0 पोर्टल का शुभारम्भ एवं चिकित्सा ऐप भी लॉन्च किया तथा ई-गवर्नेंस अवार्ड भी प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया।







### पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन

■ जिला स्तरीय समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा व नगर परिषद आयुक्त अनिता पहाड़िया द्वारा जालोर जिले की पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया गया। पुस्तिका में जालोर जिले के पंच गौरव एक जिला एक ंगतव्य "सुंधा माता", एक जिला एक उत्पाद "ग्रेनाइट", एक जिला एक उपज "अनार", एक जिला एक खेल "बॉक्सिंग" एवं एक जिला एक प्रजाति "जाल वृक्ष" के संबंध में विस्तृत जानकारी का समावेश किया गया है। समारोह में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दिलीप माथुर, डीपीएम नरेन्द्र कुमार, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लुणा, डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनलाल विश्नोई सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की शपथ राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को राजपत्रित अवकाश होने के कारण जिले के सभी राजकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में 28 मार्च को शपथ समारोह का आयोजन हुआ। राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर शुक्रवार को सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रदेश के विकास, खुशहाली, आत्मनिर्भरता और समृद्धि के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने उपस्थित होकर विरासत भी और विकास भी की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विकास के प्रति निष्ठा के लिए संकल्पबद्ध रहकर काम करने की शपथ ली। मुख्यमंत्री शनिवार को नवनियुक्त कार्मिकों से करेंगे वर्चुअल संवाद प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में जिला स्तर पर जालोर क्लब में कार्यक्रम का होगा ।

## श्री राम कथा का आयोजन 3 से

**जैसलमेर।** स्थानीय व्यास बगीची में नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मानस मनीषी एवं व्यासों के चौधरी रमेश व्यास के मुखारविंद से संगीत मय श्री राम कथा का आयोजन होगा। कथा का समय दोपहर 3:00 बजे से 6:00 बजे तक रखा गया है। गर्मी के मौसम को देखते हुए श्री राम कथा का आयोजन एयर कंडीशन हाल में रखा गया है। नौ दिवसीय कथा में श्री रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों को व्यास पीठ द्वारा सरल भाषा ने विस्तृत किया जाएगा। श्री नउ व्यास पंचायत संस्थान के सचिव मनोज व्यास पोल जी एवं कोषाध्यक्ष आरसी व्यास ने आग्रह किया है कि नवरात्र के शुभ अवसर पर तथा हनुमान जयंती तक चलने वाले इस आयोजन का लाभ, सभी धर्म प्रेमी उठावे। काफी अरसे के बाद जैसलमेर में श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है।

## रमजान पर शब-ए-कद्र की रात पर कार्यक्रम आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा जामा मस्जिद मे शब -ए- कद्र की रात पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मस्जिद को दुल्हन की तरह सजाया गया एवं गुरूवार देर रात तक खुदा की ईबादत की गई। अध्यक्ष मिस्त्री आबाद खान ने बताया कि शब ए कद्र की रात सबसे बड़ी रात है। इस रात पर मस्जिद के पेश ईमाम हारून रिजवी ने मुसलमानों को इस रात की जानकारी दी 27वीं रात यानि की शब -ए -कद्र की रात इस रात में कुरान नाजिल हुआ। रात में इबादत जकात फितरा के बारे में जानकारी दी। वही पर सभी मुस्लिमों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। एंव रात भर इबादत की गई मस्जिदों को रोशनी से सजाया गया। साथ ही खाने पानी व नियाज कि कमेटी के द्वारा व्यवस्था की गई। पुरी रात मुस्लिम भाई खुदा की बारगाह मे ईबादत करते हुए नजर आए एंव कुराने पाक की तिलावत की गई। इस दौरान छोटुभाई मिस्त्री,ईदुभाई,पपनभाई,अमजदभाई,इकबालभाई,सुब्हान खा,फिरोजखा,रफिकखा,सोकतखा मिरासी,अनवरखा,नासिरखां,मुस्ताक खां सेवाडा सहित सभी मुस्लिम मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में 198925 किसानों का पंजीयन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

यूनिक आईडी से किसानों को मिलेगा लाभ

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 198925 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 29 मार्च को भंवरानी, बादनवाड़ी, सामुजा, वेडिया, देच्छू, देबावास, ओडवाड़ा, पावटा, सेदरिया बालोतान, थांवला व अगवरी, जालोर तहसील में 29 मार्च तक आकोली, बाकरा, उम्मेदाबाद व बिशनगढ एवं 29 से 31 मार्च तक पंचायत समिति जालोर, सांचौर तहसील में 29 मार्च को सांकड़, हाडेतर, हरियाली, नैनोल, जैलातरा, पालड़ी सोलंकियान, पांचला, प्रतापपुरा, किलवा व बिजरोल खेड़ा, 29 से 31 मार्च तक सांचौर तथा रानीवाड़ा तहसील में 29 व 30 मार्च तक जोड़वास, कोटड़ा, डूंगरी, भाटीप, चितरोड़ी, सुरजवाड़ा, वणधर, तावीदर, बड़गांव, आजोदर व रानीवाड़ा कलां में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा।

## रानीवाड़ा नगरपालिका को पुनः बनाया ग्राम पंचायत

▶▶ पूर्व विधायक देवल का जताया आभार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाडा।** राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी आदेश से रानीवाडा नगरपालिका को पुनः ग्राम पंचायत बनाये जाने पर रानीवाडा के स्थानीय निवासियों एवं व्यापारी बंधुओं ने राज्य सरकार एवं पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल का आभार जताया। रानीवाडा के स्थानीय निवासी रिडमलसिंह डाभी ने बताया कि पूर्व में रानीवाडा के व्यपारियों एवं आमजन ने मिलकर रानीवाडा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल को राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन देकर रानीवाडा नगरपालिका को पुनः ग्राम पंचायत में तब्दिल करने की मांग की थी। रानीवाडा को नगरपालिका बनाये जाने से शहरी क्षेत्र घोषित के कारण रानीवाडा के स्थानीय निवासियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा था साथ की कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड रहा था। सरकार द्वारा पुनः ग्राम पंचासत बनाये जाने पर स्थानीय निवासियों में खुशी कास माहौल है एवं लोग राजस्थान की भाजपा सरकार की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे है।

## भाजपा कर रही परिसीमन और पुनर्गठन का काम : मेघवाल

**जालोर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की बैठक शुक्रवार सुबह 11 बजे जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता मे राजीव गाँधी भवन जालौर मे आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकायों की सीमावृद्धि,वार्डो का परिसीमन,पुनर्गठन तथा पंचायत राज संस्थाओं में पुनर्सीमांकन जनभावना के विपरीत तथा नियम विरूद्ध एवं राजनैतिक दुर्भावना से किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा मनमाने तरीके से नगर निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं में किये जा रहे परिसीमन/पुनर्गठन तथा सीमावृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज जिला मुख्यालय जालौर मे रखी गयी है! उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनमाने तरीके से नगर निकायों एवं पचांयती राज संस्थाओं में किये जा रहे परिसीमन/पुनर्गठन के विरूद्ध हम समस्त कांग्रेसजन को आवाज उठानी चाहिए। सभी ब्लॉक,मंडल एवम बूथ अध्यक्ष गणों को अपने समन्धित नगरीय निकाय/ पंचायतराज क्षेत्रों में हो रहे नियम विरुद्ध परिसीमन, पुनर्गठन हेतु समयसीमा अनुसार दावे आपत्ति दर्ज करवानी चाहिए। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निकाय/ पंचायतराज पुनसीमांकन/पुनर्गठन/सीमावर्धि हेतु दावे आपत्ति दर्ज करवाने के लिये जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी द्वारा जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र से दावे आपत्ति लेकर प्रशासन के समक्ष दर्ज करवाने का कार्य किया जायेगा साथ ही आवश्यकता होने पर जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज करवाया जायेगा। बैठक को प्रदेश महासचिव नैनसिंह राजपुरोहित, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा ने भी संबोधित किया। बैठक में ईशराराम विश्नोई, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत, मांगीलाल प्रजापत, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, लक्ष्मण सांखला, जवानाराम परिहार, मदनलाल दहिया, सोनाराम मेघवाल आदि मौजूद रहे।



## कैंपस प्लेसमेंट में 37 आशार्थियों का चयन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय परिसर में हुआ। शिविर में जिला रोजगार अधिकारी राजीव कुमार सुथार ने उपस्थित आशार्थियों को विभागीय योजना व रोजगार पंजीयन के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में निजी संस्थान स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि. सिरोही, एस.बी.आई. लाईफ इंश्योरेंस जालोर व बड़वे ऑटोटेक प्रा.लि. अहमदाबाद द्वारा उपस्थित आशार्थियों के साक्षात्कार के उपरांत कुल 37 आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर रोजगार विभाग के कार्मिक भजनलाल, किरणसिंह, मनोज कुमार व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर के समूह अनुदेशक उम्मेदसिंह सहित बड़ी संख्या आशार्थी उपस्थित रहे।

## पुलिस कांस्टेबलों पर व्यापारी से मारपीट का आरोप

**सांचौर।** करड़ा थाना क्षेत्र के अरणाय गांव में एक मिठाई की दुकान पर पुलिस कांस्टेबलों द्वारा व्यापारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित दुकानदार ने वीडियो में आरोप लगाया कि करड़ा पुलिस के कुछ कांस्टेबल नियमित रूप से उससे अवैध वसूली की मांग कर रहे थे। जब उसने इस बार पैसे देने से इनकार कर दिया, तो पुलिसकर्मी रात में उसकी दुकान पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे जबरन थाने ले जाया गया, घटना का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी दुकान के अंदर घुसकर व्यापारी के साथ धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अरणाय में दुकान संचालित करने वाला व्यक्ति अपनी धौंस जमाने के लिए जानबूझकर देर रात्रि तक बिना अनुमति दुकान चालू रखता है, जिस पर बदमाश प्रवृति के लोगों का जमावड़ रहता है, जिसको लेकर उसको समझा गया। लेकिन आरोपी ने पुलिस के साथ गाली गलौज की और अपने राजनीतिक प्रभाव की धमकी दी। इसिलए पुलिस आरोपी को पुलिस थाने लेकर गई । करड़ा थाना क्षेत्र मेंरात में अपराधिक प्रवृति लोगों पर लगाम लगा रही है।



## ग्रामीण परिवहन सेवा शुरू करने की तैयारी



■ निजी संचालकों से रोडवेज ने मांगे आवेदन

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा ग्रमीण परिवहन सेवा शुरू करने हेतु अनुबंध पर निजी संचालकों से 15 अप्रेल तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए जालोर जिले में ब्लॉकवार एक-एक ग्रामीण मार्ग निर्धारित किये गये हैं तथा सभी बसें जिला मुख्यालय को ग्रामीण मार्गों से जोडेग़ी। रोडवेज डिपो के मुख्य प्रबंधक ओम लीलावत ने बताया कि जालोर जिले के आहोर ब्लॉक में कंवला, भुति, रोडला, कवराडा, पादरली, तखतगढ, पावटा, डोडीयाली, हरजी, थांवला, छीपरवाड़ा, उण, कानीवाडा मोड़, लेटा, जालोर, भीनमाल ब्लॉक में बाली, कुका, थोबाउ, फागोतरा, पुनासा, निम्बावास, भागलभीम, भीनमाल, जालोर ब्लॉक में मोदरा, सेरणा, धानसा, बाकरा रोड़, सरत, चुरा, सांथू, बागरा, नारणावास, धवला, जालोर, जसवंतपुरा ब्लॉक में सुरजवाड़ा, सुंधामाता, राजीकावास, जसवंतपुरा, बूगांव, रामसीन, सीकवाड़ा, नून, बाकरा, जालोर, रानीवाड़ा ब्लॉक में जालोर, मोदरा, भीनमाल, आलड़ी, सीलासन, मालवाडा, केर, डूंगरी, रानीवाडा, सांचौर ब्लॉक में जालोर, मोदरा, नरता, भीनमाल, करडा, दांतवाडा, कोडका, खेजडीयाली, कुडा, माखुपुरा, चितलवाना ब्लॉक में जालोर, सायला, भीनमाल, करड़ा, पमाणा, खेडा, बिजरोल, झाब, चितलवाना, होतीगांव, सायला ब्लॉक में रंगाला, बागोड़ा, तिलोड़ा, सुराणा, चौराउ, सायला, जालोर, बागोड़ा ब्लॉक में राह, सेवड़ी, नरसाणा, धुम्बडिया, लाखणी, मोरसीम, राउता, चैनपुरा, बागोडा, जालोर तथा सरनाऊ ब्लॉक में जालोर, सायला, भीनमाल, चाटवाडा, रानीवाड़ा, कुडा, सांकड, सुरावा, नैनोल, छोटी विरोल के लिए ग्राम परिवहन सेवा प्रारंभ की जानी है जिसके लिए निजी संचालकों से आवेदन मांगे गए हैं।

उन्होंने बताया कियोजना में ग्रामीण परिवहन सेवा के लिए लगाई जाने वाली अनुबंधित वाहनों का रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर, 2021 के बाद का होना चाहिए। वाहन संचालन के लिए संचालकों को प्रदत्त मार्गो पर संचालक का एकाधिकार होगा, वाहन स्वामी को वाहन का निगम को लॉगो एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की सहभागिता से संचालित अंकित करवाना होगा। वाहन संचालक को निगम के बस स्टेण्डों से वाहन संचालन अनुमत होगा।

वाहनों के संचालन के लिए मार्ग एवं अनुज्ञापत्र निगम द्वारा उपलब्ध करवाये जायेंगे। यात्रियों से वसूल किया जाना वाला किराया 1.50 प्रति कि.मी. प्रति सीट निर्धारित किया गया है। वाहन संचालन से संबंधित समस्त खर्चे, टैक्स, टोल, डीजल, मरम्मत, चालक/परिचालक इत्यादि वाहन स्वामी के द्वारा ही किए जायेंगे। वाहन से प्राप्त समस्त राजस्व वाहन स्वामी का होगा। वाहन का संचालन राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की सहभागिता से किया जायेगा, जिसके एवज में वाहन स्वामी द्वारा निगम को न्यूनतम 0.23 रूपये प्रति सीट, प्रति कि.मी.,प्रति वाहन चालक सीट के अतिरिक्त निगम को देना होगा।

## पॉकेट पंचांग का विमोचन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** हिन्दू नववर्ष पर आधारित महालक्ष्मी पॉकेट पंचांग विक्रम संवत 2082, ईस्वी सन् 2025-26 का विमोचन निजी विद्यालय संघ, जालोर एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में किया गया। पॉकेट पंचांग के निर्माता आचार्य डॉ. पुष्पदत्त दवे ने बताया कि इस पंचांग में हिन्दू चैत्र मास से बारह मास तक के तिथि, वार, नक्षत्र, पर्व, त्यौहार, उत्सव आदि का सरलता से वर्णन किया गया है। यह पंचांग भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपराओं से जुड़ा है। इसमें हमारी धार्मिक और संस्कृति के धरोहरों को संजोया है। पंचांग के अनुसार सनातन धर्म के विशेष पर्व, उत्सव, त्यौहार, पंचक, बिछुड़ा, पुष्य नक्षत्र, नवरात्रि, दीपावली पूजन, श्राद्ध पक्ष, ग्रहण, शनि पनौती, वार्षिक राशिफल एवं प्रतिदिन की तिथियां का बोध करवाता है। इस दौरान निजी विद्यालयों के संचालकों समेत अन्य नागरिक मौजूद रहे।

## 'दादी जानकी ने हर किसी को दिया सच्चा प्यार'

▶▶ ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका की पुण्य स्मृति पर दी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** ब्रह्मा कुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी की पांचवीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर जालौर सेवा केंद्र में भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर दादी जी के महान योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मौन श्रद्धांजलि से हुई, जिसके बाद उपस्थित भाई बहनों ने दादी जानकी जी की शिक्षाओं और आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला। बीके रंजू दीदी ने दादी जी के विचारों को अपनाने का आह्वान किया।

जालौर सेवा केंद्र प्रभारी बीके रंजू दीदी ने कहा, दादी जानकी जी आध्यात्मिक जगत में प्रकाशित एक अद्वितीय सितारा है। संपूर्ण विश्व में एक अदभुत अध्यात्मिक क्रांति लाने वाली विशेष आत्मा थी। 104 वर्ष की विशाल आयु संपन्न करते हुए दादी जी ने संपूर्ण विश्व को मातृत्व के रूप में आने वाली हर एक छोटा हो, या बड़ा हो, किसी भी धर्म का हो, किसी भी मान्यता वाला हो लेकिन दादी जी से मां का सच्चा प्यार, निस्वार्थ ईश्वरीय स्नेह सभी को अनुभव होता था।उन्होंने अपनी बुद्धि को इतना शक्तिशाली बनाया जिसके फल स्वरुप 1978 में अमेरिका के टेक्सेस यूनिवर्सिटी लेबोरेटरी में दादी जी के मन की तरंगों का परीक्षण करके उन्हें द मोस्ट स्टेबल माइंड इन द वर्ल्ड अर्थात दुनिया की बहुत स्थिर बुद्धि वाली महिला के रूप में उपाधि देकर सम्मानित किया आध्यात्मिक शक्ति सारे विश्व में चलने लगी जनता ने बल्कि वहां की ब्रिटिश सरकार अधिकारी सहित सभी ने उनका संपूर्ण सहयोग दिया । 1991 में लंदन के शहर के बीच में ग्लोबल कॉरपोरेशन हाउस नाम से एक भव्य भवन का निर्माण हुआ।

सेवा के लिए निमित्त पर बाद में बाकी अनेक देशों में संस्था की शाखाएं खुलने लगी । वर्तमान समय दुनिया की 145 देश में ब्रह्मा कुमारीज के सेवा केंद्र खुले हुए हैं। ऐसे महान हस्ती दादी जी ने अपना भौतिक देह 27 मार्च 2020 को त्याग संपूर्णता को प्राप्त किया। इस अवसर पर सिणधरी से ब्रह्माकुमारी विनती बहन, इंजीनियर बी एल सुधार, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, एग्जिक्यूटिव इंजीनियर बिजली विभाग से गोपाल जी, ग्लोबल आई हॉस्पिटल से डॉक्टर धनेश्वर भाई, डॉ. डी सी पुंसल, डॉ. संजय चौधरी, ललित सुथार, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, समर्थ राम माली, वाला राम, मंसाराम, हस्तीमल सुथार, आशा माता, नीतू बहन, नीतू सुथार, सूरज देवी, मंजू बेन, सागर बहन सहित कई माताएं और भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भाई बहन माताओं ने दादी जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

## अरणाय के काश्तकारों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों का किया घेराव

**सांचौर।** विगत दिनों तेज हवा के कारण किसानों की फसलें उड़ने के कारण हुए नुकसान को लेकर किसानों ने रिलायंस कंपनी के टोल फ्री नंबर पर शिकायतें दर्ज करवाई थी, जिसकी जांच के लिए कंपनी के कार्मिक विकास कुमार और टीम सर्वे के लिए अरणाय गांव में पहुंची। अरणाय ग्राम इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह चौहान और सचिव राजूराम कुराडा ने बताया कि जब किसानों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों से सर्वे करने के पश्चात एक प्रति मांगी तो रिलायंस के कार्मिकों ने उसे लेने से मना कर दिया और कहा कि अधिकारियों ने किसानों को कॉपी देने से मना किया। जिसका किसानों ने विरोध किया। किसानों का कहना था कि सर्वे प्रपत्र में कहा है कि संबंधित काश्तकार के हस्ताक्षर उनके मोबाइल नंबर और एक प्रति काश्तकार को देने का प्रावधान है। संयुक्त किसान मोर्चा के जिला मंत्री मकारम चौधरी ने बताया कि कंपनी के कार्मिकों द्वारा सर्वे रिपोर्ट में आधी अधूरी जानकारी भरकर किसानों से हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं और मौके पर फसल खराब होने का प्रतिशत भी नहीं भरते हैं। जिससे किसान बीमा क्लेम से वंचित रह जाते हैं। अरणाय में सर्वे हेतु आए रिलायंस के कार्मिक से फोन से बातचीत करने पर सर्वेयर ने बताया कि हमारे ऊपर के अधिकारी सर्वे की एक प्रति किसानों को देने से मना करते हैं, इस बात को लेकर अरणाय में मौके काफी किसान पहुंच गए और विरोध किया।

## गोल्डन गर्ल ललिता का जोरदार स्वागत

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में जालोर की बेटी ने जीता गोल्ड मेडल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23 मार्च को आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 200 मीटर रनिंग में जालोर की बेटी ललिता गर्ग ने गोल्ड मेडल जीता है। जिसके बाद शुक्रवार को पहली बार जालोर आने पर जालोर गर्ग समाज व मुख्य सचेतक ने माला व साफा बनाकर स्वागत किया। गर्ग समाज के नगर महामंत्री जितेंद्र गर्ग में बताया कि खेलो इंडिया पैरा गेम के दूसरे संस्करण दिल्ली में 23 मार्च तक 8 दिवसीय आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 200 मीटर रनिंग में जिले के सायला उपखण्ड के बोरवाडा गांव निवासी ललीता कुमारी पुत्र मोहनलाल ने गोल्ड मेडल जीत कर जालोर का नाम रोशन किया। वही प्रतियोगिता के बाद शुक्रवार को जालोर आने पर गर्ग समाज, विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व जालोर वासियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता विजेता खिलाड़ी का जगह-जगह स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि विधानसभा मुख्य सचेतक ने अपने घर पर माला,साफा पहनाया और मिठाई खिलाकर धन्यवाद दिया। गर्ग ने उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने के लिए कहा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य मिश्रीलाल बागरेचा ने कहा कि ललिता के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना जालोर एवं गर्ग समाज के लिए बड़ी उपलब्धि है और कहा कि आगे भी कड़ी मेहनत कर खेलों में नया इतिहास बनाये एवं अपने गर्ग समाज का नाम रोशन करे। इस अवसर पर संरक्षक मिश्रीलाल बागरेचा, भंवरलाल गर्ग, वेदाराम गर्ग, नगर अध्यक्ष भागीरथ गर्ग, गोपीलाल, जितेन्द्र गर्ग, ओम प्रकाश गर्ग, प्रताप गर्ग तड़वा,भंवरलाल लाल पोल, नैनाराम गर्ग बिशनगढ़, रमेश गर्ग पोषाणा, मांगीलाल आसाना, मोहनलाल बोरवाड़ा, रामेश्वरलाल, पारसमल, सुरेश गर्ग, राजू गर्ग, जगजीवन गर्ग, भूराराम बोरवाड़ा, अमरा राम बोरवाड़ा, तगाराम चौधरी आदि मौजूद रहे ।

## सुविचार

पत्थर अगर कीचड़ में मरोगे तो कीचड़ आपको ही लगेगा।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## सांगा पर संग्राम

राणा सांगा पर सड़क से लेकर संसद तक संग्राम है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को 'गद्दार' कहने वाले बयान पर विवाद छिड़ा है। राज्यसभा में भी राणा सांगा को लेकर खूब हंगामा बरपा हुआ है। शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, बवाल हो गया। सत्तापक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सत्तापक्ष के सदस्य राणा सांगा को लेकर रामजीलाल सुमन के बयान के विरोध में नारेबाजी करने लगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से इस पर अपना स्टैंड साफ करने की अपील की और कहा कि मैं नहीं मानता कि ये विचार अकेले रामजीलाल सुमन के हैं। इस पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि किसी का अपमान करने वाली टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। लेकिन कानून अपने हाथ में लेकर इन्होंने जो किया है, घर पर जाकर तोड़फोड़ करते हैं। दलितों के खिलाफ अत्याचार हम कभी सहन नहीं करेंगे। संविधान कभी किसी के घर को जलाने की इजाजत नहीं देता। आप कानून को हाथ में नहीं ले सकते हैं। बुलडोजर चलाना गलत है। वहीं कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राणा सांगा इस देश के हीरो थे। आप (सभापति) कहते हैं कि जो बात कार्यवाही से हटा दी गई है, उसे दोहराया नहीं जाता है। आज क्या हो रहा है। यही तो दोहराया जा रहा है। हम मानते हैं कि किसी भी जाति-वर्ग के महापुरुष का अपमान नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में आप किसी दलित के घर में तोड़-फोड़ करोगे, दलित का घर जलाओगे? इसके बाद बीजेपी के सांसद राधामोहन अग्रवाल का गुस्सा दिखा। भाजपा सांसद राधामोहन अग्रवाल ने उग्र तेवर में कहा कि रामजीलाल सुमन ने उसी दिन ये कह दिया होता कि गलती से बोल दिया तो ये मुद्दा खत्म हो गया होता। लेकिन उन्होंने कहा कि मर भी जाएं तो अपनी बात वापस नहीं लेंगे। अब जब तक रामजीलाल सुमन और कांग्रेस पार्टी, दोनों एक साथ खड़े होकर माफी नहीं मांगेंगे, तब तक हम समझौता नहीं करने जा रहे। इसके बाद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हम राणा सांगा की वीरता का सम्मान करते हैं। वहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान किसी को भी किसी का घर जला देने, तोड़फोड़ करने, बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की इजाजत नहीं देता। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसे जाति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि रामजीलाल सुमन दलित हैं इसलिए ऐसा हुआ। यह सेंटीमेंट है। यह एक सांसद के बयान का मुद्दा है। इसका दलित होने से कोई नाता नहीं है। सत्तापक्ष और विपक्ष की इस तकरार में सभापति जगदीप धनखड़ को दखल देना पड़ा।

### इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025

# विरोध के बीच लोकसभा में पारित



**विजय कपूर**

अगर कोई व्यक्ति नकली पासपोर्ट या वीज़ा का प्रयोग करके भारत में प्रवेश करता हुआ या अंदर रहता हुआ या बाहर जाता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे सात वर्ष तक की कैद की सज़ा और दस लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। यह आप्रवास और विदेशियों से संबंधित विधेयक, 2025 का मुख्य प्रावधान है, जिसे 27 मार्च 2025 को लोकसभा में वोइस वोट से पारित किया गया। हालांकि विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक में अनेक संशोधन करने के सुझाव दिए थे, लेकिन उनमें से एक को भी सरकार ने स्वीकार नहीं किया। इस विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जो लोग भारत में व्यापार, शिक्षा व निवेश के लिए आते हैं उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग सुरक्षा के लिए खतरा हैं, उन्हें सख्त कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है।

इमेज

अमित शाह के अनुसार, देश की सुरक्षा व अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने, निर्माण व व्यापार को प्रोत्साहित करने, शिक्षा व्यवस्था को ग्लोबल मान्यता हासिल करने और विश्वविद्यालयों को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान अर्जित कराने के लिए यह विधेयक आवश्यक है। इससे जो भी विदेशी भारत आएगा उसकी अप-टू-डेट सूचना मिलना सुनिश्चित होगा। जो भी व्यक्ति भारत आएगा उसकी कड़ी निगरानी यह विधेयक सुनिश्चित करता है, ऐसा गृहमंत्री का दावा है। विधेयक पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा, तृणमूल और कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने पहले असम में और फिर पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को गुसपैठ करने दिया। उनके मुताबिक़ घुसपैठ के लिए सुरक्षा बलों पर आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन इसके लिए असल दोषी पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सरकार और असम में कांग्रेस की पूर्व सरकारें हैं। भारत की बांग्लादेश के साथ सीमा 2,216 किमी लंबी है, जिसमें से 1,653 किमी पर फेंसिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 563 किमी में से 112 किमी पर भौगोलिक स्थितियों के कारण फेंसिंग संभव नहीं है, लेकिन 412 किमी पर फेंसिंग इसलिए अधूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल की सरकार भूमि नहीं दे रही है। गृहमंत्री के मुताबिक़ जब अगले वर्ष पश्चिम बंगाल में बीजेपी विधान सभा चुनाव जीत जाएगी तो घुसपैठ की समस्या समाप्त हो जाएगी। अमित शाह ने कहा, "अगर बंगाल सरकार आधार कार्ड जारी न करे तो कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता।"

आगे बढ़ने से पहले यहां दो बातों को स्पष्ट करना आवश्यक है। एक, यूआईडीएआई या भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। यह भारत के सभी निवासियों को आधार नामक एक विशिष्ट पहचान संख्या जारी करने के लिए ज़िम्मेदार है। इसका अर्थ यह है कि 12-अंकों वाला व्यक्तिगत पहचान नंबर का आधार कार्ड भारत सरकार की तरफ से यूआईडीएआई जारी करती है और राज्य के नोडल अधिकारी को 30-दिन की निर्धारित



अवधि के भीतर केवल किसी की पहचान पुष्टि पर आपत्ति दर्ज करने का अधिकार है। निर्धारित अवधि में अगर यह आपत्ति नहीं आती है तो आधार कार्ड के आग्रह को स्वीकार कर लिया जाता है। दूसरा यह कि भारत के गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल), जोकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है, की ज़िम्मेदारी है कि वह भारत की जो पाकिस्तान व बांग्लादेश के साथ सीमाएं हैं उनकी सुरक्षा करे और कोई घुसपैठ न होने दे। सीमा प्रबंधन की पूर्णतः ज़िम्मेदारी भारत के गृह मंत्रालय पर है। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भी बीजेपी ने अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाया था बल्कि उसका पूरा चुनाव प्रचार ही इसी मुद्दे पर आधारित था और तब भी विपक्षी दलों ने यही कहा था कि सीमा की सुरक्षा व वहां से घुसपैठ रोकने की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की है न कि राज्य सरकारों की। केंद्र में 2014 से बीजेपी की सरकार है। बहरहाल, लोकसभा में विपक्ष ने विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मांग की, जिसे सरकार ने यह कहकर ठुकरा दिया कि जिस समय विधेयक को पेश किया गया और जब उस पर विचार किया गया, उसके बीच में सुझाव देने का पर्याप्त समय था। विपक्ष ने सुझाव अवश्य दिए लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। विपक्ष इस विधेयक पर विस्तृत विचार करने के लिए जेपीसी के पास इसलिए भेजना चाहता था; क्योंकि इसमें कुछ खास विदेशियों को कानून से छूट देने का प्रावधान है साथ ही इमीग्रेशन अधिकारियों को मनमानी शक्तियां प्रदान की गई हैं। इस विधेयक में एक प्रावधान यह भी है कि विवाद के संदर्भ में इमीग्रेशन अधिकारी का निर्णय 'अंतिम व अनिवार्य' होगा। विपक्ष को डर है कि कहीं सरकार अपने आलोचकों को टारगेट करने के लिए इस प्रावधान का दुरूपयोग न करे। क्योंकि इस प्रावधान का अर्थ है कि न अपील, न बहस और न वकील, जो इमीग्रेशन अधिकारी कह दे बस वही ठीक, ऐसा कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी का कहना है। ध्यान रहे कि हाल ही में ब्रिटेन की शिक्षाविद नताशा कौल और अमेरिका की समाजवादी राजनीतिज्ञ क्षमा सावंत को भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। विपक्ष का यह भी कहना है कि विधेयक में कानून व मौलिक अधिकारों के बीच संतुलन का अभाव है। विपक्ष का मोदी सरकार पर आरोप है कि अवैध घुसपैठ को चुनावों में तो मुद्दा बनाया जाता है, लेकिन 11 साल ऑफिस में रहते हुए इस मुद्दे को संबोधित नहीं किया गया है। द्रमुक को लगता है कि जो 90,000 श्रीलंकाई तमिल पिछले तीन दशक से भारत में रह रहे हैं, उनके हित इस विधेयक से प्रभावित होंगे। अगर इस विधेयक की तुलना अन्य देशों के इमीग्रेशन कानूनों से की जाए तो अमेरिका में इमीग्रेशन न्यायाधीश होते हैं और कनाडा में विवादों के निपटारे के लिए इमीग्रेशन एंड रिफ्यूज बोर्ड है। इस प्रकार की कोई व्यवस्था भारत में प्रस्तावित नहीं है, जबकि उसका होना ज़रूरी है। विधेयक में एक प्रावधान यह भी है कि इमीग्रेशन अधिकारी 'क्षतिग्रस्त' पासपोर्ट को ज़ब्त कर सकते हैं, जबकि 'क्षतिग्रस्त' को परिभाषित नहीं किया गया है। इससे यह आशंका बढ़ जाती है कि इमीग्रेशन अधिकारी अपनी मनमर्ज़ी से किसी के भी पासपोर्ट को 'क्षतिग्रस्त' घोषित करके उसे ज़ब्त कर सकते हैं और उनके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकती। एक अन्य विवादित प्रावधान यह है कि अगर किसी विदेशी पर अवैध हरकत का शक है तो उसे हेड कांस्टेबल गिरफ्तार कर सकता है और उसे दो से सात साल तक की कैद की सज़ा हो सकती है। विपक्ष का सुझाव था कि यह अधिकार कम से कम इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को दिया जाना चाहिए था। इस सुझाव को भी ठुकरा दिया गया।

## पंचांग

शनिवार, 29 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - अमावस्या 16.29 तक
- वार - शनिवार
- नक्षत्र - उत्तराभाद्रपद 19.28 तक
- योग - ब्रह्म 22.05 तक
- करण - किंस्तुघ्न 26.41 तक
- सूर्योदय - 06.37 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.50 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.35 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.56 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मीन
- अभिजित् मुहूर्त - 12.19 से 13.08
- राहु काल - 09.39 से 11.11
- व्रत, त्यौहार - पंचक, दर्श अमावस्या, खंडग्रास सूर्य ग्रहण, शनि मीन में 21.40
- दिशा शूल - पूर्व

- शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



वास्तु शास्त्र

## घर में सुख, समृद्धि लाएं विंड चाइम्स

**मधु सिंह**

विंड चाइम सिर्फ घर की डेकोरेशन के लिए एक डेकोरेटिव महत्व की चीज ही नहीं है यह इसके अलावा और बहुत कुछ है। यह घर के बरामदे या बागीचे की शोभा बढ़ाती है। इनसे टकराकर जब हवा गुजरती है तो इनसे जो मधुर स्वर निकलते हैं, उससे घर में नकारात्मक वाइब्स दूर होती हैं और हमारे आसपास का वातावरण शांतिपूर्ण और प्रेरक हो जाता है। पवन के झोंके विंड चाइम्स की झनकार को बाहरी तौरपर ही नहीं, हमारे भीतर भी गुंजायमान करते हैं। ये हमारे भीतर भी हवा का एक संगीत निर्मित करती है और हम खुद को प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़ा महसूस करते हैं। विंड चाइम्स में बजने वाली ध्वनि एक सुखद ध्वनि से ज्यादा और कुछ है। वास्तुशास्त्र के मुताबिक़ इसका कंपन हमारे भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। यह हमारे जीवन में सौभाग्य, सुख, समृद्धि लाता है, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। विंड चाइम का उपयोग मानव सभ्यता में हजारों सालों से होता आ रहा है। इसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। इसकी हर झनझनाहट को ईश्वर या प्रकृति का संदेश माना जाता था। यही वजह है कि विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में इसका खासा महत्व है। घर और आसपास के माहौल को शांति और सकारात्मक बनाने के लिए अपने गार्डेन, बरामदे या घर के जिस भी हिस्से में हम विंड चाइम लगाना चाहते हैं, उसे लगाने से पहले हमें कुछ बातों पर गौर करना चाहिए। जिस जगह के लिए हम विंड चाइम खरीदना चाह रहे हैं, उस जगह के अनुरूप ही हम मिट्टी, कांच, लकड़ी, धातु या सिरेमिक की विंड चाइम ले सकते हैं। विंड चाइम खोखली नली वाली ही खरीदनी चाहिए, इससे मधुर ध्वनि आती है। पीतल या स्टील की बनी विंड चाइम में रॉड की संख्या 6 से 7 होनी चाहिए। बांस की विंड चाइम में रॉड की संख्या तीन चार होती है। इको फ्रेंडली यह विंड चाइम घर में सकारात्मक ऊर्जा लाती है।

## तारीख विशेष

### मंगल पांडे का विद्रोह

'भारतीय इतिहास' में 29 मार्च, 1857 का दिन अंग्रेज़ों के लिए दुर्भाग्य के दिन के रूप में उदित हुआ। पांचवी कंपनी की चौंतीसवीं रेजीमेंट का 1446 नं. का सिपाही वीरवर मंगल पांडे अंग्रेज़ों के लिए प्रलय-सूर्य के समान निकला। बैरकपुर की संचलन भूमि में प्रलयवीर मंगल पांडे का रणघोष गूंज उठा-

"बंधुओ! उठो! उठो! तुम अब भी किस चिंता में निमग्न हो? उठो, तुम्हें अपने पावन धर्म की सौगंध! चलो, स्वातंत्र्य लक्ष्मी की पावन अर्चना हेतु इन अत्याचारी शत्रुओं पर तत्काल प्रहार करो।" मंगल पांडे के बदले हुए तेवर देखकर अंग्रेज़ सारजेंट मेजर ह्यूसन उसने पथ को अवरुद्ध करने के लिए आगे बढ़ा। उसने उस विद्रोही को उसकी उद्दंडता का पुरस्कार देना चाहा। अपनी कड़कती आवाज़ में उसने मंगल पांडे को खड़ा रहने का आदेश दिया। वीर मंगल पांडे के अरमान मचल उठे। वह शिवशंकर की भांति सन्नद्ध होकर रक्तगंगा का आह्वान करने लगा। उसकी सबल बाहुओं ने बंदूक तान ली। उसकी सधी हुई उंगलियों ने बंदूक का घोड़ा अपनी ओर खींचा और घुड़ड़ घूंsss का तीव्र स्वर घहरा उठा। मेजर ह्यसन घायल कबूतर की भांति भूमि पर तड़प रहा था। उसका रक्त भारत की धूल चाट रहा था। 1857 के क्रांतिकारी ने एक फिरंगी की बलि ले ली थी। विप्लव महायज्ञ के पुरोधा मंगल पांडे की बंदूक पहला 'स्वारा' बोल चुकी थी। स्वातंत्र्य यज्ञ की वेदी को दस्यु-देह की समिधा अर्पित हो चुकी थी। खबरदार, जो कोई आगे बढ़ा! आज हम तुम्हारे अपवित्र हाथों को ब्राह्मण की पवित्र देह का स्पर्श नहीं करने देंगे। ह्यसन को धराशायी हुआ देख लेफ्टिनेंट बॉब वहां जा पहुंचा। उस अश्वारूढ़ गोरे ने मंगल पांडे को घेरना चाहा। पहला ग्रास खाकर मंगल पांडे की बंदूक की भूख भड़क उठी थी। उसने दूसरी बार मुंह खोला और लेफ्टिनेंट बॉब घोड़े सहित भू-लुंठित होता दिखाई दिया। गिरकर भी बॉब ने अपनी पिस्तौल मंगल पांडे की ओर सीधी करके गोली चला दी। विद्युत गति से वीर मंगल पांडे गोली का वार बचा गए और बॉब खिसियाकर रह गया। अपनी पिस्तौल को मुंह की खाती हुई देख बॉब ने अपनी तलवार खींच ली और वह मंगल पांडे पर टूट पड़ा। पांडे की तलवार का ऐसा वार पड़ा कि बॉब का कंधा जड़ से कट गया।

### विनोद कुमार शुक्ल

# मानवीय अंतर्दृष्टि के अप्रतिम कवि

**लोकमित्र गौतम**

हताशा में एक व्यक्ति बैठ गया था/व्यक्ति को मैं नहीं जानता था/हताशा को जानता था/इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया/मैंने हाथ बढ़ाया/मेरा हाथ पकड़ कर वह उठ खड़ा हुआ/मुझे वह नहीं जानता था/मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था/हम दोनों साथ चले/दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे/साथ चलने को जानते थे। इस कविता में साथ चल सकने की संभावना की जो गहरी अंतर्दृष्टि है, वह हमें हतप्रभ कर देती है। इसी के कारण कविता मनुष्यता का विराट ब्रह्मांड बन जाती है। छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर में रहने वाले विनोद कुमार शुक्ल गहरी अंतर्दृष्टि के साहित्यकार हैं। उन्हें वर्ष 2024 के लिए 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ के मुताबिक़ विनोद जी को हिंदी साहित्य में उनके अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और अपनी विशिष्ट लेखन शैली के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। वह हिंदी के 12वें ऐसे साहित्यकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही वह ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले लेखक हैं।

सुप्रसिद्ध कथाकार और खुद भी ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में प्रवर परिषद द्वारा उन्हें पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया। चयन समिति में माधव कौशिक, दामोदर मावजो, प्रभा वर्मा, डा. अनामिका, डा. ए. कृष्णा राव, प्रफ्फुल शिलेदार, डा. जानकी प्रसाद शर्मा और ज्ञानपीठ के निदेशक मधुसूदन आनंद शामिल थे। 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल पिछले 50 साल से लेखन कर रहे हैं। उनका पहला कविता संग्रह शलगभग जय हिंदश् 1971 में प्रकाशित हुआ था। इसके ठीक दस सालों बाद उनका दूसरा कविता संग्रह 'वह आदमी चला गया' आता है। लेकिन इसके 2 साल पहले उनका चर्चित उपन्यास 'नौकर की कमीज' भी आ चुका और चर्चित हो चुका होता है। इसलिए उनके आठ कविता संग्रहों, छह उपन्यासों और पांच कहानी संग्रहों के बीच यह तय कर पाना बहुत मुश्किल है कि वह मूलतः कवि हैं, उपन्यासकार हैं, कथाकार हैं या बाल साहित्यकार हैं जैसे कि हाल के सालों में उन्होंने पाने बाल साहित्य लेखन से ध्यान खींचा है। विनोद शुक्ल के उपन्यास 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' हिंदी के श्रेष्ठ उपन्यासों में शुमार हैं। उनके उपन्यास 'नौकर की कमीज' पर जाने-माने फिल्मकार मणिकौल ने 1999 में 'नौकर की कमीज' नाम से एक फिल्म भी बनाई थी, जिसमें पंकज सुधीर मिश्रा, अनु जोसेफ़ और ओम प्रकाश द्विवेदी ने काम किया था। अपनी एक अलग लेखन शैली के लिए लोकप्रिय विनोद कुमार शुक्ल ने बड़ों के साथ बच्चों के लिए भी लिखा है, 'हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़' उपन्यास समेत बच्चों उनकी कई और किताबें हैं जैसे- 'बना बनाया देखा आकाशा, बनते कहां दिखा आकाश', 'गमले में जंगल', 'पेड़ नहीं बैठता', 'एक चुप्पी जगह'। जिस तरह से हर तरफ उनके लेखन का स्वागत हुआ है,उसी तरह हर सम्मान भी उन पर खूब मेहरबान रहे हैं। अमेरिकन नाबोकॉव अवॉर्ड पाने वाले पहले एशियाई लेखक हैं। कविता और उपन्यास लेखन के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजनभारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुंदरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे अनेक पुरस्कार उन्हें लगातार मिलते रहे हैं। उन्हें उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिल चुका है। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी दिया गया है। दुनिया भर की भाषाओं में उनकी किताबों के अनुवाद हो चुके हैं। उनका लेखन सरल भाषा, गहरी संवेदनशीलता और अद्वितीय शैली के लिए जाना जाता है। वह मुख्य रूप से हिंदी साहित्य में अपने प्रयोगधर्मी लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं।

उनकी भाषा बहुत ही सहज और सरल होती है, लेकिन उसमें गहरी दार्शनिकता छिपी होती है। वे साधारण जीवन के अनुभवों को इतने अनूठे ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि वे असाधारण लगने लगते हैं। दरअसल विनोद जी धीमी गति और धीरजपूर्ण शैली के लेखक हैं। उनकी रचनाएं तेज घटनाक्रम या नाटकीय मोड़ों पर आधारित नहीं होतीं बल्कि उनमें अपनी ही तरह की एक स्थिरता होती है। उनके उपन्यासों में घटनाएं बहुत धीरे-धीरे खुलती हैं, मगर उनकी गूंज लंबे समय तक बनी रहती है। विनोद कुमार शुक्ल के लेखन में जादुई यथार्थवाद की झलक मिलती है, इसीलिए उनके यहां आम जीवन में भी एक प्रकार की अलौकिकता और काव्यात्मकता देखने को मिलती है। उनके पात्र आमतौर पर साधारण लोग होते हैं- किसान, शिक्षक, छोटे कर्मचारी दृ लेकिन वे अपने विचारों, भावनाओं और दृष्टिकोण में असाधारण होते हैं। वे अपने जीवन की छोटी-छोटी चीज़ों में गहरा आनंद और काव्यात्मकता खोजते हैं। हालांकि यह कह पाना आसान नहीं है कि वह कवि ज्यादा अच्छे हैं या गद्यकार लेकिन उनकी भाषा बुनियादी रूप से काव्यात्मक है। इसलिए उनकी गद्य रचनाओं में भी एक विशिष्ट किस्म की काव्यात्मकता है। उनका गद्य अक्सर दृश्यात्मक और जीवंत होता है, जो पाठकों को एक अलग अनुभव देता है। उनकी कहानियों और उपन्यासों में महानगरों की- श्यावलियां बहुत कम मिलती हैं,लेकिन छोटे शहरों और गांवों के बेहद यथार्थपरक चित्रण मिलते हैं। लेकिन वे इसे किसी आदर्शवाद या नॉस्टैल्जिया के चश्मे से नहीं देखते। उनका फोकस मनुष्य और उसकी सहज प्रवृत्तियों पर रहता है। उनके लेखन में एक सूक्ष्म हास्य और व्यंग्य भी देखने को मिलता है, जो न तो कटु होता है और न ही आक्रामक, बल्कि समाज की छोटी-छोटी विडंबनाओं को उजागर करने का माध्यम बनता है। उनके लेखन में प्रकृति और जीवन का अनूठा रिश्ता पूरे मनोवेग से मौजूद होता है। उनकी कृतियों में पेड़, पक्षी, बारिश, और धूप मात्र सजावटी तत्व नहीं होते, बल्कि वे मानवीय भावनाओं के प्रतीक बन जाते हैं।



## गीता सार

**इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।**
**निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद्ब्रह्मणि ते स्थिताः॥**
**न प्रहृष्येत्प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाप्रियम्।**
**स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः॥**

**हिंदी अर्थ –**

जिनका मन सम भाव में स्थित है, उनके द्वारा यहां संसार में ही लय (मुक्ति) को प्राप्त कर लिया गया है, क्योंकि ब्रह्म निर्दोष और सम है, इसलिए वे ब्रह्म में ही स्थित है। जो प्रिय को प्राप्त होकर हर्षित नहीं होता और अप्रिय को प्राप्त होकर उद्विग्न नहीं होता, वह स्थिरबुद्धि, संशयरहित, ब्रह्म को जानने वाला पुरुष परब्रह्म में नित्य स्थित है।

## बोले तो...



बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भले ही डूब रही हो, लाखों लोगों ने अपनी आजीविका खो दी हो, मुद्रास्फीति नियंत्रण से बाहर हो गई हो, लेकिन बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और उनके विश्वासपात्रों ने साढ़े सात महीने बहुत अच्छे से गुजारे हैं।

**- मोहम्मद ए. अराफात**



साफ संकेत हैं कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की भलाई को लेकर चिंतित हैं। लेकिन परेशानी ये है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हो रही है, वरना हम अपनी चिंताओं को सीधे पाकिस्तान के सामने बता सकते थे और समस्या का निवारण करने की मांग कर सकते थे।

**- शशि थरूर**



हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं। फरवरी 2025 में हिंदू समुदाय के खिलाफ अत्याचार के 10 मामले और सिख समुदाय से संबंधित तीन घटनाएं हुईं। ईसाई समुदाय से संबंधित एक मामला था। एक व्यक्ति पर पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगा था।

**- एस. जयशंकर**

## कुछ अलग | अजब गजब

# ऑनलाइन बिक रहा दो कमरों का घर, छोटे परिवारों के लिए एकदम पर्फेक्ट

आजकल ऑनलाइन सामान बड़ी आसानी से मिल जाते हैं। आप घर बैठे फोन पर कुछ बटन दबाकर ही अपना मनचाहा सामान ऑर्डर कर सकते हैंष पर क्या आप जानते हैं कि अब आप ऑनलाइन घर भी ऑर्डर कर सकते हैं? इन दिनों एक घर के खूब चर्चे हैं, जो एक ऑनलाइन सामान बेचने वाले पोर्टल पर उपलब्ध है। ये 2 कमरों का छोटा सा मकान है जो छोटे परिवारों के लिए पर्फेक्ट है, पर जब आप इसकी कीमत सुनेंगे, तो तुरंत ऑर्डर करने का मन हो जाएगा क्योंकि ये बहुत सस्ते दाम में उपलब्ध है।

रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन मार्केट प्लेस पर हाल ही में एक छोटा घर बिक रहा है जिसमें 2 कमरे और एक लिविंग स्पेस भी मौजूद है। घर के लिए कहा गया है कि इसे वो लोग भी खरीद सकते हैं, जिनके पास अपने घर तो हैं, पर वो मेहमानों के लिए अलग से एक लिविंग स्पेस चाहते हैं। इसे किराये पर चढ़ाकर पैसे भी कमाए जा सकते हैं। ये घर 20 फीट की चौड़ाई और 2.4 मीटर की सीलिंग है। चीन से आप इसे फ्री शिपिंग के साथ ऑर्डर कर



सकते हैं। इसके लिए करीब 2 महीने डिलीवर होने में लग जाते हैं। ये प्रोडक्ट समुद्र के रास्ते भेजा जाता है और सीधे ग्राहक के दरवाजे तक लाया जाता है। आप अपने से घर का लुक तय कर सकते हैं क्योंकि इसमें अलग-अलग रंग भी मौजूद हैं। सफेद, काला और भूरा एक्सटीरियर भी मौजूद है।

घर की कीमत

अगर किसी कारण से आपको अपना घर नहीं पसंद आया, तो आप घर को रिटर्न भी कर सकते हैं, कंपनी आपको पैसे भी लौटा देगी, हालांकि, तय समय के अंदर ही घर को लौटाना होगा। अगर आप थोड़ा बड़ा घर भी चाहते हैं, तो वो भी उपलब्ध है। ये 30 फीट और 40 फीट के साइज में भी उपलब्ध हैं। अब चलिए करते हैं कीमत की बात तो 20 फीट वाला घर महज 5.9 लाख रुपए में मिल रहा है। वहीं 30 फीट वाला 8.7 लाख रुपए और 40 फीट वाला घर 9.8 लाख रुपए का मिल रहा है।

## पाठक पाती

### जांच आयोग की रिपोर्टें डाल दीं जातीं ठंडे बस्ते में

जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर सरकारों द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। यह एक आम प्रवृत्ति है जिसमें सरकारें जांच आयोगों का गठन करती हैं ताकि वे जनता की आक्रोश को शांत कर सकें, लेकिन जब रिपोर्ट तैयार हो जाती है, तो उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है या उनके सिफारिशों पर अमल नहीं किया जाता है। इस समस्या का एक मुख्य कारण यह है कि जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर सरकारों के लिए असुविधाजनक होती हैं। इन रिपोर्टों में अक्सर सरकारों की नीतियों और कार्यों की आलोचना की जाती है, जो सरकारों के लिए अप्रिय होती है। इसलिए, सरकारें अक्सर इन रिपोर्टों को नजरअंदाज कर देती हैं या उनके सिफारिशों पर अमल नहीं करती हैं। एक अन्य कारण यह है कि जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर समय के साथ पुरानी हो जाती हैं।

**- सुभाष बुड़ावन वाला,रतलाम**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# भजनलाल सरकार का विचार-सुशासन, विकास और समर्पणः आर्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा है कि सुशासन, विकास और समर्पण ही प्रदेश की भजनलाल सरकार की विचारधारा है। जिला प्रमुख वंदना आर्य शुक्रवार को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहे साप्ताहिक समारोह अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित सुशासन एवं विकास उत्सव में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य अतिथि में भीलवाड़ा में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहा। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। एडीएम अर्पिता सोनी व सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ आरजी सेपट ने अतिथियों का स्वागत किया। आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सुविधाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार समग्र प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति तीव्र हुई है। आज सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर मॉनीटरिंग व प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सुशासन की अवधारणा को साकार करने के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़े और सरकार के साथ कदम मिलाकर साथ चलें। हम परिवेश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को जागरूक करते हुए लाभान्वित करें। जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सभी वंचित व पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे। इसके लिए हम सभी स्थानीय स्तर पर सजग प्रयास करें। सरकार का सुशासन व विकास का संकल्प हम सभी मिलकर पूरा करें। पंच गौरव पुस्तिका का किया विमोचन सुशासन एवं विकास उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी, डीएफओ वीरेन्द्र कृष्णिया, सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ आरजी सेपट, सीपीओ भागचंद खारिया, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, आत्मा परियोजना निदेशक राजकुमार कुल्हरि, उद्योग महाप्रबंधक उजाला सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया। उपनिदेशक सेपट ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत चूरू जिले की विरासत एवं पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए पंच गौरव के रूप में एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति के रूप में खेजड़ी, एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में सालासर बालाजी मन्दिर, एक जिला-एक उपज के रूप में ग्वारपाठा, एक जिला एक खेल के रूप में एथलेटिक्स, एक जिला-एक उत्पाद में वुडन उत्पाद चिन्हित किये गए है। उन्होंने बताया कि पंच गौरव हेतु तैयार पुस्तिका में जिले के पंच गौरव की वर्तमान स्थिति तथा उनके विकास हेतु प्रस्तावित कार्य योजना का विवरण प्रस्तुत किया गया है। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों को हैल्थ कवरेज (आरजेएचएस) योजना का विमोचन किया तथा यूडीएच, एलएसजी व राजस्व विभाग द्वारा डेलीगेशन के ऑर्डर, पं. दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, उप पंजीयक कार्यालय का समय सप्ताह में दो दिन सवेरे 8 बजे से सांय 8 बजे तक करने, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण के आदेश, अन्नपूर्णा भंडार के दिशा-निर्देश, जल जीवन मिशन (शहरी) के दिशा-निर्देश, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली 150 यूनिट मुफ्त बिजली के दिशा-निर्देश, राजस्थान सर्कुलर इकॉनॉमी इंसेटिव स्कीम के दिशा-निर्देश, मा योजना के तहत न्यू पैकेज व नेत्र वाउचर स्कीम के निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना के निर्देश, नए जिलों में डीएमएफटी गठन के आदेश, विधायक जन सुनवाई केन्द्र के संबंध में दिशा-निर्देश, भवन निर्माण उपनियम, चिकित्सा एप्प लॉन्चिंग, ई-वर्क पोर्टल व ई-वर्क मोबाइल एप्प लॉन्चिंग, राजस्थान सम्पर्क 2.0 परियोजना का शुभारंभ किया।



## चेक गुम करने और सौदाबाजी का उपभोक्ता ने बैंक पर लगाया आरोप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तहसील के निकटवर्ती हरियाणा के बहल कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के शाखा के उपभोक्ता मनोज सोनी ने बैंक पर गंभीर आरोप लगाए हैं उनका कहना है कि उन्होंने वर्ष 2019 में बैंक में 100000 का चेक जमा किया था, लेकिन बैंक ने चेक को गुम कर दिया और अब बैंक मैनेजर ने उन्हें ?50000 लेकर मामला सुलझाने का प्रस्ताव दिया है मनोज सोनी ने बताया कि उन्होंने 10 फरवरी 2019 को चेक नंबर 42 076 6 को बैंक में जमा करवाया था, लेकिन कई दिनों तक चेक क्लियर नहीं हुआ इसके बाद उन्होंने बैंक मैनेजर से संपर्क किया लेकिन बैंक के तत्कालीन मैनेजर ने न केवल संतोषजनक जवाब देने में असमर्थता जताई, बल्कि 30000 से 50000 में समझौता करने का दबाव भी बनाया मनोज सोनी ने बताया कि बैंक की लापरवाही के कारण उन्होंने मानसिक एवं आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है और स्थानीय उपभोक्ता ने भी रिजर्व बैंक और बैंकिंग प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है इस घटना ने बैंकिंग प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक की आधारशिला रखी गई

### महाराजा गंगा सिंह चौक के लिए भी स्थान आरक्षित करने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** शुक्रवार को स्थानीय सूर्य भवन मंदिर के पास वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक की आधारशिला रखी गई। महाराणा प्रताप युवा संगठन के केशव सोलंकी ने बताया कि चौक के लिए लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा था।

प्रताप युवा संगठन के बैनर तले सभी समाज के लोगों ने इस चौक के संघर्ष के लिए साथ दिया उन्होंने बताया कि जल्द ही वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति यहां पर लगाई जाएगी। इस अवसर पर राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मेहरुनिसा टाक ,महंत गोपाल नाथ, महंत द्वारका नाथ,राजपूत महासभा के अध्यक्ष नाहर सिंह ,विक्रम सिंह रातुसर, मोहन सिंह, सवाई सिंह भाटी, प्रताप सिंह भाटी, ओम सिंह, श्रीराम व्यास, तेजपाल सिंह, बलदेव सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, शंकर सिंह, अजीत सिंह सोलंकी , अनिल सिंह, पार्षद गंगाराम पांडिया,राजकुमार सरावगी,पार्षद पवन कंदोई,पार्षद इरफान रावण, रामू जोशी, राजू सिंह सोलंकी , उदय सिंह, विक्रम भाटी समेत अनेक लोग उपस्थित थे। महाराजा गंगा सिंह चौक के लिए, स्थान आरक्षित करने की मांग इसके बाद राजपूत महासभा के अध्यक्ष नाहर सिंह बिरकाली,केशव सिंह सोलंकी और विक्रम सिंह रातूसर के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगो ने अधिशासी अधिकारी बसंत कुमार सैनी को ज्ञापन देकर महाराजा गंगासिंह चौक की स्वीकृति की मांग की । ज्ञापन में बताया गया है कि महाराजा गंगा सिंह राजस्थान समेत पूरे देश के लिए आदर्श है इन्हें राजस्थान का भागीरथ भी कहा जाता है और काफ़ी समय से सर्व समाज के लोगों द्वारा महाराजा गंगा सिंह चौक की मौंग की जा रही है इसलिए सर्व समाज की भावना को देखते हुए यह स्वीकृति प्रदान की जाए, ज्ञापन के समय सर्व समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।



## स्वामी गोपाल दास चौक पर होगा गणगौर महोत्सव कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तीज त्यौहार बावड़ी ले डूबी गणगौर राजस्थान की यह कहावत विश्व प्रसिद्ध है, सनातन धर्म में गणगौर अंतिम तैयार के रूप में मनाया जाता है। 31 मार्च को गणगौर महोत्सव के तहत शहर के स्वामी गोपाल दास चौक पर लोक संस्कृति का भव्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम संयोजिका विमला शर्मा और जय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे शुरू होगा जो गढ़ चौराहे पर 5 गणगौरो के मिलन होने तक चलेगा। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा चंग और ढफ की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में लोकेश सिंधी, विनोद राठी, सुशील शर्मा, महेश हारित, रामोतार लोहिया, पंकज ओझा, सोनू हारित, सौरभ ओझा आदि उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की वायदा खिलाफी से देश भर के अन्नदाता बेहद दुःखीः न्यौल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान-मजदूर-कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं कॉंग्रेस जिला उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीति एवं वायदा खिलाफी से देश भर के अन्नदाता बेहद दुःखी हैं।

किसान नेता न्यौल आज यहां किसान कार्यालय में पंजाब के मोगा क्षेत्र से आये किसानों के सिस्ट मण्डल से बात-चित कर रहे थे। उन्होंने कहा की राजस्थान के अन्नदाता से भी ज्यादा पंजाब के किसान दुःखी हैं, दिल्ली बोर्डर पर किसानों के विरुद्ध तीनों काले कानून थोपनें पर शोषित किसानों ने सरकार के विरुद्ध लम्बा आन्दोलन किया 750 से भी अधिक किसान आन्दोलन के दौरान शहीद हो गये अन्तोगत्वा मोदी सरकार ने तीनों काले कानून वापिस लेकर जो वायदे एमएसपी गारंटी कानून बनानें, किसानों की आय दौगुनी करने तथा आन्दोलन के समय किसानों पर हुए मुकदमें वापिस लेने जैस ठौस वायदे किये थे लेकिल आज दो वर्ष बित जाने के बाद भी उनकी क्रियान्वति नहीं कि जिससे किसान बेहद दुःखी हैं पंजाब के किसानों ने बात-चित के दौरान आज यहां बताया की जब तक हम देश भर के किसान एक जुट होकर सरकार के विरुद्ध आन्दोलन नहीं करेंगे तब तक सकारात्मक परिणाम नहीं आयेंगे। अन्होने राजस्थान और पंजाब में संयुक्त रूप से जन जागृति अभियान चलाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर सरदार लिछमण सिंह गिल, सुखचैन सिंह, गुरबाज सिंह, लक्ष्मणराम मेघवाल, कबिरदास स्वामी, हरिराम न्यौल सहित अनेक किसानों ने भाग लिया तत्पश्चात रविवार 30 मार्च 2025 से संयुक्त रूप से किसान जन जागृति करने का निर्णय लिया।

## बूंटियां गांव के व्याख्याता दलीप को मिली पीएचडी की उपाधि

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डावला में कार्यरत व्याख्याता दलीप कुमार मीना को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा विद्या वाचस्पति (पीएचडी) उपाधि प्रदान की गई। गाँव बूंटियां निवासी दलीप कुमार मीना ने अपना शोध कार्य राजकीय लोहिया महाविद्यालय के आचार्य डॉक्टर हेमंत मंगल के मार्गदर्शन में किया है साथ ही राजकीय कला महाविद्यालय सीकर के सह आचार्य डॉ.जितेंद्र डी सोनी ने शोध कार्य में शोधार्थी का समय-समय पर सहयोग किया।

## सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाती वर्तमान पीढ़ी : प्रदीप पुरोहित

### महाराजा गंगा सिंह चौक के लिए भी स्थान आरक्षित करने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** गणगौर पूजा वर्षो से चली आ रही सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाती वर्तमान की पीढी पुष्करणा प्रदीप पुरोहित के निवास नोहर में करीब 35 युवतियों का समूह प्रातः काल हर दूब लाने से गणगौर पूजा प्रारम्भ होती है फिर दूब से ढण्डे पानी दूध,दही के मिश्रण से गौर को स्नान करवा कर पूजा व श्रृंगार किया जाता है । श्रृंगार में प्रत्येक युवती सोलह सोलह बिंदी काजल व कुमकुम से अर्पित कर अपने सोलह श्रृंगार यानी अखण्ड सौभाग्य का आशीर्वाद लेती है । दोपहर में बंदौरा प्रारम्भ होता है जो आमंत्रण के अनुसार क्रम चलता है प्रत्येक मंगल कार्य के अलग अलग गीत गाये जाते है जैसे बाडी वाला बाडी खोल छोरयां आई दूब ने , म्हे आज सवेरे उठ स्यां, गौर ए गणगौर माता खोल ए किवाडी , हे गौरी मैया मात गवरजा में पूजा करने आई हूँ, टीकी रामा के जामा, चूंदडी , आज म्हारो गौर बंदौरी निसरयो आदि पारंपरिक राजस्थान मनमोहक गीतो में उत्साह व जोश दिखाई देता है । इस समूह में प्रतिभा , कोमल, छवि, दिव्या, चारू, पूजा, पूनम, उदिता, मान्या, कुसुम, धापू, स्वाति, जयश्री, सपना, सलोनी, सोनल, मुस्कान, निकिता, ममता, भूमि, सिमरन आदि है इन सभी का मार्गदर्शन सन्तोष, राज कुमारी, पुष्पा, मनीषा बडे ही मनोयोग से करते है। गणगौर पूजा सोलह दिन चलती है।

## कॉम काजियांन नौजवान कमेटी ने किया रोज़ा इफ़्तार का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मुख्यालय भारतीया कूवे के सामने झरिया वाली गली में कॉम काजियांन नौजवान कमेटी ने रोजा इफ्तार का अयोजन हर साल की तरह शानदार रखा जिसमे बड़ी तादाद में रोजेदार शामिल हुवे। इस दौरान मुख्य



वक्ता मक्की मस्जिद ईमाम हबीबुल्ला और इमाम तुफैलमदार ने दुवा कर वाकर रोजा खुलवाया और देश में अमन चौन भाई चारे व तरक्की की दुवाएं की। रोजे दारो के साथ नन्हे इब्राहीम और मोहम्मद रमजान ने भी रोजा खोला कार्य कर्म में हॉलसेल भण्डार चेयरमैन मोहनलाल गड्वाल, ऐं ई एन सुरेश शर्मा, जाकिर झरियावाला, कॉम काजियान सदर संजय भाटी,चुरु जिला अंजुमन अल -शबाब ,कमेटी अध्यक्ष जमील चौहान, पार्षद इस्माइल भाटी, पार्षद शाहरुख खान, मुबारक भाटी, आदि उपस्थित थे। कॉम काजियान नौजवान कमेटी मोहम्मद असलम, आबिद, आसिफ़, मोहम्मद नाजिम, तौफीक, मोहम्मद इकबाल, बिछू पठान मुबारक हुसैन, सैय्यद हुसैन, अब्बदुला सहित, अली मोहम्मद, ने रोजा इफ्तार में आए रोजेदारों का इस्तकबाल किया।

## चार दिवसीय नाट्य फेस्टिवल के दूसरे दिन जीवन की रिक्तता बयां कर गया 'खांचे'

### कलाकारों के सशक्त व दमदार अभिनय से दर्शकों नाटक से बांधे रखा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** जिंदगी की भागदौड़ में कुछ पल ऐसे थे, जो खाली रह गए। जिन्हें जीना चाहिए था। वही खाली पल बाद में बहुत खलते हैं। कुछ इसी तरह का संदेश देता नजर आया सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में मंचित नाटक खांचे। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर अपना थियेटर, कलाअंकुर, आधुनिक नाट्यकला संस्थान, आप-हम संस्था, इंडियन लेडिज क्लब, न्यू आदर्श शिक्षा समिति, द टर्निंग पॉइंट स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से चार दिवसीय नाट्य फेस्टिवल के द्वितीय दिन अभिनय गुरुकुल संस्था द्वारा अरु स्वाति व्यास के निर्देशन में नाटक खांचे मुख्य किरदार विनायक आचार्य के इर्द-गिर्द बुनी गई है। विनायक एक ऐसा व्यक्ति है, जो अपने जीवन को धीर-गंभीर और अनुशासित रूप से में जीना पसंद करता है। इस बीच वह अपने अति अनुशासित स्वभाव के कारण जीवन के उन पलों का आनंद लेने से महरूम हो जाता है। जो उनको जीने के लिए मिले थे। बचपन, युवा या वृद्ध आयु में वह आनंद से दूर रहता है। पतंगबाजी हो या सितोलिया खेलना या फिर होली के रंग और दोस्तों के साथ मटरगश्ती, विनायक इन सभी से महरूम रहता है। अंत समय में उनके जीवन में एक रिक्त स्थान रह जाता है। इन्हीं रिक्त स्थान को खांचे नाम दिया गया है। इस नाटक की कहानी मूल रूप से रघुनंदन त्रिवेदी की है। इसका नाट्य रूपान्तरण अरु व्यास ने तैयार किया है। नाटक को स्वाति अरु व्यास ने निर्देशित किया है। मुख्य किरदार विनायक के बचपन, युवा और वृद्धावस्था को तीन अलग-अलग कलाकारों सुधांशु मोहन, कमल, व कृष्णकांत व्यास ने मंच पर अपने अभिनय से जीवंत किया है। नाटक में लड़की (स्वरू व्यास), ख्वाहिश (खुशी व्यास), पत्नी (ऋतु चौहान, स्वाति व्यास), शिक्षक (कमल) टीनू (आदित्य नारायण व्यास), पोस्टमैन (पंकज पुरोहित), सूत्रधार (तनुज टांक) दोस्तों की भूमिका में, राहुल सेन, योगेश विश्नोई, द्रविंत सिंह, लवजीत ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फेस्टिवल के प्रारंभ में अजमेर फेस्टिवल व प्रथम दिन मंचित नाटक के बारें में जानकारी दी गई। अंत में कलाकारों का सम्मान व नाट्य निर्देशक को माला पहनाकर आयोजकों की ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शहर के रंगकर्मी, साहित्यकार व प्रबुद्धजन उपस्थित थे, जिनमें राजा दी थारानी, सुनील दत्त जैन, कंवल प्रकाश किशनानी, डॉ. हरबस दुआ, गिरधर तेजवानी, एस.पी.मित्तल, सुरेन्द्र चतुर्वेदी, सोमरत्न आर्य, रमेश अग्रवाल, प्रीति तोषनीवाल, रास बिहारी गौड़, अनंत भटनागर, पवित्र कोठारी, श्रीमती श्वेता आनंद, हमेन्त भाटी, अनिल जैन, प्रहलाद पारीक,,, प्रशान्त अग्रवाल, पुष्पा लोढ़ा, डॉ. लाल थदानी, नरेश अगवानी, ख़्ब्बा, मेघा, पद्मा, विमलेश, भामिनी, वरिष्ठ रंगकर्मी लाखन सिंह, यॉबी जॉर्ज, निरंजन कुमार, राजेन्द्र सिंह, उज्जवल मित्रा, विष्णु अवतार भार्गव, नरेन्द्र भारद्वाज, विकल्प सिंह, हरीश बेरी, अरविंद, रतन, अंशुल, शैलूष, मुकेश, सतीश कुमार, जुम्मा खान, तरूण, मोहित, शब्बीर, तरूण कुमार, गिरराज, गोपाल बंजारा, कृष्ण गोपाल पाराशर, मृदुल भारद्वाज, सुचिर भारद्वाज, आदि समाजसेवी व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

संस्था के राजेन्द्र सिंह ने बताया प्रथम दिवस की इस सफलता ने नाट्य फेस्टिवल के प्रथम दिन दर्शकों में जो उत्सुकता थी वही दूसरे दिन भी देखने को मिली। निश्चित रूप से यह समारोह अजमेर में नाट्कला को स्थापित करने में मददगार होगा। अगले दो दिन तक विभिन्न प्रकार की नाट्य प्रस्तुतियाँ अजमेर कला प्रेमियों को देखने को मिलेगी।

**कल शनिवार को मंचित नाटक:** 29 मार्च को शाम 6:30 बजे रसधारा सांस्कृतिक संस्थान् भीलवाड़ा के जाने-माने रंगकर्मी गोपाल आचार्य द्वारा नाटक भोपा भैरूनाथ का मंचन किया जायेगा। जो लोककथा पर आधारित यह नाटक, पारंपरिक नाट्य शैलियों के संगम से एक अद्भुत रंगमंचीय अनुभव प्रदान करेगा।

## तारानगर पुलिस थाना में सीएलजी की बैठक में शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की

**सादुलपुर।** तारानगर पुलिस उप अधीक्षक रोहित सांखला की अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी ईद, हिन्दू नववर्ष, रामनवमी आदि पर्व को लेकर तारानगर थाना परिसर में शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। डीएसपी रोहित सांखला व थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की एवं कहा सभी नागरिक एक परिवार की तरह त्यौहार मनाये। अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें व कानून व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। डीएसपी सांखला ने उपस्थित सदस्यों ने सुझाव मांगे एवं अपने विचार सांझे किये। इस मोके पर समाज सेवी अमर सिँह चारण, जमर दीन तेली, मोहरसिंह ज्याणी, मोहम्मद तैयब, संजय कुमार, शिव कुमार शर्मा, बाबू हुसैन कुरैशी, मानसिंह सैनी, कैलाश चाचान, संजय कुमार वाल्मीकि, कुंदन सैनी सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना नाम पुनः अंकित करवाने की मांग

### मुस्लिम अमन इंसाफ समिति ने दिया ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** शुक्रवार को मुस्लिम अमन इंसाफ़ समिति के कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले पेयजल बिलो पर नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना का नाम दर्ज करवाने की मांग का ज्ञापन दिया ज्ञापन में बताया गया है कि आज से साठ वर्ष पूर्व जब नोहर कस्बे में पेयजल समस्या थी और लोगो को तालाबो, कुओं और जोहड़ो से पीने का पानी अपने कंधों पर रख कर लाना पड़ता था उस वक्त स्वर्गीय श्री गौरीशंकर बिहानी ने श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना का निर्माण करवाकर नागरिकों के घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया था । तब से विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले बिलों पर श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना नाम अंकित होकर आता था लेकिन पिछले कुछ समय से विभाग द्वारा बिलो पर उक्त नाम हटा दिया गया है जिससे स्थानीय नागरिकों की भावना आहत हुई हैं और नागरिकों में रोष व्याप्त है । ज्ञापन में माँग की गई है कि अतिशीघ्र पेयजल बिलों पर श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना नाम दर्ज करवाया जाए जिससे भामाशाह परिवार का सम्मान बना रहे ज्ञापन देने के समय मौलाना सिकन्दर, रुस्तम हिन्द, नियामत अली , पार्षद इरफान रावण, पूर्व पार्षद महबूब सोनू, फारूक रावण, ऐजाज अहमद, कबीर इमरान,मुबीन हिन्द समेत मुस्लिम अमन इंसाफ़ स्मिथ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एपी फाउंडेशन सदस्यों ने लगाए परिंडें

**सादुलपुर।** अपना परिवार फाउंडेशन के सदस्यों ने खैरथल सोडवास के निकटवर्ती गाँव किशोरपुरा मे गर्मी के चलते पक्षियों के लिए जगह जगह पानी के परिंण्डे लगाए अपना परिवार फाउंडेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्षा प्रियंका के निर्देशानुसार आगामी समय में युवाओं को नशे से बचाने हेतु दुध पिलाकर नशा मुक्ति अभियान चिकित्सा एवं पर्यावरण संबंधी जैसे अन्य सामाजिक कार्यक्रम किये जायेंगे इस अवसर पर विष्णु पंडित रतन लाल भाटी ओम जोधपुर मिष्ठान भंडार प्रदीप पंडित जी गोरधन पप्पू राम रमेश भाटी धनीराम पंडित जी लाला राम भाटी रति राम घागल आदि गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहें।



## श्रीराजपूत महासभा संगठन ने राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) को गद्दार कहकर किये गये अमर्यादित, आपत्तिजनक एवं राष्ट्रविरोधी वक्तव्य के संदर्भ में उनकी राज्य सभा सदस्यता समाप्त करने की मांग को लेकर श्री राजपूत महासभा संगठन सादुलपुर को और से राजगढ़ एसडीएम मीनू वर्मा को राष्ट्रपति के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा और विरोध प्रर्दशन किया। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालो मे सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड, सुरेन्द्र सिंह राठौड, विजय सिंह गहलोत, चन्द्रभान नायक, एडवोकेट,रविन्द्र, संदीप सिंह, देवूसिंह एडवोकेट, अशोक सिंह शेखावत, केसरी सिंह, लक्ष्मण सिंह राठौड, धर्मपाल सिंह, धुपसिंह आदि थे।



# विकास एवं सुशासन उत्सव का जिलास्तरीय आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों के तहत विकास एवं सुशासन उत्सव का जिलास्तरीय कार्य म शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्य म का लाइव प्रसारण किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र कानाकोलर, उप स्वास्थ्य केन्द्र धांधपुर, उप स्वास्थ्य केन्द्र जमोतरा, ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट रोहिडा, ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट आबूरोड, कार्यशाला मरम्मत एवं अनुरक्षण विकास कार्य आबूरोड, कार्यशाला मरम्मत एवं अनुरक्षण विकास कार्य सिरोही, बस स्टैण्ड मरम्मत अनुरक्षण व जनसुविधा विकास कार्य आबूरोड, बस स्टैंड मरम्मत अनुरक्षण व जनुसविधा विकास कार्य माउंट आबू तथा बस स्टैंड मरम्मत अनुरक्षण व जनसुविधा विकास कार्य सिरोही का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सबस्टेशन झाड़ोली के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 1.28 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन वेलांगरी के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सबस्टेशन नांदिया के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयंत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन काछोली के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन अन्दोर के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन अन्दोर के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना सी के तहत 2.52 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सब स्टेशन डोडुआ के पास, प्रधानमंत्री कुसुम योजना ए के तहत 1.00 मेगावाट सोलर संयत्र स्थापना 33/11 केवी सबस्टेशन जोगापुरा के पास तथा माउंट आबू से अंबाजी सडक मार्ग नवीनीकरण सुधारीकरण मय पुलिया निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्य म के दौरान अतिथियों ने जिले के पंचगौरव से सम्बन्धित पुस्तिका का विमोचन भी किया। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, पीडब्ल्यूडी एसई आरसी बराडा, डीओआईटी एसीपी वेणीगोपाल, प्रोग्रामर नेहा राठौड, सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक सियाराम मीणा, नगर परिषद आयुक्त शिवपालसिंह राजपुरोहित, सीपीओ राजेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



## शपथ का आयोजन

जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ली। सभी ने राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में स ि य भागीदार बनने की शपथ ली। माउंट आबू उपखंड अधिकारी अंशुप्रिया, सिरोही उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, प्रशिक्षु (आरएएस) नरेंद्र जांगिड़, प्रशासनिक अधिकारी धीरेन्द्रसिंह, विभिन्न अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।







**इसी क्रम में** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन राज्य के विकास की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व उत्सव जयंती प्रभारी गोपालसिंह राव के अनुसार राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। बालिकाओं को राज्य की खुशहाली, समृद्धि, स्वच्छ,स्वच्छ, हरित,आत्म निर्भर बनाने। महिलाओं, युवाओं, किसानों, वंचित वर्गों के सम्मान अधिकारों और सशक्तिकरण विरासत, विकास में योगदान की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा, अनीता चौहान,वर्षा त्रिवेदी, पारस राजपुरोहित, कुसुम परमार, कल्पना चौहान,ममता कोठारी, दिनेश कुमार सुथार, पुखराज शवंसा,कामिनी रावल, कीर्ति सोलंकी आदि मौजूद थे।



**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में शुक्रवार को राजस्थान दिवस सप्ताहांत कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्रों को राजस्थान के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। स्केटर्स डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि हर साल 30 मार्च को मनाए जाने वाला दिन राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। उन्होंने बताया कि इस बार अवकाश होने के कारण विश्वविद्यालय में यह उत्सव 28 मार्च को आयोजित किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, गायक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह ने शपथ दिलाई। उप सचिव डोंगरसिंह, सचिव के संयोजक भंडारीसिंह गुर्जर सहित कई सचिव लोग उपस्थित रहे।



**तलहटी।** भाखर मण्डल अध्यक्ष पद पर दशरथसिंह राव कारोली की घोषणा की गई। जिससे भाखर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में एक नये जोश का संचार हुआ हैं। जगह जगह नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश सिंदल, संयम उपाध्याय की उपस्थिति में स्वागत किया। उधर, गिरवर मण्डल अध्यक्ष गणेश बंजारा का भी क्षेत्रवासियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।



**आबूरोड।** आबूरोड ग्रामीण गिरवर मण्डल में गणेश बंजारा की दोबारा नियुक्ति की गई। बंजारा की नियुक्ति से कार्यकर्ताओ व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओ ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि बंजारा द्वारा संगठन में किए गए कार्य व समर्पण का परिणाम है, जिससे फिर से नियुक्ति हुई है। बंजारा ने जिलाध्यक्ष, जिला नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व सभी आभार जताया। वहीं भाखर मंडल अध्यक्ष पद पर दशरथ सिंह राव की नियुक्ति की गई। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद अर्जुनसिंह, पार्षद अमर सिंह भाटी, भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल ने सम्मान किया।



# न्यूज ब्रीफ

## अवैध बजरी खनन व परिवहन पर नहीं लग पा रही लगाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** कालंद्री उप तहसील क्षेत्र में खुले आम अवैध बजरी का खनन व परिवहन जारी है । क्षेत्र में लगतार अवैध रूप से बजरी का खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा है। क्षेत्र की गुडा नदी, आकूना नदी, वराल, वलदरा, सरतरा, सिलोईया, तवरी, मोहब्बत नगर सहित पूरे उप तहसील क्षेत्र में अवैध बजरी का खनन व परिवहन जारी है। अवैध बजरी खनन व परिवहनकर्ता लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह दस बजे गुड़ा नदी से अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली बावली के कच्चे रास्ते से पुलिस से बचने के लिए कस्बे के सार्वजनिक तालाब के कच्चे रास्ते होते हुए कस्बे में परिवहन करते कैमरे में कैद हुआ।



## विंग्स ऑफ विजडम का विमोचन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन समारोह के दौरान वार्षिक स्कूल पत्रिका वाउ (विंग्स ऑफविजडम) का विमोचन अध्यक्ष दीपक पाठक, प्रिंसिपल जनकप्रतापसिंह राठौड़, स्कूल के शैक्षिक प्रभारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नन्हे.मुन्नों व उनके माता.पिता का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्नातक समारोह रहा। प्रत्येक बच्चे को स्नातक की उपाधि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह अगली शैक्षणिक यात्रा के लिए उनके सहज संक्रमण का प्रतीक था। अध्यक्ष पाठक ने पत्रिका की संपादकीय टीम को भी बधाई दी।

## राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** प्रदेश में नवरात्रि के दौरान मांस बिक्री पर रोक लगाने की मांग उठने पर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की। उन्होंने लिखा कि 30 मार्च से चेत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। जिसे हिंदू समाज उपासना के साथ-साथ नौ दिन का उपवास रखकर बड़ी श्रद्धा से मनाता है। भारतीय सनातन परंपरा अनुसार उसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। ये सनातनियों के सबसे पवित्र दिन होते हैं, आमजन की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए नवरात्रा में मांस की बिक्री पर पूरे राजस्थान में रोक लगाई जाए। उन्होंने मांस की दुकान खोलने व बि ी नहीं करने की अपील आमजन से की है। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि 6 अप्रैल को संपूर्ण सनातनियों के आराध्य भगवान राम का जन्मोत्सव है। जो चेत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। ऐसे में नवरात्र में पूरे राजस्थान क्षेत्र की संपूर्ण राजस्थान में मांस की दुकानें न खुलें, जीव हत्या न हो और नवरात्रि के पावन पर्व की धार्मिकता व पवित्रता भी बनी रहे।

## शिविर में 210 मरीजों की जांच




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिलदर।** रामरसोड़ा में शुक्रवार को तारा संस्थान उदयपुर व एसबीआई फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नटवरसिंह ने बताया की 210 मरीजों की जांच कर 9 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन कर उदयपुर भेजा गया। नेत्र विशेषज्ञ डिपंल वैष्णव मरीजों की जांच कर आंखों की सुरक्षा की जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मी कमलेश कुमार व पंकज कुमार ने दवा एवं चश्में वितरित किए। व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश माली ने बताया की निजी अस्पतालों में हजारों खर्च करके भी सही से ईलाज नहीं होता है। जबकी तारा संस्थान की ओर से लगाए गए शिविर में सभी वर्ग के लोगों को राहत मिलती है।

## माधव विवि के रोवर-रेंजर्स ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** समाज सेवा और नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड मुख्यालय सिरोही की ओर से माधव विश्वविद्यालय के 38 वें रोवर-रेंजर्स शिविर में पांच रोवर-रेंजर्स ने भागीदारी की। माधव विवि के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. राजीव मथुरा और स्ट्रेंथ डॉ. भावेश कुमावत ने ग्रीन रिजर्व रोवर-रेंजर्स का हौसला बढ़ाया। सहायक प्रोफेसर वी रोवर लीडर तोफिक खान, निर्भानसिंह और सहायक प्रोफेसर ममता कुमारी ने सहायक गाइड की भूमिका निभाई। माधव विश्वविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार राणा ने छात्रों की सक्रियता भागीदारी के डॉ के पद पर रहते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविरों में बढ-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# गांधीनगर अंडर ब्रिज की 'राह' हुई 'आसान', दूर होगा 'व्यवधान'

## अधिकारियों ने किया मौका निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर ओवर ब्रिज के बाद अब लोगों को अंडर ब्रिज की सौगात मिलने वाली हैं। अंडर ब्रिज के लिए भी रेलवे ने कमर कस ली है। इसी के चलते शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण के साथ अधिकारियों ने मौका निरीक्षण किया। अंडर ब्रिज निर्माण के बारे में विचार विमर्श किया। सब कुछ ठीक रहा तो शीघ्र ही अंडर ब्रिज को आकार देने का कार्य शुरु हो जाएगा। गांधीनगर में ओवर ब्रिज बनने से शहर से कनेक्टीवीटी में तेजी आई। जिससे लोगों को राहत मिली। लेकिन, बुजुर्ग, दिव्यांग पैदल पुल नहीं चढ़ पा रहे है। ठेला चलाने वाले, साइकिल से बाजार जाने वाले व्यक्तियों को ओवरब्रिज पर चढ़ने में काफी कठिनाई हो रही हैं। जिससे वह सहज व सुगम राह के चलते चार किमी दूर लुनियापुरा अंडर ब्रिज से आवागमन करने को विवश हैं। इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों व रेलवे संस्थाओं द्वारा अंडर ब्रिज की मांग की जाती रही। लगातार चले प्रयासों का सार्थक व सुखद परिणाम सामने आया। जिसके चलते रेलवे के अजमेर मंडल के उच्चाधिकारी, स्थानीय रेलवे अधिकारी, पालिकाध्यक्ष चारण, पार्षद व भाजपा नेताओं ने ब्रिज बनने के लिए उचित स्थान तथा भूमी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अंडर ब्रिज के निर्माण के बीच कुछ स्थान पर सीवरेज लाइन व चेंबर आने की आशंका जताई। राजा कोठी की कुछ भूमि का उपयोग करने को कहा। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने एलएंडटी व रूडीप के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। रेलवे व रूडीप के अधिकारियों से चर्चा की। अंडर ब्रिज के निर्माण में आने वाली अड़चनों को जल्द दूर करने के लिए समझाइश की। अधिशासी अधिकारी से दूरभाष पर बात की। राजा कोठी की तीन बीघा भूमि जो पालिका के नाम मोटेशन की गई है। उसमें से जनहित को ध्यान में रखते हुए अंडर ब्रिज के उपयोग के लिए रेलवे को उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। इस दौरान रूडिप के अधिशासी अभियंता पुष्पेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता दिवान, एलएंडटी के पीएम दिवाकर, रेलवे डिवीजन अधिकारियों, रेल्वे सहायक अभियंता आरएस वर्मा, पालिका के कनिष्ठ अभियंता छगनलाल मेघवाल, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल, पार्षद रितेष चौहान, राजेंद्र गहलोत, दीपक कुमार, मोहन बंजारा, इमामुददीन, अभिषेक मेरु, जनप्रतिनिधि निलेश राणा, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे। पालिकाध्यक्ष के प्रयासों के चलते जल्दी ही अंडर ब्रिज का निर्माण होने की राह खुली सकती है।पार्षद रितेशसिंह चौहान ने आरटीआई के माध्यम से पालनपुर की ओर गेट 132 पर प्रस्तावित अंडर ब्रिज की स्वीकृत ड्राइंग व दस्तावेज अजमेर मंडल से प्राप्त किए। ड्राइंग में साफ्तौर पर अंडर ब्रिज का निर्माण 2021 में होना बताया गया। अजमेर से पालनपुर की ओर जितने भी डिवीजन में अंडर ब्रिज निर्माण प्रस्तावित थे। उस सूची में भी आबूरोड रेलवे स्टेशन पर गेट संख्या 132 का नाम अंकित था। सूचना प्राप्त होने के बाद पार्षद ने रेल मंत्री व उत्तर पश्चित रेलवे के महाप्रबंधक से ब्रिज के लिए पत्राचार किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, सांसद से भी हस्तक्षेप करने का आग्रह किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व सांसद लुंबाराम को बीके संस्थान में पालिकाध्यक्ष चारण व पार्षद चौहान ने रेल मंत्री,व महाप्रबंधक रेलवे को भेजे पत्र की प्रति दी।



## विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा का किया स्वागत

### 9 को विश्व के लोग जुड़ेंगे इस नवकार मंत्र जाप में



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा शुक्रवार को सिरोही पहुंची। यहां जैन समाज की ओर से स्वागत किया गया। जैन विसी से सकल संघ के साथ 12 नवकार मंत्र के जाप करवाने बाद कलश यात्रा पैलेस रोड के राजमहल समेत अन्य रास्तों से होते हुए फिर से बग्गी खाना पहुंची। रमेश सिंघी ने सभी को 9 अप्रैल को ज्यादा से ज्यादा सपरिवार नवकार मंत्र जाप करने के लिए कहा गया। कलश यात्रा में ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष जयंती भाई, मोहन बोबावत, रजनीकांत सोलंकी, आशुतोष पटनी, योगेश बोबावत, अश्विन शाह, नितेश सिंघवी एवं जय विक्रम हरण आदि मौजूद थे। यह यात्रा पिण्डवाड़ा होते हुए आबूरोड जाएंगी।

## माली को मिली एमबीबीएस की डिग्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** खंदरा के संजय माली ने अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज सिविल हॉस्पिटल से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। संजय के पिता विशालचंद माली ने बताया कि संजय ने दसवीं और बारहवीं में 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए। बारहवीं में 92 फीसदी अंक लाने के बाद उसने नीट परीक्षा पास की। इसके बाद उसे सीधे अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिला। विशालचंद और शारदा देवी माली ने बेटे की सफलता को समाज के लिए भी गर्व की बात बताया।



## राजस्थान दिवस उत्सव, कर्तव्यनिष्ठ और विकास की शपथ के साथ संकल्पबद्ध हुआ प्रशासन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान सभी प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान करने और राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, स्वच्छता, हरित विकास और आत्मनिर्भरता के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों को यह प्रेरणा दी कि वे शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और जनहित के कार्यों में पूर्ण निष्ठा से योगदान दें। इसी क्रम में जिले के अन्य सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में भी यह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। विभिन्न कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए यह शपथ ली। राजस्थान दिवस उत्सव के तहत इस प्रकार के कार्यक्रम राज्य के गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य को समर्पित होते हैं, जहां प्रशासनिक तंत्र और आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर समावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों को किया सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत वर्षभर में दी गई स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि



चिकित्सा योजनाओं के क्रियान्वयन में हमारा जिला अन्य जिलों की तुलना में बेहतर कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास रहना चाहिए कि हम अपने कार्यस्थल पर अपना सौ प्रतिशत दें। अपने आसपास कार्य कर रहे चिकित्सकीय स्टॉफ को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वह लोग भी मन लगाकर कार्य करें। बेहतर कार्य करेंगे, तो हमें बेहतर परिणाम मिलेंगे। चिकित्सा संस्थानों पर इलाज के लिए आने वाले मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सेवाएं एवं साफ-सफाई मिले। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की जानकारी देते हुए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए इससे बेहतर कार्यक्रम नहीं हो सकता है। हमें चिकित्सा संस्थानों पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को समस्त एएनसी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सही समय पर जांच एवं टीकाकरण से ही गर्भवती महिला का स्वास्थ्य एवं बच्चे का विकास सही प्रकार से हो सकता है। उन्होंने समस्त उपस्थिति को प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य विभागों के साथ सामंजस्य बिठाकर कार्य करने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत नए जुड़े प्रावधानों से सभी को रूबरू करवाया। इसके उपरांत पीएमएसएमए में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 चिकित्सा संस्थानों के मेडिकल ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने हीट वेव और मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा चिकित्सा संस्थाओं पर व्यापक प्रबंध रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान एसीएमएचओ डॉ. गौरव मीणा, डीपीओ शशांक वशिष्ठ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डीपीओ शहरी प्रियंका त्रिपाठी, डीएनओ बसंत गोयल, डीपीसी प्रवीण अवस्थी, पंकज शुक्ला सहित समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।

## अवैध जल संबंधों के खिलाफ होगी कानूनी कार्यवाही

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में अवैध जल संबंधों को हटाये जाने के लिये जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 22 मार्च से 27 मार्च तक कुल 156 जल संबंधों का चिन्हीकरण किया जाकर 94 जल संबंधों को काटा गया तथा 62 जल संबंधों को नियमित किया गया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार ऐसे पेयजल उपभोक्ता के द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई है। तथा अवैध जल संबंध को व्यक्ति द्वारा नियमित नहीं कराया गया है तो ऐसे उपभोक्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अवैध जल संबंध के अभियान के तहत कार्यरत कार्मिकों को कार्य करने से रोकने एवं क्षति पहुंचाने पर राज्य कार्य में बाधा पहुंचाने के लिये भी ऐसे उपभोक्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करायी जायेगी।

## मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**धौलपुर।** उपखण्ड सरमथुरा में नदी में डूबने से होतीलाल पुत्र पोथी निवासी भम्पुरा की मृत्यु हो गई थी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतक की आश्रित पत्नी लक्ष्मी को 1 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम के आतिथ्य में जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव संपन्न

### बहुमुखी विकास के कार्य कर सुशासन की संकल्पना हो रही साकार : प्रभारी मंत्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को विकास एवं सुशासन उत्सव का जिला स्तरीय आयोजन किया गया।

नगर परिषद के टाउनहॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग जवाहर सिंह बेढ़म ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत कई योजनाओं का हुआ शुभारंभ

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10,000 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। साथ ही, राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना, सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिका, ई-उपचार एप का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण, हरित अरावली विकास परियोजना, फायर एनओसी प्रक्रिया के सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी गठन, तथा राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भंडार संबंधी दिशा-निर्देश भी जारी किए।







जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार बहुमुखी विकास के कार्य करते हुए सुशासन की संकल्पना को साकार कर रही है। स्वयं सहायता समूह से लेकर औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने तक हर मोर्चे पर प्रभावी ढंग से कार्य किये जा रहे हैं एवं जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सरकार ने ईआरसीपी को मूर्त रूप दिए जाने की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान की भूमि तर होगी, किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि इस बार यह संयोग है कि राजस्थान दिवस की तिथि और नव वर्ष संवत्सर एक साथ आया है। इसी दिन एकीकृत राजस्थान का गठन हुआ था। इसी उपलक्ष्य में अलग-अलग दिन आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्विति के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में सभी अपने-अपने क्षेत्र में प्रयास करें और राजस्थान को आगे बढ़ाए, राजस्थान विकसित बनेगा तो निश्चित रूप से भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी अतिथियों एवं आमजन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता जगमोहन बघेल, शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा, धीर सिंह जादौन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सम्पदा वर्तमान दशा व संरक्षण विषय पर परिचर्चा कार्यकम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिले की हवेली सम्पदा वर्तमान दशा व संरक्षण विषय पर परिचर्चा का आयोजन शनिवार सुबह 10.30 बजे नगर से सभागार में युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चुरु व राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान के संयुक्त तत्वावधान में होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद शर्मा करेंगे मुख्य वक्ता प्रो.डॉ.सुरेंद्र सोनी व विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा व अनुराग शर्मा होंगे परिचर्चा में अनिल राठौड़ संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग बीकानेर संभाग ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे हवेली चित्र विशेषज्ञ डॉ के सी सोनी परीचर्चा का सारांश प्रस्तुत करेंगे राजस्थान दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में इतिहास के विद्यार्थी एवं शोधार्थी वह शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## मां शाकंभरी देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव कल से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** श्री मां शाकंभरी सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा जन-जन की आस्था शक्ति आराधना का केंद्र शहर के दक्षिण दिशा में स्थित स्वरूपली डूंगरी पर विराजित श्री मां शाकंभरी मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव का भव्य आयोजन 30 मार्च रविवार से आगाज होगा। चैत्र नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत 30 मार्च रविवार को मध्यान अभिजीत मुहूर्त 12.15 बजे वैदिक मंत्रों द्वारा मैया जी के घट स्थापना की जाएगी।

मां के भक्तों एवं उपस्थित यजमान द्वारा घट स्थापना के पश्चात मैया जी की दिव्य ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। दिव्यजोत के पश्चात मैया जी की महा आरती होगी महा आरती के बाद विद्वान पंडितों द्वारा मैया जी के चरणों में सस्वर दुर्गा सप्तशती के पाठ का पठन होगा। जैसा की विदित है कि श्री मां शाकंभरी का दिव्य श्रृंगार इस महोत्सव के प्रत्येक दिवस को काफी मनमोहक होता है जिससे



मैया जी की छवि देखते ही बनती है व मैया जी के दिव्य दर्शन होते हैं। देवी भागवत में भी वर्णित श्री मां शाकंभरी की महिमा का गुणगान किया गया है कि यह मैया शुद्ध सात्विक एवं शाक की देवी है जिसके कारण से मैया जी को 9 दिवस में शुद्ध सात्विक प्रसाद चढ़ाया जाता है तथा प्रसाद में भक्त जनों का विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है कि भक्तों द्वारा नवरात्रि के व्रत में उनका कोई व्यवधान नहीं पहुंचे इस बात का पूर्णतया ध्यान रखा जाता है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि नवरात्र में पूर्ण मनोयोग द्वारा की गई प्रार्थना को मां स्वीकार करती है तथा मनोवांछित फल देने वाली धात्री है इस कारण चैत्र तथा अश्विन नवरात्रों में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भक्तों एवं श्रद्धालुओं की टोलिया डीजे के साथ तथा माताजी के जयकारे लगाते हुए श्री मां के चरणों में शीश झुकाने एवं प्रसाद चढ़ाने के लिए मैया के दरबार में पहुंचते हैं। मैया जी भी सभी भक्तों की इच्छा पूर्ण करती है मनोवांछित प्रार्थना पूर्ण होने पर भक्त जनों द्वारा नवरात्रि में जात जडूला और स्वामणी का भी आयोजन करते हैं। ग्रामीण अंचलों से भी धूमधाम से डीजे की स्वर लहरियों के साथ मैया जी के जयकारे करते हुए भक्तजन मैया के दरबार में दर्शन के लिए आते हैं ।

# पंचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गड़बड़ी का आरोप पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नगर निकाय और पंचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गडबडी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अब राज्य सरकार के खिलाफ मुखर हो गई है। शुक्रवार को चूरू जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खीचड के नेतृत्व में मिटिंग का आयोजन किया तत्पष्चात नगर निकाय और पचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गडबडी का आरोप लगाते हुए चूरू जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खीचड ने कहा कि भजनलाल सरकार की ओर से नगर निकायों के सीमांकन परिसीमन पुनर्गठन तथा पंचायती राज संस्थाओं में पुनर्सीमांकन जनभावना के विपरित



और नियम विरूद्व है, साथ ही राजनीतिक दुर्भावना से किया जा रहा है, मनमाने तरीके से नगर निकायों एंव पंचायती राज संस्थाओं में किए जा रहे है, इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। इस दौरान पीसीसी महासचिव रामजीलाल शर्मा, डीसीसी संगठन महामंत्री उम्मेद सिंह, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, कोषाध्यक्ष डीसीसी रामनारायण व्यास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, रमजान खां, षिवकुमार शर्मा, अली मो. भाटी, विधाधर बेनीवाल, सीताराम खटीक, प्रदीप कुमार तोदी, रामेष्वर प्रजापति, लालचंद सैनी, श्रवण बसेर, रामप्रताप कांटिवाल, प्यारेलाल दानोदिया, चन्दनमल मेघवाल, विजयपाल भुवाल, मोहन आर्य, विनोद खटीक, असलम खान मोयल, अजीज दिलावरखनी, गणेष ढाका, धमेन्द्र, राजेन्द्र रणवां, घनष्याम अलवरिया, दिनेष कस्वां, डूंगरसिंह राठौड, असलम खान, अषोक पुनियां, काजी मोहम्मद अब्बास, अदनान कुरेषी, विधाधर मेघवाल, हर्ष लाम्बा, कुरडाराम भाकर, जयचंद मेघवाल, प्रेमचंद, प्रमेन्द्र सिहाग, किषानाराम बाबल सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद रहें। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस विधि प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सद्दाम हुसैन एवं ब्लॉक प्रवक्ता विमल शर्मा ने किया।

# राजस्थान स्थापना दिवस सप्ताह के चौथे दिन सुशासन समारोह का आयोजन

### जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने बांटे लाभार्थियों को पट्टे, सूचना केन्द्र में लगी फोटो प्रदर्शनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर चले रहे साप्ताहिक कार्यक्रम की कड़ी में शुक्रवार को जिला स्तरीय सुशासन समारोह सूचना केन्द्र सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन सरकार होने से प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा सबको साथ लेकर चलने की भावना का ही परिणाम है कि प्रत्येक वर्ग और क्षेत्र के लोगों को मुख्य धारा में लाकर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं जिला प्रशासन की सजगकता के साथ जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प. दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, राजस्थान पत्रकार हैल्थ योजना , सुशासन की कड़ी में शिकायत निस्तारण के लिए राजस्थान सम्पर्क पोर्टल 2.0 योजना का शुभारम्भ, ई गर्वनेंस अवार्ड, अन्नपूर्णा भण्डार, 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना, विधानसभावार जनसुनवाई केन्द्र स्थापित करने के कार्य से आमजन को फायदा मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 26 करोड़ रूपये के शिलान्यास एवं एक हजार करोड रूपये के लोकार्पण के कार्य प्रदेश में करवाए जा रहे हैं। उन्होंने जिले की पंच गौरव पुस्तिका के विमोचन एवं सहकारिता वर्ष फोल्डर के विमोचन के बाद कहा कि यह पुस्तिका आमजन एवं किसानों के लिए उपयोगी साबित होगी। गहलोत ने 14 करोड़ रूपए की लागत से नगर परिषद में बंद पड़े ऑडिटोरियम के कार्य को पुनः प्रारम्भ करवाने के लिए भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के प्रयासों को सराहा।

समारोह के दौरान पंच गौरव पुस्तिका एवं सहकारिता वर्ष के फोल्डर का विमोचन तथा नगर परिषद की ओर से जारी किए गए पट्टों का वितरण भी अतिथिगणों द्वारा किया गया। समारोह में झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू, जिला कलक्टर रामावतार मीणा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, बनवारीलाल सैनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पुलिस महानिरीक्षक शरद चौधरी, प्यारेलाल ढूकिया, पवन मावंडिया, सरजीत चौधरी, कमलकांत शर्मा, महेश जीनगर, रवि सैनी नवलगढ़, चिड़ावा पंचायत समिति प्रधान रोहताश, सरोज श्योराण, जयसिंह मांठ, वर्षा सोमरा, रवि लांबा, विजय सैनी, इंद्राज सैनी, एसीईओ रामनिवास चौधरी, कार्यक्रम के नॉडल अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, सामाजिक न्याय एव अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, सहकारिता उपरजिस्ट्रार विभा खेतान, सीसीबी एमडी संदीप शर्मा, सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक पूनम कटेवा, पर्यटन विभाग के उप निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, बीएसएसओ निखिल कुमार, पार्षद चंदप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद झाझड़िया ने किया।

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाएगा राजस्थान दिवसः** मंत्री गहलोत ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाए जाने के सीएम के फैसले का स्वागत करते हुए पूरे सप्ताह को समारोह पूर्वक मनाने को ऐतिहासिक बताया।



## लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में किया गया खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि 'शक्ति-संघर्ष 2024-25' का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत शारीरिक शिक्षक अरविंद गुसारियां के निर्देशन में कक्षा नर्सरी से छह तक के विद्यार्थियों के लिए 100 और 200 मीटर रेस,हर्डल रेस और जंपिंग रेस जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, वहीं कक्षा सात से ग्यारह तक के विद्यार्थियों के लिए 100,200 व 400 मीटर रेस, क्रिकेट और वॉलीबॉल मैच का आयोजन छात्र और छात्रा वर्ग के लिए किया गया। समापन समारोह में प्राचार्य ने विजेताओं को मैडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया कर सभी को सफल आयोजन हेतु बधाई दी।

## चूरू के रोहित सोनी को मिली विधि विषय में पीएचडी की उपाधि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा आज दिनांक 26 मार्च 2025 बुधवार को हरिभाऊ बागडे राज्यपाल राजस्थान एवं कुलाधिपति महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की अध्यक्षता में वह विशिष्ट अतिथि प्रफुल्ल केतकर के आतिथ्य में संत मीराबाई सभागार विश्वविद्यालय परिसर बीकानेर में नव दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया जिसमे माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा चूरू के रोहित सोनी ऐडवोकेट को



डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी विधि क्यों उपाधि प्रदान की गई रोहित सोनी ने विधि संकाय में भारतीय विधि आयोग द्वारा 2015 में प्रस्तुत की गई 257 नंबर रिपोर्ट मैं संरक्षक और विधियों का एक विश्लेष्णात्मक अध्ययन शीर्षक पर शोध प्रबंध के स्वीकृत होने के उपरान्त यह उपाधि प्रदान की गई रोहित सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा वरीष्ठ ऐडवोकेट अनंत राम सोनी अपने पिता एडवोकेट विनोद कुमार सोनी वह माँ ऊजास सोनी को दिया जिला मुख्यालय पर रोहित सोनी सोनी उनके भाई ऐडवोकेट राहुल सोनी तीनों पीढ़ियां एक साथ मिलकर विधि के क्षेत्र में इसके बारे दे रहे हैं बॉस।

## संयुक्त निदेशक मनोज मोहश्वरी का जनसंपर्ककर्मियों ने किया अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित सूचना केन्द्र में डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने अपने माता-पिता स्व. सुशीला देवी व रामस्वरूप माहेश्वरी की स्मृति में एयर कंडीशनर भेंट किया। इस अवसर पर एपीआरओ मनीष कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, संजय गोयल, बजरंग मीणा, विजय रक्षक, सिंकदर खान आदि जनसंपर्ककर्मियों ने संयुक्त निदेशक माहेश्वरी का माला



पहनाकर अभिनंदन किया। एपीआरओ मनीष कुमार ने संयुक्त निदेशक मनोज माहेश्वरी का सहयोग व अनुकरणीय कार्य के लिए आभार प्रकट किया। जनसंपर्ककर्मियों ने डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, प्रोग्रामर राजेन्द्र प्रजापत, प्रेरक सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, सहायक प्रोग्रामर प्रमोद प्रजापत, सहायक प्रोग्रामर निर्मल कुमार, सहायक प्रोग्रामर गुरप्रीत लबाना का अभिनंदन किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने कहा कि उनके माता-पिता की सेवा भावना से ही एक प्रयास किया है। संसाधनगत विकास में सहयोग से देश-प्रदेश की सेवा एक अच्छी पहल साबित होगी।

## राजकीय अवकाश 29 से 31 मार्च तक खुलेगा परिवहन कार्यालय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के अंतिम तीन दिवस शेष होने के कारण परिवहन विभाग को आवंटित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति हेतु राजकीय अवकाश 29 से 31 मार्च तक परिवहन कार्यालय अलवर नियमित रूप से खुला रहेगा तथा कार्यालय में पंजीयन, लाइसेंस, कर संग्रहण, चालानों के निस्तारण इत्यादि कार्य सम्पादित किए जाएंगे। वार्षिक देयता वाले ऐसे भार वाहन जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का कर अभी तक जमा नहीं कराया गया है के वाहन स्वामी अपना कर तीन दिवसों में जमा करावे अन्यथा 3 प्रतिशत शास्ति एवं कर राशि के बराबर प्रशमन राशि की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के वाहन स्वामी भी तीन दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर ई-रवन्ना एमनेस्टी के अन्तर्गत 95 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाते हुए प्रकरणों का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा नष्ट/खुर्द-बुर्द हो चुके वाहनों हेतु भी एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत नष्ट होने की दिनांक तक कर जमा करवाने पर नष्टीकरण दिनांक से आगे के कर, ब्याज एवं शास्ति में पूर्ण छूट दिए जाने का प्रावधान है। वाहन स्वामी नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर एमनेस्टी योजना का लाभ उठावे।

## राष्ट्रीय पक्षियों को जहर देकर मारा, 1 शिकारी को किया गिरफ्तार

**कुचामन सिटी।** राजस्थान के चितावा थाना क्षेत्र के नंगवाडा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत भवन के पास 10 मोर मृत अवस्था में मिले। इसी दौरान ग्रामीणों ने एक और मोर का शिकार कर भाग रहे दो शिकारियों को पकड़ा। पकड़े गए शिकारियों में से एक भाग निकला। दूसरे आरोपी की पहचान जिजोट निवासी कानाराम (23) के रूप में हुई। आरोपी के पास से जहरीले दाने बरामद हुए, जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। सरपंच एडवोकेट मनोज लोरा के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि सभी 10 मोरों की मौत भी इसी गिरोह ने की है। मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय वन अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कुचामन न्यायालय में पेश किया गया। न्यायाधीश ने आरोपी को 8 अप्रैल तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। सभी 11 मृत मोरों का कुचामन के पशु चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद उनका विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने पूरे गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सारंगवास खेतलाजी मेला, कल हॉर्स शो

## अगले दिन गेर नृत्य दल मचाएंगे धूम



**देसूरी।** श्री सोनाणा खेतलाजी तीर्थ धाम में 30 और 31 मार्च को आयोजित होने वाले 51वें वार्षिक भव्य लक्खी मेले की तैयारियों का शुक्रवार को ट्रस्ट कमेटी ने जायजा लिया और तैयारियां की समीक्षा की। दो दिवसीय इस मेले में जहां पहले दिन शानदार हॉर्स शो देखने को मिलेगा, वहीं दूसरे दिन गेर नृत्य दलों की धमाकेदार प्रस्तुतियां लोक संस्कृति के रंग बिखेरेंगी।



### मेला स्थल व हॉर्स शो स्थल का लिया जायजा

मेला स्थल व हॉर्स शो स्थल का अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सचिव महेश अखावत, कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रताराम, सहसचिव अशोक सिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार, सहित ट्रस्ट सदस्यगण छतरसिंह सोलंकी, खरताराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, रामलाल प्रजापत, कमलेश सोनी, खरताराम मेघवाल, रताराम चौधरी, दिनेश आदिवाल व रमेश चौधरी ने जायजा लिया और समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए। इस दौरान भक्तजन अमरसिंह पंवार, भीमसिंह सिसोदिया व पत्रकार मौजूद थे।

### भक्तों के लिए विशाल भोजनशाला

मेलार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। भक्तराज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भंडारी के सानिध्य में विधिवत रूप से भोजनशाला की भट्टी का मुहूर्त किया गया।

### महोत्सव में शामिल ये अतिथि

इस मेले में पशुपालन एवं डेयरी, गौपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायत राज, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य गुलाब चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### पहले दिन दिखेगा शौर्य और भक्ति का संगम

मेले की शुरुआत 30 मार्च, रविवार सुबह आठ बजे मंदिर श्रृंगार और 10:15 बजे भव्य वरघोड़ा के साथ होगी, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसके बाद शाम चार बजे आयोजित होने वाला हॉर्स शो मुख्य आकर्षण रहेगा। इस शो में परंपरागत शौर्य और घुड़सवारी कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे मेलार्थियों को राजस्थानी शौर्य और घुड़दौड़ की परंपरा का अनुभव मिलेगा। रात्रि आठ बजे भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक सवाई भाट, आशा वैष्णव, नीता नायक, लेहरूदास वैष्णव, और शंकर टॉक के भजनों से श्रद्धालु भक्ति में डूब जाएंगे।

### भक्ति, शौर्य और संस्कृति का अनूठा संगम

हर साल की तरह इस बार भी सोनाणा खेतलाजी का लक्खी मेला भक्ति, शौर्य और संस्कृति का अद्भुत समागम प्रस्तुत करेगा। पहले दिन हॉर्स शो से शौर्य और वीरता की झलक, तो दूसरे दिन गेर नृत्य से लोक संस्कृति का रंग देखने को मिलेगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यह दो दिवसीय मेला एक अविस्मरणीय अनुभव साबित होगा।

### दूसरे दिन गेर नृत्य से सजेगी सांस्कृतिक शाम

31 मार्च, सोमवार को सुबह मंदिर पर ध्वजा चढ़ाने और पूजा-अर्चना के बाद प्रातः नौ बजे स्थापना अनुष्ठान होगा। दोपहर एक बजे गेर नृत्य का आयोजन होगा, जिसमें जालोर, सिरोही, पाली, बाड़मेर सहित विभिन्न जिलों के करीब 60 गेर नृत्य दल पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की छटा बिखेरेंगे। तपती रेत पर जब ये दल रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य करेंगे, ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक गीतों के सुरों से समूचा परिसर भक्तिरस में डूब जाएगा।

# वरिष्ठजनों ने किए तीर्थयात्रा के दर्शन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को छह दिवसीय तीर्थ यात्रा करवाई जा रहीं हैं। यह यात्रा जवाई बांध से गत 23 मार्च को रवाना हुई थी। तीर्थ यात्रा में गुरूवार को वरिष्ठजनों को वातानुकूलित रेल से ऋषिकेश की यात्रा करवाई गई। यात्रा में पाली, जालोर, सिरोही, मारवाड़ जंक्शन, जोधपुर के करीब 800 वरिष्ठजन शामिल रहें। आईआरसीटीसी ट्रेन प्रभारी नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि यात्रा जवाई बांध से 23 मार्च को रवाना होकर 27 मार्च को ऋषिकेश पहुंची। जहां राम, जानकी व लक्ष्मण झुलों को देखा। गंगा नदी में डुबकी लगाई। यहां विभिन्न मंदिरों के दर्शन कर वरिष्ठजनों ने लाभ लिया। इससे पूर्व 24 मार्च को दोपहर बोद्ध धर्म के सबसे बड़े धार्मिक स्थल भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश देने वाले स्थल शारणाथ पहुंच दर्शन किए। इसके बाद काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। काशी के मणिकर्णिका सहित अन्य घाटों को देखा व गंगा आरती का लाभ लिया। रात में वहां से रवाना होकर 25 मार्च को अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन, हनुमान गढ़ी, कनक महल, दशरथ महल सहित नंदी ग्राम श्रीराम भरत मिलाप, भरत हनुमान मिलन स्थल सहित अयोध्या के समस्त धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। वहां से रात में रवाना होकर चौथे दिन 26 मार्च को हरिद्वार पहुंचे। जहां वरिष्ठजनों ने हर की पौड़ी में गंगा स्नान किया। शाम को गंगा आरती में भाग लिया। गंगा आरती देखकर प्रफुल्लित नजर आए। 27 मार्च की रात 11 बजे जवाई बांध के लिए रवाना हुए। 28 मार्च की दोपहर को जोधपुर क्षेत्र के यात्री जोधपुर स्टेशन पर उतरें। वहां से पाली पहुंचने पर वहां के क्षेत्र के यात्री उतरें। जहां से शाम करीब साढ़े सात बजे जवाई बांध अंतिम पड़ाव पर यात्री उतरें।

### निःशुल्क दैनिक उपयोगी सामग्री उपलब्ध करवाई

ट्रेन में देव स्थान विभाग की ओर से सभी यात्रियों व उनके साथ आए सहायकों को कंबल, टॉवल, चद्दर, छतरी, ब्रश, पेस्ट, साबुन, शैम्पू, तेल, कांच, कंगा, बैग, टोपी, माला सहित सभी समान निःशुल्क उपलब्ध करवाएं गए। इसके अलावा सुबह शाम चाय, नाश्ता व भोजन दिया गया। ट्रेन से तीर्थ स्थल तक आने-जाने व वहां पर रहने के लिए अलग-अलग रूम उपलब्ध करवाए गए। इस यात्रा में ट्रेन कार्मिक, मेडिकल टीम सहित आईआरसीटीसी के कार्मिक और मेडिकल टीम ने सेवाएं दी।

# नि :शुल्क नेत्र जांच और परामर्श शिविर में 201 मरीजों ने लिया भाग


■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


**नाडोल।** रुपमुनि सार्वजनिक धर्मशाला नाडोल में अमृत आंखों का अस्पताल एवं फेको लेजर सेंटर बाली एवं पेंशनर समाज उपशाखा नाडोल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नेत्र जांच शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच और परामर्श का आयोजन किया जाएगा जिसमें 201 मरिजों कि जांच की गई एवं ऑपरेशन योग्य मरिजों को बाली ले जाया गया। शिविर में डा. प्रविण यादव, भरतसिंह राठौड़ मैनेजर, पुखराज रांकावत, शौरभ भट, सुधीर चौधरी, भिकाराम सहित सेवाएं दी। शिविर को सफल बनाने में पेंशनर समाज उपशाखा नाडोल के अध्यक्ष परमानंद जोशी, सचिव उमाशंकर बोहरा, कोषाध्यक्ष टिकमचंद भगनागर उपाध्यक्ष, पेपसिंह राठौड़ उपाध्यक्ष, हंसाराम मारू, सहसचिव लक्ष्मीनारायण वैष्णव, जगदीश सिंह राजपुरोहित, हेमंत जैन एवं समस्त पेंशनर समाज उपशाखा नाडोल के सदस्यों का योगदान रहा। आने वाले समय में बड़ा शिविर रखने की भी घोषणा कि। अमृत आंखों का अस्पताल एवं फेको लेजर सेंटर, अंधता निवारण समिति द्वारा शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरण की गई। पेंशनर समाज उफ शाखा अध्यक्ष परमानंद जोशी ने आगन्तुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया की आंख जिवन का दिपक है और उनमें रौशनी लाना जिवन में उजाला करना है। आंखों का शिविर लगाना एक महान पुण्य कार्य है जो प्रत्येक जिवो के लिए आवश्यक है।



# जवाई : लेपर्ड ने बकरी का किया शिकार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**बाली।** राजस्थान के बाली स्थित जवाई सफारी में एक तेंदुए ने अपनी शिकारी कौशल का जीवंत प्रदर्शन किया। शुक्रवार को एक बकरी अपने झुंड से पीछे रह गई। वह चट्टान पर अकेली खड़ी थी। तेंदुए ने पीछे से आकर मात्र 10 सेकंड में बकरी को अपना शिकार बना लिया। वह शिकार को पकड़कर पास की गुफा में ले गया। जवाई लेपर्ड सफारी, जवाई बांध के पास स्थित है। यह देशभर में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। यहां सुबह और शाम को जीप सफारी की सुविधा उपलब्ध है। पर्यटक यहां तेंदुओं के अलावा विभिन्न पक्षियों और मगरमच्छों का दीदार कर सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में जवाई सेलिब्रिटीज का पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है। सचिन तेंदुलकर, अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ, विक्की कौशल, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसी हस्तियां यहां आ चुकी हैं। कई विज्ञापन फिल्मों की शूटिंग भी यहां की गई है। जवाई को लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व का दर्जा मिला हुआ है। यहां के पैरवा, सैणा, जीवदा समेत करीब 20 गांवों में तेंदुओं की 70-80 फैमिली निवास करती हैं।



सेवाड़ी की छात्रा को मिली बड़ी सफलता

# डॉली सुथार का नवोदय विद्यालय जोजावर में चयन

**बाली।** टैगोर उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवाड़ी की कक्षा पांचवी की छात्रा डॉली सुथार ने बड़ी सफलता हासिल की है। उनका चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय जोजावर में हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहनलाल चौधरी ने इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉली अब कक्षा छह से 12 तक की शिक्षा नवोदय विद्यालय जोजावर में प्राप्त करेंगी। विद्यालय परिवार ने डॉली का विशेष सम्मान किया। उन्हें तिलक लगाया, माला पहनाई और मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरेन्द्र पालीवाल, विक्रम सिंह सोलंकी, महेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद वैष्णव, लक्ष्मण भटनागर, किशोर कुमार, हरीश भटनागर और करणी प्रताप सिंह उपस्थित थे। साथ ही सविता कंवर, लता कुमारी, दरिया कुमारी, मनीषा कुमारी, विद्या रावल, खुशबु कुंवर, सिमरन राजपुरोहित, भाग्यवती राव और लता माली भी मौजूद रही। विद्यालय परिवार ने डॉली के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दिनदहाड़े चोरी, ले गए सोने-चांदी के गहने

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र स्थित एक मकान का दिनदहाड़े ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के गहने और रुपए लेकर फरार हो गए। घटना के वक्त मकान मालिक काम पर गए हुए थे। वापस आने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई तो औद्योगिक नगर थाने में रिपोर्ट दी। पाली शहर के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र के सिद्धी विनायक नगर बीसीएम प्रॉपर्टी के सामने स्थित है। यहां रहने वाले चंपालाल पुत्र शेषराम प्रजापत और उनकी पत्नी गुरुवार को काम पर गए थे और बेटी स्कूल। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पति-पत्नी घर लौटे तो मकान का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ मिला। घर में रखे करीब आधा तोला सोना, आधा किलो चांदी के गहने और करीब 10 हजार रुपए गायब मिले। इस पर उन्होंने इसको लेकर औद्योगिन नगर थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# श्री बैद्यनाथ महादेव मंदिर का भव्य मेला

## गेर एवं प्रसादी का आयोजन आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली नगर के बड़ा तालाब के निकट स्थित श्री बैद्यनाथ महादेव मंदिर का भव्य मेला, गेर एवं प्रसादी का आयोजन 29 मार्च, आज होगा। महादेव मंडल के दिनेश वैष्णव ने बताया की श्री बैद्यनाथ महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत महापुरुषों की सद्प्रेरणा व महादेव के सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से भव्य मेला महोत्सव एवं भोजन प्रसादी का मंगल आयोजन आयोजित हो रहा है। इस दिन प्रातः नौ बजे महा आरती होगी। 10 बजे के बाद महा प्रसादी का आयोजन होगा। शाम तीन बजे से छह बजे तक भव्य गेर मेला आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से गेर दल भाग लेकर अपनी प्रस्तुति देंगे।




# पिपलेश्वर महादेव का मेला एक को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती कोलर गांव में पिपलेश्वर महादेव का एक दिवसीय धार्मिक मेला एक अप्रेल को भरा जाएगा। पिपलेश्वर महादेव मेला समिति के जगदीश शर्मा व अरावली क्षेत्रिय विकास समिति कोलर नगर अध्यक्ष कैलाश पंवार ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर 31 मार्च को एक शाम महादेव के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें माधूरी वैष्णव बालोतरा, नरेश राव उदयपुर एंड पार्टी सहित एक दर्जन भजन कलाकार महादेव मंडित भजनों की प्रस्तुति देंगें। वहीं मेले के दिन एक अप्रेल को सुबह एक वरघौड़ा निकाला जाएगा। जो गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगा। इस अवसर पर देवासी परिवार की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# सुमेरपुर में दो दिवसीय वर्षगांठ महोत्सव 31 से

**सुमेरपुर।** नगर के जाखानगर आंगनवाड़ी के पास स्थित श्री मेलडी मां व बहुचर मां मंदिर का द्वितीय दो दिवसीय वार्षिक महा महोत्सव माताजी की परम उपासक दीपिका भुआजी के सानिध्य में 31 मार्च व 1 अप्रैल को आयोजित होगा। श्री मेलडी माता नवयुवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव में पहले दिन 31 मार्च को सवेरे हवन किया जाएगा। सुबह 9 बजे खेड़ादेवी मंदिर, भैरू चौक से मैन बाजार होते हुए मंदिर परिसर तक वरघोड़ा निकाला जाएगा। जिसमें पंचम म्युजिकल ग्रुप के विपुलभाई पंचीवाला, सिंगर दर्शनाबेन व्यास व धवल नायक प्रस्तुतियां देंगे। वहीं,



रात में दशहरा मैदान में मांडवा (रमेल) भजन संध्या आयोजित होगी। गुजरात म्युजिल ग्रुप के नरेश कटारिया, अमित महिसागर प्रस्तुतियां देंगे। मंच संचालन प्रवीण वैष्णव करेंगे।

महोत्सव के दूसरे दिन 1 अप्रैल को सवेरे महाप्रसादी का आयोजन होगा। रात में भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें गुजरात के प्रसिद्ध गायक कलाकार राज गढ़वी, रानी की अनिमा जांगिड़, पाली के रमेश सुथार, डांसर कल्पित चौधरी जोधपुर प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव में संत खुशाल भारती महाराज, सुरज कुंड धाम के अवधेशानंद महाराज, कानुपरा के श्रवण गिरी महाराज, मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, सिरोही-जालोर सांसद लुम्बाराम चौधरी, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, 2023 कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा आदि शिरकत करेंगे। आयोजन को लेकर मंडल पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में जुटे हैं।

# देसूरी वकील मंडल ने जताया विरोध

**देसूरी।** देसूरी उपखण्ड अधिकारी सिद्धार्थ सान्दू को देसूरी वकील मंडल की ओर से ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में वकील मंडल की ओर से समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल सुनन द्वारा मेवाड़ शिरोमणि राष्ट्र भक्त महावीर महाराणा सांगा के बारे में राज्यसभा में अमर्यादित व असंसदीय शब्दों का प्रयोग करने पर आमजन की जनभावनाएं आहत हुई है। वकील मंडल देसूरी ने ज्ञापन में बताया कि ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदार पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे सांसद की सदस्यता रद्द की जाए इस अवसर पर मौजूद अधिवक्ता फिरोज खान उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह गहलोत कोषाध्यक्ष, लालाराम मीणा सचिव, पंकज कुमार पुस्तकालय अध्यक्ष, श्रवण सिंह सोलंकी, सुधीर श्रीमाली,



विजयराज चौधरी, दिनेश माली, चंदन सिंह सोलंकी, नारायण सिंह, भवानी सिंह, मुकेश पुरी, वीरेंद्र सिंह, भवरी चौधरी, लाभेश दवे, मनोहर दास, प्रदीप सिंह सोलंकी, प्रदीप मीणा, लाभूराम देवासी, अजीत सिंह, देवदत्त सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाएंगे हनुमान जन्मोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** नगर के मुख्य बाजार स्थित श्री महावीर हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से श्री महावीर हनुमानजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। तय कार्यक्रम अनुसार 11 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर मुख्य बाजार में रात्रि आठ बजे संगीतमय सुंदर कांड पाठ श्री सुंदर कांड पाठ सेवा समिति सिरोही द्वारा किया जाएगा। दिनांक 12 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें प्रातः साढ़े आठ बजे मंदिर परिसर से मुख्य बाजार में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात साढ़े नौ बजे महा आरती का आयोजन जाएगा। इसके बाद सवा 10 बजे महाप्रसादी जिसमें लापसी, चना, शीतल पेय दूध से निर्मित शर्बत का वितरण किया जाएगा। बैठक में विनोद अग्रवाल, चत्रभुज शर्मा, दिलीप अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, गिरीश कुमार, पोपटलाल जैन, सतीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से की मुलाकात

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** खारवाल (खारोल) समाज के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने समाज के कोटा संभाग अध्यक्ष सत्यनारायण खारवाल के नेतृत्व में नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके राजकीय आवास 20 अकबर रोड़ नई दिल्ली में मुलाकात की। चेनाराम खारवाल सुमेरपुर ने बताया कि खारवाल खारोल समाज संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सम्पूर्ण भारतीय खारवाल खारोल समाज की ओर से माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर बहुमान किया। साथ ही समाज की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने एवं विकास करवाने के साथ रिफाइनरी से प्रभावित 198 नमक की खानो को पुनः स्थापित करने, नमक उत्पादकों का पुनर्वास करने, रिफाइनरी स्थापना वर्ष 2013 से नमक उत्पादको हुई प्रति वर्ष आय की हानि नुकसान का आंकलन कर भुगतान करने एवं नमक उद्योग से संबंधित अन्य समस्याओं का राजस्थान सरकार से समाधान करवाने, रिफाइनरी से प्रभावित नमक उत्पादकों के परिवारों एवं स्थानीय लोगों को राजस्थान सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रोजगार नीति बनाकर एच आर आर एल रिफाइनरी पचपदरा में स्थायी रोजगार प्रदान करने के साथ राजस्थान राज्य के खारवाल समाज को केंद्र ओबीसी सूची में दर्ज करवाने, गुजरात में खारवाल खारोल समाज को आरक्षण सूची में शामिल करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे। जिस पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इन समस्याओ का निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के राजकीय आवास पर उनकी ओर से खारवाल खारोल समाज संयुक्त प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के लिए स्नेह भोज का भी आयोजन हुआ। खारवाल खारोल समाज के संयुक्त प्रतिनिधियों ने विशेष अनुमति पास के माध्यम से दर्शक दीर्घा में बैठकर संसद भवन में लोकसभा सत्र की कार्रवाई भी देखी एवं प्रधानमंत्री म्यूजियम का भ्रमण भी करवाया गया। इस अवसर पर गुजरात मध्य प्रदेश अजमेर उदयपुर एवं विभिन्न क्षेत्रों के समाज प्रतिनिधियो के साथ डुंगरराम हेमावास आदि मौजूद रहें।

मध्य रेल

बाहरी सिग्नलिंग उपकरण

निविदा सूचना क्र. : डीआर.एन.सी. एसएंडटी.टेंडर.2025.01 दि. 27.03.2025

**कार्य का नाम उस के स्थान के साथ** : पनवेल में बाहरी सिग्नलिंग उपकरण की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशन का कार्य, केंद्रीय रेलवे के मुंबई डिवीजन में पनवेल-कलंबोली कोचिंग टर्मिनस। के कार्य से संबंधित है। **कार्य की औसत लागत** : रु. 5,63,44,041.63/- **जमा की जाने वाली बयाना रकम** : रु. 4,31,700.00/- **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 17.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 17.04.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड जहाँ से पूर्ण विवरण आदि देखे जा सकते हैं** : वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), तिलक पुल के पास, मध्य रेल, दादर, मुंबई - 400028 का कार्यालय। संशोधन (यदि हुआ) केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा। 869

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल

**01 सेट सेमी-ऑटोमैटिक एयर ब्रेक सिलेंडर टेस्ट पैनल का माटुंगा वर्कशॉप में डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग**

निविदा संख्या:
ईएमयू/वर्कस/बीई/टेस्ट-पैनल ब्रेक/13/12-24

उप. मुख्य विद्युत अभियंता (ईएमयू) तीसरी मंजिल, नवीन प्रशासकीय भवन, सवारी कारखाना, मध्य रेल्वे, माटुंगा, मुंबई 400019 में **01 सेट सेमी-ऑटोमैटिक एयर ब्रेक सिलेंडर टेस्ट पैनल का माटुंगा वर्कशॉप में डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग**' कार्य के लिये इ-निविदा आमंत्रित करते है। **अनुमानित लागत** ₹9,85,445.0/- **ईएमडी:** ₹19,700/-, **निविदा प्रपत्र शुल्क:** शुन्य, **समापन अवधी:** 06 माह, **निविदा जमा करने की समाप्ति दिनांक एवं समय: 29.04.2025, 15:00 बजे।** निविदा केवल ई-टेंडरिंग फॉरमेंट में वेवसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। निविदा पुस्तिका वेवसाइट पर उपलब्ध हैं।

**स.मं.वि.इं. (क.च.स्टॉक), माटुंगा** 872

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

# भाचुन्दा को ग्राम पंचायत बनाने को लेकर ग्रामवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** भाचुंदा गांव को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन जिला कलक्टर कार्यालय पानी पहुंचा कर अपनी मांग को लेकर ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि गांव भाचुन्दा व बड़गांवडा को जोड़कर एक नये पंचायत बनाने का प्रावधान चल रहा है जिसमें आज के समय को देखते हुए गांव भाचुन्दा की जनसंख्या अधिक है। गांव बड़गांवडा की जनसंख्या कम है व गांव भाचुन्दा में ग्राम पंचायत बनाने के लिए लाइट पानी व जगह भी उपलब्ध है। भाचुन्दा से बड़गांवडा का पुराना टूटा फूटा रोड बना हुआ है, जो आज भी आने जाने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। भाचुन्दा



उपतहसील तख्तगढ़ में दी गई है। इस लिए राजस्व कार्य के लिए तख्तगढ़ जाने पकी रोड़ से ग्राम का कार्य आसानी हो जाएगी। अभी ग्राम पंचायत अनोपुरा में यह तीन ग्राम शामिल हैं परंतु नया प्रावधान आया हुआ है जिसमें भाचुन्दा व बड़गांवडा को जोड़ा जा रहा है। ग्राम वासियों की मांग है की ग्राम पंचायत अनोपुरा होने से भाचुन्दा गांव के लोगों को पहले से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज तक ग्राम पंचायत अनोपुरा जाने के लिए सड़क तक कि सुविधा उपलब्ध नहीं है। मौजूद ग्रामवासी भाचुन्दा आल इण्डिया मोयला कसगर मुस्लिम कुम्हार महासभा अध्यक्ष बरकत पाली, उप सरपंच बाबुसिंह, गणपत सिंह, वीरसिंह, भंवरसिंह पुरोहित, मोहनलाल घांची सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# जीत की तलाश में गुजरात और मुंबई

## दोनों टीमों के बीच अब तक आईपीएल में 5 मुकाबले हुए



**अहमदाबाद।** जैसे-जैसे आईपीएल 2025 का कारवां आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही टूर्नामेंट का रोमांच भी बढ़ रहा है। 29 मार्च को आईपीएल 2025 का नौवां मुकाबला गुजरात टाइटन्स (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने आईपीएल में अपना आगाज हार के साथ किया है, वहीं इस मैच को जीतने पर गुजरात और मुंबई दोनों की ही निगाहें हैं। गुजरात टाइटन्स और एमआई के बीच ये मैच, शाम 7.30 बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। तो जानते हैं गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस में से कौन किस पर भारी पड़ सकता है। सबसे पहले जान लेते हैं कि गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच कितनी बार भिड़ंत हुई और कौन कितनी बार बाजी मार चुका है। दोनों टीमों के हेड टू हेड आंकड़े की बात की जाए तो इसमें गुजरात की टीम थोड़ी आगे नजर आती है। गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक 5 मुकाबले हुए हैं, जिनमें जीटी ने 3 और एमआई ने 2 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो गुजरात टाइटंस का हाईएस्ट स्कोर 233 और मुंबई इंडियंस का 218 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं इन मुकाबलों में जीटी का मुंबई इंडियंस के खिलाफ सबसे कम स्कोर 168 रन है तो वहीं मुंबई का जीटी के खिलाफ सबसे कम स्कोर 152 है। अब बात करते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 की, तो सबसे पहले देखते हैं जीटी की प्लेइंग 11, गुजरात टाइटन्स आईपीएल 2025 में शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलेगी।

### जीटी की संभावित प्लेइंग टीम

- शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, साई किशोर, कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा। जबकि शाहरुख खान और महिपाल लोमरोर इम्पैक्ट प्लेयर हो सकते हैं।
- आईपीएल 2025 के पहले मैच में शुभमन गिल, साई सुदर्शन के साथ पारी की शुरुआत करते नजर आएंगे। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और नंबर 4 पर ग्लेन फिलिप्स या राहुल तेवतिया को भेजा जा सकता है।
- एमआई की संभावित टीम
- इस मैच में मुंबई की प्लेइंग 11 में सबसे बड़ा बदलाव छठे नंबर पर देखने को मिलेगा, जहां कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी होगी। एक मैच के प्रतिबंध के कारण बाहर रहे पांड्या अब टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी वापसी के चलते रॉबिन मिन्ज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

प्लेइंग 11 रोहित शर्मा, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), विल जैक्स, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, ट्रेंट बोल्ट शामिल हो सकते हैं। जबकि रॉबिन मिंज और विग्नेश पुथुर इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेल सकते हैं। इस मैच में मुंबई की प्लेइंग 11 में सबसे बड़ा बदलाव छठे नंबर पर देखने को मिलेगा, जहां कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी होगी। एक मैच के प्रतिबंध के कारण बाहर रहे पांड्या अब टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी वापसी के चलते रॉबिन मिन्ज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

ये तो रहा टीम और प्लेइंग 11 का लेखा-जोखा अब आते हैं, पिच रिपोर्ट पर। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच की सतह आम तौर पर सपाट होती है और बाउंस सही होता है, जो इसे स्ट्रोक खेलने के लिए बहुत अनुकूल बनाता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर आम तौर पर बल्लेबाजों को फायदा होता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वैसे तो कई पिच हैं, लेकिन इसकी मेन पिच काली कपास मिट्टी से बनी है, जिसे Black Soil Pitch कहा जाता है। इस तरह की पिच गेंद को अच्छा उछाल देती है, जो बल्लेबाजों को रन बनाने में बहुत मदद करती है। अगर गेंदबाजी के नजरिए से की बात करें, तो इस पिच पर शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है, लेकिन जैसे जैसे बॉल पुरानी होती जाती है, तो स्पिनर को मदद मिलने लगती है और वो अच्छे विकेट भी निकाल लेते हैं। अब तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कुल 37 आईपीएल मुकाबले खेले गए हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 16 मैच जीते। चेज करने वाली टीम ने 20 मैच जीते। 1 मैच का कोई रिजल्ट नहीं निकला।

# प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा फेरबदल

## आरसीबी टॉप पर, एलएसजी लंबी छलांग के साथ पहुंची दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आसानी से हरा दिया। इस तरह ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को सीजन की पहली जीत मिली। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को हार का सामना करना पड़ा। बहरहाल, लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के बाद प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।



### सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका

- इस करारी के बाद पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अब सनराइजर्स हैदराबाद प्वॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर खिसक गई है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद टॉप पर काबिज थी। वहीं, पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद की हार का फायदा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को मिला। अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु टॉप पर पहुंच गई है। जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। इसके बाद तीसरे नंबर पर पंजाब किंग्स है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स प्वॉइंट्स (सीएसके) टेबल में चौथे नंबर पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पांचवें नंबर पर काबिज है। साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सातवें नंबर पर है। हालांकि, इस समय टॉप पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से सातवें नंबर पर काबिज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर के बराबर 2-2 प्वॉइंट्स हैं, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर टीमें आगे-पीछे है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस (एमआई), गुजरात टाइटंस (जीटी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को सीजन की पहली जीत का इंतजार है।

# पूरन गेंदबाजों का निकाल रहे चूरन

**नई दिल्ली।** निकोलस पूरन आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में मात्र 18 गेंदों में फिफ्टी लगा दी है। उन्होंने आईपीएल इतिहास में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। मजे की बात यह है कि आईपीएल में लखनऊ के लिए सबसे तेज फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड भी पूरन के ही नाम है। उन्होंने साल 2023 में आरसीबी के खिलाफ मैच में 15 गेंद में फिफ्टी पूरी कर ल ी थी। आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने के मामले में निकोलस पूरन सबसे आगे निकल गए हैं। इस सीजन पूरन से पहले सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड ट्रेविस हेड के नाम था। ट्रेविस हेड ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था। वहीं मिचेल मार्श ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 21 गेंद में ही फिफ्टी पूरी की थी।



# आईपीएल 2025 में चमके पुथुर, निगम और वर्मा

## मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स को कराया फायदा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में मुंबई ने विग्नेश पुथुर, दिल्ली ने विपराज निगम और हैदराबाद ने अनिकेत वर्मा को काफी सस्ते में टीम में शामिल किया था। तीनों ने ही अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। आईपीएल 2025 में विग्नेश पुथुर, विपराज निगम और अनिकेत वर्मा को उनकी टीमों ने बहुत कम पैसे खर्च कर टीम में शामिल किया था। तीनों ही खिलाड़ियों ने अभी तक अपनी-अपनी टीमों के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस ने लेफ्ट ऑर्म रिस्ट




स्पिनर विग्नेश पुथुर को सिर्फ 30 लाख रूपये में टीम में शामिल किया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने विपराज निगम को सिर्फ 50 लाख रूपये में टीम में शामिल किया था। टीम के पहले ही मैच में विपराज ने जबरदस्त पारी खेली थी। विपराज की यह पारी तब आई जब उनकी टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मुश्किल में पड़ गई थी। सनराइजर्स हैदराबाद ने सिर्फ 30 लाख में अनिकेत वर्मा को टीम में शामिल किया था। अनिकेत ने अभी तक टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

म नो रं ज न

# 'कृष 4' में ऋतिक को नई जिम्मेदारी

कृष फ्रेंचाइज़ी बच्चों से लेकर बड़ों तक की फेवरेट रही है। अब मच अवेटेड 'कृष 4' की भी तैयारी शुरू हो गई है। 'कृष 4' में ऋतिक रोशन सुपरहीरो के किरदार में तो नजर आएंगे ही वहीं वे इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी संभालेंगे। ऋतिक रोशन के पिता और फिल्म मेकर राकेश रोशन ने इसकी अनाउंसमेंट कर दी है। इसी के साथ 'कृष 4' को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी पीक पर पहुंच गई है। ऋतिक रोशन 'कृष 4' के साथ डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। अपनी मैग्नेटिक स्क्रीन प्रेजेंस और अपने काम के प्रति डेडीकेशन के लिए जाने जाने वाले, ऋतिक के निर्देशन में कदम रखने से फैंस बेहद खुश हैं। राकेश रोशन ने ऋतिक के डायरेक्शन मे डेब्यू की अनाउंसमेंट करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है। '25 साल पहले एक्टर के तौर पर किया लॉन्च अब डायरेक्टर के तौर पर'राकेश रोशन ने बेटे ऋतिक संग अपनी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, " डुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के रूप में लॉन्च किया था, और आज फिर 25 साल बाद तुम्हें दो फिल्म निर्माताओं आदित्य चोपड़ा और मेरे द्वारा हमारी सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कृष 4 को आगे बढ़ाने के लिए एक निर्देशक के रूप में लॉन्च किया जा रहा है। इस नए अवतार के लिए तुम्हें ढेरो शुभकामनाएं, विद गुड विशेज एंड ब्लेसिंग्स! " वहीं राकेश रोशन ने मीडिया से बातचीत में कहा, " "मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं जिन्होंने इस फ्रैंचाइज़ी को शुरू से ही मेरे साथ जिया, महसूस किया और इसके सपने देखे हैं ऋतिक के पास कृष की यात्रा को अगले दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक क्लियर और बहुत ही महत्वाकांक्षी विज़न है। मुझे इससे ज़्यादा गर्व की अनुभूति नहीं हो सकती कि वह एक ऐसी फ़िल्म के लिए निर्देशन की टोपी पहने हुए हैं, जिसका मतलब एक परिवार के रूप में हमारे लिए दुनिया है। कृष ने दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन किया है और ऋतिक अब इस सुपरहीरो सागा के अगले चैप्टर्स को लाएंगे और इतने साल पहले मेरे द्वारा बनाए गए विज़न को और ज्यादा ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।"





# सनी-सल्लू की घिबली आर्ट्स की तस्वीरें वायरल

आजकल घिबली आर्ट्स बहुत ज्यादा ट्रेंड में है। कई बॉलीवुड सेलेब्स के घिबली आर्ट्स बन रहे हैं। सनी देओल के जाट लुक से लेकर सलमान खान के राम मंदिर घड़ी तक का इमेज बना है।घिबली आर्ट्स से कई बॉलीवुड सेलेब्स की फोटोज बनी हैं। बॉलीवुड फिल्मों से लेकर उनके किरदारों तक सभी की फोटोज बनाई गई हैं। ये सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सनी देओल की फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। जाट के आने से पहले उसका घिबली आर्ट्स बना दिया है। इसमें सनी देओल बहुत क्यूट लग रहे हैं। शाहरुख खान बॉलीवुड के फेवरेट एक्टर्स में से एक हैं। उनके कभी खुशी कभी गम के एक सीन का घिबली आर्ट्स बना है। जिसमें वो भागते हुए नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान की फिल्म देवदास भी हिट साबित हुई थी। ये फोटो उन्हीं की फिल्म का एक सीन है। सलमान खान इन दिनों सिकंदर के प्रमोशन में लगे हुए हैं। सलमान ने हाल ही में राम मंदिर वॉच पहने हुए फोटो शेयर की थी। अब उनकी फोटो का भी घिबली आर्ट बन गया है। भूल भुलैया में राजपाल यादव ने छोटा पंडित का किरदार निभाया था। आज भी उन्हें उसी लुक से जाना जाता है। प्रभास की जब भी बात आती है तो उनकी बाहुबली याद आ जाती है। शिवलिंग कंधे पर लेकर जाते हुए नजर आए थे। उनके उस सीन का भी आर्ट बना दिया गया है। तारे जमीन पर आमिर खान की हिट फिल्मों में से एक है। ये फोटो आमिर और दर्शील सफारी की तारे जमीन पर से है।

# भाईजान की भगवा घड़ी पर ऐतराज

अभिनेता सलमान खान की श्री राम मंदिर घड़ी पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सख्त ऐतराज जताया है। मौलाना के मुताबिक शरिया में किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं है और ऐसा करना हराम माना गया है। दरअसल, सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर कीं। सलमान इस दौरान अपने हाथ में एक खास घड़ी पहने हुए हैं, जिसमें अयोध्या के श्री राम मंदिर की तस्वीर अंकित है। सलमान ने कैप्शन में लिखा, "ईद पर सिनेमाघरों में मिलते हैं।" अब ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने इसे पाप समान बताया है। वीडियो जारी कर उन्होंने बताया कि मैं शरिया के दृष्टिकोण से इस मामले को स्पष्ट करना चाहता हूं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सलमान खान एक मशहूर मुसलमान हैं और हिन्दी फिल्मों में अपने अभिनय की वजह से जाने जाते हैं। लाखों की तादाद में उनके चाहने वाले हैं। राम मंदिर के प्रचार के लिए एक घड़ी बनाई गई है। सलमान खान ने प्रचार के लिए उस घड़ी को पहन रखा है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वह सबसे पहले मुसलमान हैं। रजवी ने आगे कहा, "इस्लामी



कानून किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं देता है। यदि कोई मुसलमान इस तरह के प्रचार में शामिल होता है-चाहे वह मंदिर का हो या 'राम संस्करण' वाली घड़ी पहनकर तो शरिया के अनुसार, वह अपराध कर रहा है और उसे पाप माना जाता है। यह कार्य हराम है और उसे इससे बचना चाहिए। मैं सलमान खान को नसीहत देना चाहता हूं कि वह अपने हाथों से राम नाम एडिशन की घड़ी उतार दें।" बता दें कि सलमान खान की फिल्म सिंकदर सिनेमाघरों में ईद पर 30 मार्च को रिलीज हो रही है।

# 'फौजी' बने इमरान हाशमी

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी को पिछली बार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था। फिल्म में इमरान विलेन बने नजर आए थे। नेगेटिव रोल में भी उन्होंने सभी को काफी इंप्रेस किया था। पिछले काफी वक्त से इमरान हाशमी अपनी अपकमिंग फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में छाए हुए थे। फिल्म के मेकर्स ने अब इसका ऑफिशियल टीजर शेयर कर दिया है। टीजर में इमरान को 'फौजी' बने हुए देखा जा सकता है। इमरान की फिल्म ग्राउंड जीरो का टीजर 1 मिनट 11 सेकंड का है। इस टीजर में एक्टर एक रिलय लाइफ हीरो बने हुए नजर आ रहे हैं। इमरान ने ग्राउंड जीरो में एक आर्मी ऑफिसर का किरदार निभाया है। टीजर में इमरान के दमदार डायलॉग हैं, जो सभी का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। साहस और बलिदान की कहानी दिखाता हुआ ये टीजर काफी पसंद किया जा रहा है। टीजर की शुरुआत में ही कश्मीर के मुद्दे को उठाया गया है। कश्मीर में अशांत माहौल दिखाया गया है, जहां दिन दहाड़े आर्मी ऑफिसर को गली मार दी जाती है। इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो की कहानी रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है।



# खतरों के खिलाड़ी में गोविंदा की भांजी

रोहित शेट्टी होस्टेड शो खतरों के खिलाड़ी इन दिनों चर्चा में बना है। शो का 15वां सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है। शो को लेकर अभी तक ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। लेकिन शो में कौन-कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे इसे लेकर खबरें हैं। शो में गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की कजिन रागिनी खन्ना के होने के चांसेस हैं। रागिनी को शो के लिए अप्रोच किया गया है। वहीं टीवी स्टार्स ग्रेसी गोस्वामी को भी शो के लिए अप्रोच किया गया है। हो सकता है ग्रेसी का नाम फाइनल हो जाए। इसके अलावा बिग बॉस ओटीटी विनर 2 एल्विश यादव को भी शो का ऑफर दिया गया है। वहीं बिग बॉस 18 की फाइनलिस्ट चुम दरंग को भी शो ऑफर हुआ है। टीवी की डीवाज एरिका फर्नांडिस और सुरभि ज्योति को शो के लिए अप्रोच किया गया है। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को भी ऑफर दिया गया है। जल्द ही चीजें फाइनल हो जाएंगी। इसके अलावा गुम हैं किसी के प्यार के फेम एक्टर भाविका शर्मा और हितेश भारद्वाज को भी शो के लिए अप्रोच किया गया है। बिग बॉस 18 फेम ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा को भी ऑफर मिला है। झनक एक्टर कृषाल अहूजा की भी मेकर्स के साथ बातचीत चल रही है।



# महाराष्ट्र : 560 गौशालाओं के बैंक खातों में ₹25.44 करोड़ का अनुदान



## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया ऑनलाइन वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की 560 गौशालाओं के बैंक खातों में देशी गोवंश पोषण योजना के तहत 25.44 करोड़ का अनुदान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा ऑनलाइन जमा किया गया। यह अनुदान जनवरी, फरवरी और मार्च के तीन महीनों के लिए दिया गया है। इस योजना के तहत, प्रति गाय प्रति दिन 50/- दिए जाते हैं। पहले चरण में, महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के माध्यम से राज्य की 560 गौशालाओं में 56,569 गायों के पालन-पोषण के लिए 25.45 करोड़ की राशि वितरित की गई।

### योजना का स्वरूप एवं पात्रता

महाराष्ट्र गोसेवा आयोग में पंजीकृत गौशालाओं के लिए अनुदान उपलब्ध होगा। भारत पशुधन प्रणाली में पंजीकृत देशी गायों के पालन–पोषण के लिए 50 प्रति दिन प्रति गाय दिया जाएगा। गौशाला, गोसदन, पांजरपोळ या गोरक्षण संस्था महाराष्ट्र गोसेवा आयोग में पंजीकृत होनी चाहिए। संस्था को कम से कम तीन वर्षों का गो–संगोपन का अनुभव होना चाहिए। गौशाला में कम से कम 50 गोवंशीय पशु होने चाहिए। ईयर टैगिंग (कानों पर पहचान टैग) अनिवार्य है। संस्था का राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता होना चाहिए।

### देशी गोवंश का संरक्षण समय की मांग

- फडणवीस ने महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के इस कार्य की सराहना की और कहा कि देशी गोवंश का संरक्षण समय की जरूरत है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने इस योजना का लाभ अधिक से अधिक गौशालाओं को देने के लिए आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना की।

### योजना की आवश्यकता और उद्देश्य

- देशी गायों की उत्पादन क्षमता कम होने के कारण उनका पालन–पोषण आर्थिक रूप से लाभदायक नहीं माना जाता। भाकड़ (गैर–उत्पादक) गायों का रखरखाव भी पशुपालकों के लिए मुश्किल होता है, जिसके चलते वे इन्हें गौशालाओं में रखते हैं। ऐसे गौशालाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए महाराष्ट्र गोसेवा आयोग ने गोवंश पोषण योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रति गाय प्रति दिन 50/– का अनुदान दिया जाता है। महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदडा ने बताया कि अब तक इस योजना से 560 गौशालाओं को सीधा लाभ मिला है। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष शेखर मुंदडा, राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### पंकजा मुंडे ने की आयोग की प्रशंसा

- पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे ने भी आयोग के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना देशी गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला

# राजस्थान को समृद्ध और विकसित बनाने कृत संकल्पित : भजनलाल

- भीलवाड़ा में राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव
- 10 हजार करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण
- पत्रकारों के लिए 'राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना' का शुभारंभ




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारे लिए सुशासन का मंत्र है। विकास और सुशासन के इस संकल्प में जनता का साथ हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान को एक समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित विकास एवं सुशासन उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान के एकीकरण में अपना अमूल्य योगदान देने वाली महान विभूतियों को, विशेष रूप से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को नमन करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही राजपूताना की रियासतों का एकीकरण संभव हो सका।

### आमजन को मिलीं सौगातें

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा–निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। नए जिलों में डीएमएफटी के गठन, हरित अरावली विकास परियोजना, अन्नपूर्णा भण्डार, रजिस्ट्रार कार्यालय सप्ताह में 2 दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुलने के दिशा–निर्देश जारी किए। इस अवसर पर सभी जिलों की पंचगौरव पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

### सुशासन लोकतंत्र की रीढ़ : देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि 30 मार्च 1949 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही वृहद् राजस्थान का गठन हुआ था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनातन संस्कृति की परंपरा को कायम करते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने की सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि सुशासन लोकतंत्र की रीढ़ है और अच्छी नीति व नीयत के साथ ही सुशासन स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश एमओयू हुए हैं, जिससे प्रदेश विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

### राजस्थान वीरों की भूमि : बैरवा

उपमुख्यमंत्री डा. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है। मुख्यमंत्री की पहल पर साप्ताहिक कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान दिवस का वृहद स्तर पर आयोजन हो रहा है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के भगीरथ प्रयासों से डबल इंजन की सरकार प्रदेश में प्रगति के पथ पर नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

### अटल ई-गवर्नेंस स्टेट अवार्ड

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन, जिला कलक्टर डूंगरपुर अंकित कुमार सिंह, शासन सचिव कार्मिक के.के. पाठक, महानिदेशक साइबर क्राइम शरद कविराज, महानिदेशक बीकानेर रेंज ओमप्रकाश को अटल ई–गवर्नेंस स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

### पत्रकार हेल्थ कवरेज योजना

शर्मा ने कहा कि पत्रकार हमारे लोकतंत्र के प्रहरी और चौथा स्तंभ हैं। विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में उनकी भूमिका अहम है। उनके श्रम और समर्पण को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ने पत्रकार हेल्थ कवरेज (आरजेएचएस) योजना का शुभारंभ किया है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी, लादूलाल पितलिया, गोपाल लाल शर्मा, गोपी चंद मीणा, उदयलाल भड़ाना, जब्बर सिंह सांखला, लालाराम बैरवा, शत्रुघ्न गौतम, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वहीं, विभिन्न जिलों से जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी वीसी के माध्यम से जुड़े।

# प्रवचन श्रुततीर्थ ने किया मुख्य लाभार्थी बाबूलाल भंसाली का सम्मान

- शंखेश्वर श्रुतसाधना वर्षावास आनंदोत्सव का दिया आमंत्रण
- बाबूलाल भंसाली को बनाया वरिष्ठतम सलाहकार



**मुंबई।** शंखेश्वर महातीर्थ जैनविश्व की ऊर्जाभूमि प्रवचन श्रुततीर्थ में शंखेश्वर श्रुतसाधना वर्षावास आनंदोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आचार्य विजय पूर्णचंद्र सूरीश्वरजी मसा एवं आचार्य विजय मुक्तिप्रभ मसा आदि 150 से अधिक श्रमण-श्रमणी भगवंत के पावन सान्निध्य में चातुर्मास आयोजित किया जाएगा। उद्योगपति, भामाशाह एवं गौभक्त बाबूलाल भंसाली एवं परिवार इस आयोजन के मुख्य लाभार्थी हैं। चातुर्मास आयोजक संघपति-मुख्य लाभार्थी हाड़ेचा निवासी बाबूलाल मिश्रीमल भंसाली एवं परिवार को संस्था द्वारा उनके निवास स्थान पर जाकर ससम्मान आमंत्रित किया गया। भंसाली बतौर मुख्य अतिथि सपरिवार इस पवित्र कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जवाहरभाई मोतीलाल शाह (अध्यक्ष), मुक्तिभाई मोरकिया, जीतेंद्र भाई जैन, समकित संघवी, यश दोशी, राजूभाई शाह, दिनेश भाई शाह सहित सभी ट्रस्टियों ने पगड़ी, श्रीफल, मुक्ताहार पहनाकर उनका सम्मान किया एवं आगामी चातुर्मास के लिए उनको आमंत्रित किया।

### भारत के सबसे बड़े दानवीर : शाह

प्रवचन श्रुततीर्थ के अध्यक्ष जवाहर मोतीलाल शाह ने इस अवसर पर कहा कि, बाबूलाल भंसाली बहुत ही उदार एवं दानवीर हैं। मैं बहुत ही अभिमान के साथ यह स्वीकार करता हूं कि भंसाली के जितना दान भारत में कोई नहीं करता है। आचार्य भगवंतों के साथ ही एक हजार श्रावक–श्राविकाएं इस आने वाले वर्षावास के दौरान चातुर्मास कर रहे हैं। भंसाली ने इसके लिए बहुत बड़ा दान दिया है। शाह ने कहा कि, समस्त ट्रस्टीगणों की सलाह एवं अनुमति से बाबूलाल भंसाली को प्रवचन श्रुततीर्थ का वरिष्ठतम सलाहकार घोषित करता हूं। इससे समस्त समाज का गौरव बढ़ेगा।

### गुरुवरों का चातुर्मास प्रवेशोत्सव

पू. गुरुवरों का चातुर्मास प्रवेशोत्सव वि.सं. 2081, आषाढ़ सुद–10, शनिवार 5 मई 2025 को गाजे–बाजे के साथ भक्तिपूर्वक होगा।

## राजस्थान में झुलसाने वाली गर्मी का दौर शुरू!

**जयपुर।** राजस्थान में तापमान लगातार बढ़ रहा है। कई इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया है। हालांकि, न्यूनतम तापमान अभी भी करीब 10 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आने वाले 48 घंटों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान जताया है। इसके साथ ही राज्य में आने वाले 4-5 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# प्रदेश की सभी जेलों में चलाया जाएगा सघन तलाशी अभियान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएमआर पर गृह विभाग की समीक्षा बैठक में जेल विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेल परिसर में अपराधियों की ओर से मोबाइल फोन इस्तेमाल की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदेश की सभी जेलों में पुलिस और मजिस्ट्रेट की ओर से नियमित एवं औचक तलाशी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जेलों में अवांछित सामग्री मिलने पर संबंधित जेल प्रशासन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने ऐसे प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कर जेल में अवैध सामग्री पहुंचाने वाले नेटवर्क में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की जिन जेलों का स्थान परिवर्तन किया जाना है, उनके लिए शीघ्र कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने जेल परिसर में आधुनिक प्रणाली के मोबाइल जैमर लगाने सहित जेल प्रशासन में लंबित चल रही अन्य विभागीय कार्यवाहियों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल परिसर में नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए, ताकि न्यायालय में अपराधी की पेशी वीसी के माध्यम से कराई जा सकें। सीएम ने प्रदेश की जेलों में आवश्यकता अनुरूप सीसीटीवी कैमरों की संख्या में वृद्धि करते हुए जेल परिसर में निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# जयपुर में होगा अब एक ही मेयर



## नगर निगम के सीमा विस्तार में 78 गांव शामिल

**जयपुर।** राज्य सरकार ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज के सीमा विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इसमें तीन उपखंडों के 78 गांवों को जोड़ने का फैसला किया है। इसी के साथ अब जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज के लिए एक ही मेयर चुने जाने का फैसला भी किया गया है। राजधानी के शहरी विकास को लेकर अब एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। राज्य सरकार ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज की सीमा विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के बाद अब जयपुर नगर निगम क्षेत्र में तीन उपखंडों के 78 नए गांव जोड़े गए हैं। इसके साथ ही करीब 30 साल बाद पहली बार नगर निगम की सीमा का विस्तार हुआ है, जो जयपुर के विकास में नया अध्याय जोड़ेगा। पिछले दिनों जयपुर जिला निर्वाचन शाखा ने 80 गांवों को नगर निगम क्षेत्र में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार कर स्वायत्त शासन विभाग के माध्यम से राज्य सरकार को भेजा था। इस पर यूडीएच मंत्री के साथ विचार-विमर्श के बाद 78 गांवों को ही शामिल करने का निर्णय लिया गया। नगर निगम सीमा विस्तार के साथ ही जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज के 250 वार्डों का पुनर्गठन कर अब नए 150 वार्ड बनाए गए हैं। खास बात यह है कि इस बार दोनों निगमों में अलग-अलग मेयर नहीं होंगे, बल्कि दोनों के लिए एक ही मेयर चुना जाएगा। साथ ही सभी वार्डों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया गया है और इस पर आमजन से 17 अप्रेल तक सुझाव और आपत्तियां मांगी गई हैं। बता दें कि जयपुर नगर निगम का गठन वर्ष 1994 में हुआ था, जब इसे जयपुर नगर परिषद से अपग्रेड किया गया था। उस समय 70 वार्ड बनाए गए थे। पहली बार 2004 में पुनर्गठन कर वार्डों की संख्या 70 से बढ़ाकर 77 कर दी गई थी। इसके बाद 2014 में एक बार फिर पुनर्गठन कर 91 वार्ड कर दिए गए, लेकिन निगम की सीमा में कोई विस्तार नहीं किया गया था। साल 2019 में तत्कालीन गहलोत सरकार ने जयपुर नगर निगम को दो हिस्सों में बांटते हुए नगर निगम ग्रेटर और नगर निगम हैरिटेज बना दिए थे।

# राजस्थान में इस बार जुलाई में प्रवेशोत्सव

**जयपुर।** राजस्थान में सरकारी विद्यालयों में हर साल 1 मई से शुरू होने वाला प्रवेशोत्सव इस बार स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय समान परीक्षा योजना के तहत कक्षा 9 और 11 की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिससे परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। नई योजना के अनुसार, वार्षिक परीक्षाएं 24 अप्रेल से शुरू होकर 8 मई तक चलेंगी, जिसके बाद परीक्षा परिणाम तैयार किया जाएगा। इस वजह से इस बार प्रवेशोत्सव जुलाई में आयोजित किया जाएगा। राज्य के सरकारी विद्यालयों में 17 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। इसके बाद जुलाई में स्कूल खुलने पर ही प्रवेशोत्सव की शुरुआत होगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस बार परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव के कारण प्रवेशोत्सव को मई की बजाय जुलाई में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में इस शैक्षणिक सत्र से कक्षा 9 और 11 के लिए राज्य स्तरीय समान परीक्षा योजना लागू की गई है। इसके तहत पूरे प्रदेश में एक ही समय पर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा, कक्षा 1 से 4 एवं कक्षा 6 से 7 की परीक्षाएं भी राज्य स्तरीय परीक्षा के समानांतर विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएंगी। शिक्षा विभाग के अनुसार, परीक्षा परिणाम तैयार करने और ग्रीष्मावकाश के कारण प्रवेशोत्सव में बदलाव किया गया है। इससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी, बल्कि उन्हें पर्याप्त समय मिलेगा। वहीं, नए शिक्षा सत्र की शुरुआत भी सुचारू रूप से हो सकेगी।

# राजस्थान के सीएम को फिर मिली जान से मारने की धमकी


**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा को फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। यह चौथी बार है, जब उन्हें धमकी मिली है। इस बार धमकी भरा फोन कहीं और से नहीं बल्कि बीकानेर सेंट्रल जेल के एक कैदी ने किया। घटना सामने आने के बाद हड़कंप मच गया, क्योंकि सीएम को पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। फिलहाल आरोपी का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक ये फोन कॉल आदिल नामक शख्स ने किया है। उसे बीकानेर की सेंट्रल जेल पहुंचकर पकड़ लिया गया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पुलिस इस बात को जानने में जुटी हुई है कि



## बीकानेर सेंट्रल जेल से आदिल गिरफ्तार

आखिर आदिल ने ऐसा क्यों किया? जेल में उसके पास मोबाइल फोन कैसे पहुंचा, इस बात की भी छानबीन की जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक आदिल को बीकानेर की सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। मोबाइल फोन और आदिल की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह के निर्देशन में हुई है। इसके साथ ही उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की भी बात सामने आई है। बताया गया कि आदिल पहले भी अपनी नस काटने की कोशिश कर चुका है। पाली में रहने वाले आदिल पर हत्या का आरोप है। इसी सिलसिले में वह जेल में बंद है। उसे तीन महीने पहले जोधपुर जेल से बीकानेर जेल में शिफ्ट किया गया था। अब तक धमकी मिलने की वजह सामने नहीं आई है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि धमकी देने की वजह उसकी मंशा प्रशासन में फेरबदल करना था। ताकि उसके साथ जो अधिकारी सख्ती बरतते हैं, उन्हें शिफ्ट कर दिया जाए।

# ड्राइवर ने चुराए 16 लाख के हीरे एवं कैश, गिरफ्तार



गोवा जाकर कैसिनो में उड़ाए पैसे

**– अश्वनी कुमार चौधरी**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में अपने मालिक की कार से हीरे के गहने और नकदी चोरी करने वाले एक ड्राइवर को गोवा से गिरफ्तार किया गया है। चोरी के माल की कुल कीमत लगभग 16 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी इंदुलुरी रंगा रेड्डी (43) पिछले चार महीनों से पीड़िता के यहां ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। इस दौरान उसने पीड़िता की दिनचर्या पर नज़र रखी और चोरी की योजना बनाई। पुलिस ने उसके पास से हीरे का नेकलेस, एक जोड़ी हीरे की बालियां और 50 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, 24 मार्च को ग्रेटर कैलाश पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें ग्रेटर कैलाश-1 (GK-I) स्थित पहाड़ीवाल गुरुद्वारे के सामने खड़ी एक लॉक्ड कार से गहनों की चोरी की सूचना दी गई थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि हीरे के नेकलेस और बालियों के अलावा, कार से 1.3 लाख रुपए नकद भी चोरी हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसके दौरान यह पता चला कि चोरी के बाद से ही रंगा रेड्डी लापता था और उसका मोबाइल फोन भी बंद था। इसके बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें रेड्डी को कार से सामान चुराकर भागते हुए देखा गया।

### आरोपी ने कबूली वारदात

पूछताछ के दौरान रेड्डी ने बताया कि वह पहले गुरुग्राम में रह रहा था और नौकरी की तलाश में दिल्ली आया था। यहां उसे ड्राइवर की नौकरी मिली और उसने अपने मालिक की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी। योजना के तहत उसने 24 मार्च को पीड़िता की कार से गहने और नकदी चुरा लिए और तुरंत हवाई अड्डे पहुंचकर चोरी के पैसों से गोवा का टिकट बुक किया। गोवा जाकर कैसीनो में चोरी के पैसे उड़ाए और ऐशो–आराम की ज़िंदगी बिताने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस की सतर्कता के चलते वह ज्यादा समय तक बच नहीं पाया और उसे पकड़ लिया गया।

एक परिवार की अनूठी पहल

# 12 सदस्यों ने एक साथ की देहदान की घोषणा



- तीन पीढ़ियों में दादा, पिता, पोते के साथ पुत्रवधु भी शामिल
- प्रदेशभर में सराहना, देहदान के जरिए मानव सेवा का संदेश

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की अमी मोहम्मद शाह की बस्ती के लुभावास निवासी धोखलोनी एवं कनाणी परिवार ने देहदान की घोषणा करते हुए अनूठी मिसाल कायम की है। एक ही परिवार के 12 सदस्यों ने शुक्रवार को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल अधीक्षक डा.बी. एल.मंसूरिया को विधिवत देहदान घोषणा पत्र सौंपे। देहदान की घोषणा करने वालों में 72 साल के बुजुर्ग 72 साल, 28 साल के पोते के साथ कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। बाड़मेर जिले की धनाऊ पंचायत समिति के अमी मोहम्मद शाह की बस्ती के लुभावास गांव निवासी धोखलोनी एवं कनाणी परिवार ने मानव सेवा के संकल्प को साकार करते हुए देहदान की घोषणा की है। एक ही परिवार के 12 सदस्यों ने शुक्रवार को देहदान के संकल्प पत्र मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ बीएल मंसुरिया को सौंपे। देहदान की घोषणा करने वालों में कमला देवी, गुड्डी देवी, वीरो देवी, शांति देवी, रुपो देवी, वीरो देवी, रतनाराम सेजू, व्याख्याता त्रिलोकाराम सेजू, अध्यापक डालूराम सेजू, शंकरलाल सेजू, मनमोहन सेजू,रायमल राम सेजू शामिल है।

### सबसे वरिष्ठ की आयु 72 वर्ष

इसमें सबसे बुजुर्ग रतनाराम सेजू और वीरो देवी है, जो कि 72 साल के है। जबकि सबसे युवा 28 वर्षीय गुड्डी देवी है। देहदान की घोषणा करने वालों में तीन पीढी के सदस्य दादा, पिता एवं पोते के साथ पुत्रवधु तथा कुछ अन्य महिलाएं शामिल है।

### राजस्थान में पहला मौका

यह राजस्थान में पहला मौका है, जब एक साथ इतनी तादाद में एक ही परिवार के लोगों ने देहदान करने की पहल की है। उनके मुताबिक बाड़मेर जिले में देहदान एवं अंगदान को लेकर खासी जागरुकता आई है। यह राजस्थान में पहला मौका है जब इतनी तादाद में एक ही परिवार के लोगों ने देहदान का संकल्प लिया है।

### अन्य लोगों को मिलेगी प्रेरणा

इससे मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों को मानव शरीर संबंधित प्रायोगिक परीक्षण में मदद मिलेगी। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। देहदान की घोषणा करने वाले रतनाराम सेजू ने बताया कि उनका परिवार सामाजिक सुधार के कार्यों में तत्पर रहता है। कुछ समय पूर्व उन्होंने मृत्युभोज जैसी कुरीति पर अंकुश लगाने की पहल की थी।